आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या 04:01 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 25 जून 2025
वर्ष 6, अंक 215, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस 14

अमेरिका-यूरोप से व्यापार समझौते जल्द 12

## रेलवे की 1 जुलाई से यात्री किराये में वृद्धि की तैयारी

- स्लीपर श्रेणी में एक और एसी में दो पैसे प्रति किमी होगी बढ़ोत्तरी
- सामान्य दर्जे में 500 किमी तक की यात्रा में कोई वृद्धि नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे के लंबी दूरी के यात्री किरायों में एक जुलाई से मामूली वृद्धि हो सकती है। सूत्रों ने आज यहां बताया कि रेलवे ने एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस गाड़ियों के स्लीपर श्रेणी के किराये में एक पैसा प्रति किलोमीटर तथा वातानुकूलित श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की वृद्धि करने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों के अनुसार साधारण अनारक्षित श्रेणी के टिकट की दरों में 500 किलोमीटर तक की दूरी की यात्रा के लिए कोई वृद्धि नहीं होगी जबकि 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए किराये की दर आधा पैसा प्रति किलोमीटर बढ़ाये जाने का प्रस्ताव है। उपनगरीय और मासिक या त्रैमासिक सीज़न टिकट की दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। इससे पहले रेलवे के यात्री किरायों में वर्ष 2014 में वृद्धि की गई थी। सभी श्रेणियों के यात्री किराये में 14.2 प्रतिशत और माल भाड़े में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी जो उस साल 25 जून से प्रभावी हो गई थी।

## प्रत्येक गांव के नियत दायरे में हो ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा: शाह

**गृह मंत्री ने वाराणसी में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में दिए निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मुख्य सचिवों को ग्राम पंचायतों के राजस्व बढ़ाने और इसके लिए नियम बनाने के निर्देश दिए। मंगलवार को वाराणसी के तॉज होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने कहा कि पंचायतों के राजस्व बढ़ने से ही पंचायती राज व्यवस्था और अधिक कारगर होगी। प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा देने की बात कही।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उक्त राज्यों के मुख्य सचिवों ने शिरकत की। बैठक में राष्ट्रीय महत्व के व्यापक विषयों सहित कुल 19 मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव के नियत दायरे में ब्रिक-एंड-मोर्टार बैंकिंग सुविधा और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का कार्यान्वयन जैसे मुद्दे शामिल रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय परिषद के सभी राज्य बच्चों में कुपोषण दूर करने, ड्रॉप-आउट रेशियो को जीरो करने और सहकारिता को सुदृढ़ बनाना सुनिश्चित करें। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मध्य क्षेत्रीय परिषद के राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैठक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम के अभिनंदन का प्रस्ताव रखा गया, जिसका परिषद ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया।



वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ यूपी, एमपी और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री।

### धामी ने कुंभ के लिए मांगा सहयोग

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़क, संचार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अधिक सहयोग का आग्रह किया। ग्लेशियर अध्ययन केंद्र, जैव विविधता संरक्षण संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा। नंदा राजजात यात्रा (2026) और 2027 के कुंभ मेले हेतु केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया।

### देश ने हर क्षेत्र में पहचान बनाई : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के यशस्वी नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित 11 साल का कालखंड नई प्रेरणा देता है। भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में नई पहचान बनाई। उन्होंने यूपी की विभिन्न योजनाओं और प्रगति की विस्तार से जानकारी साझा की। कहा कि यूपी देश का ग्रोथ इंजन बन गया है।

## एक नजर

### कुएं में जहरीली गैस से तीन लोगों की मौत

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले में मंगलवार को एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन व्यक्तियों की संदिग्ध जहरीली गैस से मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना धरनावदा गांव की है जहां छह व्यक्ति एक बछड़े को बचाने के लिए कुएं में उतरे थे। गुना कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि घटना पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुई। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बछड़े को बचाने के लिए छह लोग कुएं में उतरे थे। उनमें से तीन की मौत हो गई, जबकि दो अन्य को गंभीर हालत में बचा लिया गया और उन्हें गुना जिला अस्पताल ले जाया गया। छह में से केवल एक व्यक्ति ही सुरक्षित निकले। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम दृष्टया तीनों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड गैस की वजह से हुई।

### गैंगस्टर रोमिल वोहरा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**नई दिल्ली।** हरियाणा में कई हत्याओं और दिल्ली में हथियार मामलों में वांछित गैंगस्टर मंगलवार तड़के दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। मृतक की पहचान हरियाणा में यमुनानगर निवासी रोमिल वोहरा के रूप में की गई है। वह यमुनानगर में एक तिहरे हत्याकांड और कुरुक्षेत्र में एक हत्या मामले समेत आठ से अधिक मामलों में वांछित था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद सिंह कुशवाह ने बताया कि रोमिल शस्त्र अधिनियम से संबंधित मामलों में भी वांछित था।

# सीजफायर के बाद भी ईरान इजराइल ने दागीं मिसाइलें

## ट्रंप की ओर से जंग रुकने की घोषणा के चंद घंटे के भीतर टूटा संघर्ष विराम

- धमाकों की आवाज से दहला बीरशेबा व तेल अवीव, 4 लोगों की मौत और 20 घायल
- इजराइल ने ईरान की ओर से मिसाइल दागे जाने का किया दावा, ईरानी सेना का इनकार

बीरशेबा (इजराइल), एजेंसी

इजराइल-ईरान जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार सुबह सीजफायर का ऐलान किया। हालांकि यह कुछ घंटों में ही टूट गया। ईरान की ओर से दागी गई मिसाइल इजराइल के बीरशेबा शहर में एक इमारत पर गिरी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। ईरानी हमले के जवाब में इजराइल ने तेहरान में एक रडार साइट पर हमला किया। इजराइली आर्मी रेडियो ने हमले की पुष्टि की है।

ताजा हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करके ईरान पर हमला रोकने को कहा। दोनों देशों के बीच जारी जंग के 12वें दिन, मंगलवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सीजफायर पर सहमति बनने का ऐलान किया था। उन्होंने एक और पोस्ट किया और लिखा- अभी से सीजफायर लागू होता है, कृपया इसे न तोड़ें।

मंगलवार सुबह तेल अवीव ने दावा किया कि एक दूसरे के खिलाफ हमले नहीं करने को लेकर बनी सहमति के दो घंटे बाद उसके हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागी गई हैं और वह जवाबी कार्रवाई करेगा। ईरान की सेना ने इजराइल पर मिसाइल दागने से इनकार किया। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने मिसाइल हमलों को संघर्षविराम का उल्लंघन बताया और इजराइल की सेना को तेहरान पर हमला करने का निर्देश दिया। इस अस्थायी समझौते की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार की सुबह की, जब ईरान ने सोमवार को कतर स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर जवाबी मिसाइल दागी थीं। संघर्ष विराम शुरू होने के बीच इजराइल ने भोर से पहले ईरान भर में हवाई हमलों की बौछार कर दी।



मिसाइल हमले में इजराइल के बीरशेबा शहर में क्षतिग्रस्त इमारतें।

### इजराइली विमान अब हमला नहीं करेंगे : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल अपने लड़ाकू विमानों को वापस बुलाने जा रहा है और ईरान पर हमला करना बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को उनका युद्धविराम कुछ समय स्थगित रहने के बाद प्रभावी हो गया। ट्रंप ने दोनों पक्षों पर युद्ध विराम का पालन करने का दबाव डालते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, इजराइल ईरान पर हमला नहीं करने जा रहा है। सभी विमान वापस लौट जाएंगे। किसी को भी नुकसान नहीं होगा, युद्ध विराम प्रभावी है! ट्रंप ने कहा कि वह ईरान में शासन परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, क्योंकि वहां अस्थायी युद्ध विराम लागू हो गया है।

**श्री नारायण गुरु-महात्मा गांधी की वार्ता के शताब्दी समारोह में बोले प्रधानमंत्री**

# भारतीयों का खून बहाने वालों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं : मोदी

- कहा-ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट किया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत का सख्त रुख दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है और उनकी सरकार राष्ट्रीय हित में जो भी कदम उचित हों, उठाती है। आध्यात्मिक संत और समाज सुधारक श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच बातचीत के शताब्दी समारोह के अवसर पर मोदी ने देश का नाम लिए बिना कहा कि भारत में निर्मित हथियारों ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष के दौरान अपना प्रभाव दिखाया। उन्होंने कहा कि हमने दिखाया है कि भारतीयों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आध्यात्मिक संत श्री नारायण गुरु के आदर्शों पर काम किया है, जो भेदभाव से मुक्त मजबूत भारत चाहते थे। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार ने सामाजिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्रों में भारत को मजबूत बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता कम हो रही है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर किए गए सटीक हमलों के संदर्भ में कहा कि भारतीय सेना ने 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।



नई दिल्ली के विज्ञान भवन में श्री नारायण गुरुदेव और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्ता के शताब्दी समारोह में शामिल प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### हमने वंचित-पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया

प्रधानमंत्री ने आवास, पेयजल और स्वास्थ्य बीमा सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि इनसे समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, इससे पहले की तुलना में अधिक संख्या में आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे संस्थान खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि नारायण गुरु ने सभी तरह के भेदभाव से मुक्त समाज की परिकल्पना की थी। आज, देश भेदभाव की हर संभावना को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्किल इंडिया' जैसे मिशन युवाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी वह समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों की बेहतरी के लिए बड़े फैसले लेते हैं, तो समाज सुधारक को याद करते हैं।

## पीएफ खाते से अब 72 घंटे में निकाल सकेंगे 5 लाख रुपये

- सरकार ने ऑटो सेटेलमेंट के तहत कर्मचारियों को दी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) खातों से अग्रिम निकासी के दावों के स्वतः निपटान (ऑटो सेटेलमेंट) की सीमा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की मंगलवार को घोषणा की। इस कदम से सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सदस्य तीन दिन के भीतर पांच लाख रुपये तक की अपनी अग्रिम वापसी के दावों को प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

फिलहाल स्वतःनिपटान माध्यम से तीन दिनो के भीतर एक लाख रुपये तक के दावों का निपटान हो सकता है। मांडविया ने कहा कि ईपीएफओ ने अपने सदस्यों को खासकर तत्काल जरूरतों के समय में त्वरित कोष पहुंच देने के लिए अग्रिम दावों के स्वतः निपटान की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा के विस्तार से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लाखों सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। ईपीएफओ ने कोविड-19 महामारी के समय पहली बार ऑनलाइन स्वतः निपटान व्यवस्था शुरू की थी।

## बेहिसाब नकदी बरामदगी में क्यों दर्ज नहीं हुई प्राथमिकी

- जस्टिस वर्मा मामले में संसदीय समिति ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंगलवार को संसदीय समिति की बैठक में कई सांसदों ने पूछा कि यहां एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आवास से बेहिसाबी नकदी बरामद होने के मामले में कोई प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई और समिति ने न्याय विभाग से इस मामले पर एक विस्तृत नोट तैयार करने को कहा।

सांसदों ने न्यायाधीशों के लिए एक आचार संहिता की भी मांग की तथा कहा कि उच्च न्यायपालिका के न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद पांच वर्ष की अवधि तक कोई सरकारी कार्यभार नहीं लेना चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय संबंधी संसदीय समिति की बैठक में विभिन्न दलों के सांसदों ने इस मुद्दे को उठाया।

## प्रमुख हवाई अड्डों पर ढेरों खामियां

- अहमदाबाद हादसे की पृष्ठभूमि में डीजीसीए ने कई हवाई अड्डों पर कराई पड़ताल

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि प्रमुख हवाई अड्डों पर की गई निगरानी में विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में कई खामियां सामने आई हैं। नियामक ने कहा कि इनमें कई ऐसे मामले शामिल हैं, जहां विमान में खामियां फिर से दिखाई दीं और रनवे पर केंद्र रेखा का निशान धुंधला हो गया था।

अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पृष्ठभूमि में की गई जांच में उड़ान संचालन, उड़ान योग्यता, रैंप सुरक्षा, हवाई यातायात नियंत्रण, संचार, नेविगेशन प्रणाली व उड़ान पूर्व चिकित्सा मूल्यांकन जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया था। नागर विमानन महानिदेशालय ने एयरलाइन कंपनियों या किसी अन्य इकाई का नाम लिए बिना कहा कि निगरानी के दौरान, एक एयरलाइन की घरेलू उड़ान घिसे हुए टायरों के कारण रुकी हुई पाई गई। एक सिम्युलेटर विमान की बनावट से मेल नहीं खा रहा था। संयुक्त महानिदेशक के नेतृत्व में दो दलों ने दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों सहित प्रमुख हवाई अड्डों पर रात और सुबह के समय निगरानी की। इस दौरान बैगेज ट्रॉली जैसे उपकरण खराब पाए गए। अनुपयोगी थ्रस्ट रिवर्सर प्रणाली और फ्लैप स्लैट लीवर को लॉक नहीं किया गया था। विमान में कई जीवन रक्षक जैकेट उनकी निर्धारित सीट के नीचे ठीक से नहीं रखे गए थे।

## अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को आज रवाना होंगे शुभांशु



**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला बुधवार 25 जून को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) रवाना होंगे। एक्सिओम-4 बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार तड़के 2:31 बजे अमेरिका से उड़ान भरेगा। एक्सिओम-4 गुरुवार सुबह सात बजे आईएसएस पर पहुंचेगा। इसके तहत चार सदस्यीय चालक दल 14 दिनों के मिशन पर होगा और लगभग 60 अनुसंधान करेगा। इस दल के आईएसएस पर रहने के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा किए जाने वाले सात प्रयोग शामिल हैं। प्रक्षेपण स्थानीय समय के अनुसार 2:31 बजे और भारतीय समयानुसार बुधवार/गुरुवार को 12:01 बजे होने की संभावना है।

## निपाह वायरस का पता लगाएगी पोर्टेबल किट

- पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान ने किया विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल प्वाइंट-ऑफ-केयर किट विकसित की है।

एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इस्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा कि हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।

निपाह वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों (फ्रूट बैट) के माध्यम से फैलता है और भारत में कई बार इसका प्रकोप देखा जा चुका है। पचास प्रतिशत से अधिक मृत्यु दर के साथ, यह सबसे घातक वायरल रोगों में से एक है।

## सीडीएस दे सकेंगे तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है।

# देश के पूंजीगत व्यय में यूपी की 16 .3% हिस्सेदारी का अनुमान

**2024-25 में भी टॉप कंट्रीब्यूटर रहे यूपी की नए साल में भी खास रहेगी उपलब्धि**

- रिपोर्ट में लगातार दूसरे साल गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश व कर्नाटक से आगे यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देश के विकास इंजन के तौर पर मजबूती से उभर रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के कुल पूंजीगत व्यय में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 16.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो देश के सभी राज्यों में सर्वाधिक है। यह लगातार दूसरा वर्ष होगा जब गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और कर्नाटक से पूंजी व्यय में यूपी टॉप पर रहेगा।

पूंजीगत व्यय का अर्थ उस धनराशि से है जो सरकारें स्थायी परिसंपत्तियों जैसे कि सड़कें और राजमार्ग, विद्यालय, अस्पताल आदि के निर्माण या अधिग्रहण पर खर्च करती हैं। सरल शब्दों में यह वह खर्च है जो सरकार भविष्य की सुविधा और विकास के लिए करती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में देश के 26 राज्यों का कुल पूंजीगत व्यय 10.2 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष 8.7 लाख करोड़ रुपये था। रिपोर्ट के मुताबिक, उत्तर प्रदेश (16.3%), गुजरात (9.4%), महाराष्ट्र (8.3%), मध्य प्रदेश (8.1%) और कर्नाटक (7.6%) ये पांच राज्य मिलकर देश के कुल पूंजीगत व्यय का 50% से अधिक हिस्सा खर्च करेंगे। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में भी यूपी ने सबसे अधिक 16.9% पूंजीगत व्यय किया था। इसके बाद महाराष्ट्र (10.9%), गुजरात (8.1%), मध्य प्रदेश (7.5%) और ओडिशा (6.4%) थे।

### निवेशकों के लिए पहली पसंद बना यूपी

योगी सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में की गई रणनीतिक योजना, निवेशक सम्मेलन, लॉजिस्टिक हब निर्माण, एक्सप्रेस-वे और एयरपोर्ट्स का विस्तार जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने राज्य को पूंजीगत निवेश के मामले में देश का सिरमौर बना दिया है। यूपी इंडस्ट्रियल डिफेंस कॉरिडोर, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और गंगा एक्सप्रेस-वे जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स भी इसके प्रमुख उदाहरण हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और कानून-व्यवस्था में सुधार के चलते यूपी घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान मिले भारी निवेश प्रस्ताव अब धरातल पर उतर रहे हैं। जिससे राज्य का पूंजीगत व्यय बढ़ा है और युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### राजस्व में भी यूपी अव्वल

रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में कुल 26 राज्यों की प्राप्तियां 10 .6% बढ़कर 69 .4 लाख करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्तियां 12 .3% और पूंजीगत प्राप्तियां 6 .6% बढ़ने की संभावना है। उत्तर प्रदेश यहां भी सबसे आगे रहेगा, जो अकेले 13 .3% राजस्व का योगदान देगा। इसके बाद महाराष्ट्र (11 .3%), मध्य प्रदेश, कर्नाटक और राजस्थान (5 .9% प्रत्येक) रहेंगे।

# जलभराव से निजात दिलाने को 6 करोड़ का ड्रेनेज प्लान

## शहर में विकसित होगा जल निकासी का तंत्र, नगर निगम ने तैयार किया है प्लान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** हर साल बारिश के मौसम में शहर की सड़कें तालाब बन जाती हैं, गलियां जलमग्न हो जाती हैं और लोग घरों में कैद होकर रह जाते हैं। अब नगर निगम ने इस समस्या से निजात दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। करीब छह करोड़ रुपये की लागत से नई ड्रेनेज योजना तैयार की गई है, जिसमें से तीन करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। योजना पर काम शुरू कर दिया गया है और कुछ ही दिनों में इसके नतीजे जमीन पर नजर आने की उम्मीद है।

नगर निगम के अनुसार, शहर में जल निकासी की वर्तमान व्यवस्था तकनीकी रूप से कमजोर है। नालों की ऊंचाई, गहराई और ढलान का संतुलन नहीं होने से पानी का बहाव रुक जाता है। इससे थोड़ी सी बारिश में भी जलभराव की स्थिति बन जाती है। इस नई योजना के तहत नालों की बनावट को मानकों के अनुसार सुधारा जाएगा, उनकी गहराई और चौड़ाई को आबादी के हिसाब से पुनर्निर्धारित किया जाएगा। सड़कों और नालों की ऊंचाई को संतुलित किया जाएगा, जिससे जल निकासी बाधित न हो। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के इंजीनियर शहर में बने सभी नालों और गलियों का सर्वे कर रहे हैं। इसके अलावा जनसंख्या के हिसाब से नालों की चौड़ाई और गहराई का मानक तय किया जा रहा है। जहां जलभराव की स्थिति बनती हैं। वहां पर नालों की ढलान को ठीक किया जा रहा है। नाले के लेवल को मिलाया जा रहा है।



अजीजगंज में पांच दिन पहले हुई बारिश के बाद भरा पानी। ● अमृत विचार

- नगर निगम ने शुरू कराया सर्वे जल्द धरातल पर दिखेगा असर हर साल बारिश में होती है परेशानी
- अजीजगंज, सुभाष नगर, इंदिरा नगर सहित कई इलाकों में भरता है पानी

> जनता को जलभराव से बचाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम तैयार किया जा रहा है। शासन से तीन करोड़ रुपये भी जारी हो चुके हैं
> — **आशीष त्रिवेदी**, अधिशासी अभियंता निर्माण, नगर निगम

**ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष फोकस :** जलभराव से सबसे ज्यादा प्रभावित अजीजगंज, बरेली मोड़, सुभाष नगर, इंदिरा नगर और खर्रा-खन्नौत नदी के डूब क्षेत्र में बसे इलाकों पर विशेष फोकस किया गया है। इन क्षेत्रों में बारिश के दौरान गली-मोहल्ले जलमग्न हो जाते हैं, जिससे लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता है।

### अजीजगंज कॉलोनी बनी जलभराव का गढ़

अजीजगंज क्षेत्र में पिछले दिनों की बारिश के बाद जलभराव से लोगों की जीवनशैली प्रभावित हो गई। गंदा पानी गलियों में भरने से चलना-फिरना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि नगर निगम और पार्षद को कई बार शिकायत दी, लेकिन नतीजा शून्य रहा। कीचड़ और सड़ांध के कारण लोग बीमारियों के खतरे में जीने को मजबूर हैं। नगर निगम द्वारा इस दिशा में उठाए गए कदमों से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले वर्षों में शाहजहांपुर को जलभराव की समस्या से राहत मिल सकेगी।

### जलभराव के मुख्य कारण

- बारिश के पानी की उचित निकासी व्यवस्था का न होना
- तालाबों और जल निकासी क्षेत्रों पर अवैध कब्जे
- खुदाई और गड्ढों से बाधित सड़कें
- नालों की नियमित सफाई का न होना

# संपर्क मार्ग न बनने पर एबीवीपी का प्रदर्शन



नायब तहसीलदार अपूर्वा को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** लखनऊ-पलिया नेशनल हाईवे पर कोरोकुईया गांव के पास संपर्क मार्ग न बनाए जाने को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने नाराजगी जताई। मंगलवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नायब तहसीलदार अपूर्वा को डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

- छात्रों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर मांगा संपर्क मार्ग

जिला संयोजक योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि कोरोकुईया गांव के पास नेहरू इंटर कॉलेज और मुमताज मेमोरियल एकेडमी स्थित हैं। यहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। हाईवे पर सीधे उतार-चढ़ाव के कारण विद्यार्थियों को सड़क पार करने में भारी खतरा बना रहता है।

ऐसे में यहां संपर्क मार्ग बनवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संपर्क मार्ग के निर्माण से न केवल छात्रों बल्कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को लाभ होगा। प्रदर्शन में योगेंद्र, रौनक, आशुतोष, संदीप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जलालाबाद, तिलहर में होगी बाढ़ से बचाव की मॉकड्रिल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रभारी अधिकारी आपदा अरविंद कुमार ने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए आपदा पर मॉक ड्रिल एक्सरसाइज-2025 का आयोजन 26 जून को सुबह 9 :00 बजे तहसील सदर, तिलहर, जलालाबाद एवं कलान में किया जाएगा। तहसील सदर के हनुमत धाम, तिलहर के चिती बोझी घनश्यामपुर, जलालाबाद के कसारी कलां गांव एवं तहसील कलान के पृथ्वीपुर ढाई गांव में मॉक एक्सरसाइज की जाएगी। बाढ आपदा से बचाव मॉक ड्रिल एक्सरसाइज के समय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, लोक निर्माण, पुलिस, अग्निशमन एवं इमरजेंसी सर्विस, विद्युत, राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग एनसीसी/नेहरू युवा केंद्र/प्रांतीय रक्षा दल, होमगार्ड एवं जनपद में चयनित आपदा मित्र उपस्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त एनडीआरएफ और पीएसी की भी एक टीम मॉक में प्रतिभाग करेगी।

### अब टीवी के मरीज छह माह तक खाएगे दवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा राजेश कुमार राष्ट्रीय क्षय रोग दिवस पर टीवी रोगी को दवाई देकर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि टीवी के रोगियों को काफी लंबे समय तक 9 से 11 माह एवं 18 से 20 तक दवा खानी पड़ती थी। इतने लंबे समय तक रोगी को दवा खाने में परेशान हो जाते थे। अब टीवी के रोगी छह माह तक बिगड़ी टीवी दवा खाकर स्वस्थ हो सकेंगे। अब लंबे समय तक दवाई नहीं खानी पड़ेगी। इस अवसर पर डा अंकिता वर्मा, डा शुभम जैन, आशीष श्रीवास्तव, रंजीत सक्सेना, मनोज कुमार, अवन यादव आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन के मंडल अध्यक्ष पदमुक्त

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के मंडलीय अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता को तमाम अनियमितताओं के चलते मंडलीय अध्यक्ष के पद से मुक्त कर दिया गया है। यह जानकारी जिला महामंत्री सत्य प्रकाश तिवारी ने दी। उन्होंने बताया महामंत्री बीके तिवारी द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में उल्लेख किया गया है कि अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष की सहमति से बरेली मंडल के अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता निवासी शाहजहांपुर पदमुक्त किया गया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई संगठन के निर्देशों का पालन न करने के साथ-साथ मनमाने ढंग से कार्य करने सहित सामंजस्य स्थापित न कर पाने के अलावा सदस्यता शुल्क जमा न करने और जनपदीय पदाधिकारियों से तालमेल न बिठा पाने के चलते की गई है। इसके साथ ही उनकी प्राथमिक सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है।

# भैंसी नदी के किनारों पर लगेंगे पौधे

**पुवायां, अमृत विचार:** भैंसी नदी में खुदाई कार्य का निरीक्षण कर वन क्षेत्राधिकारी ने नदी की पटरी पर दोनों ओर पौधारोपण कराने पर विचार किया। वर्षाकाल में जल्द ही इस कार्य को शुरू कराया जाएगा।

भैंसी नदी की खुदाई का काम लगभग अंतिम चरण में है। वन क्षेत्राधिकारी वीरेश राव ने मीरपुर व झरसा पहुंचकर नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नदी क्षेत्र में पटरी पर वृक्षारोपण कराने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने बताया कि विकास खंड पुवायां क्षेत्र में आने वाले क्षेत्र में सिंधौली रेंज द्वारा व विकासखंड बण्डा क्षेत्र में आने वाले नदी के दोनों किनारों पर खुटार रेंज के द्वारा वृक्षारोपण कराया जाएगा। जिसमें फलदार, शोभकार व जंगली प्रजाति के वृक्ष लगाए जाएंगे। इस दौरान पौधरोपण के साथ ही ट्री गार्ड भी बनवाए जाएंगे, जिससे उनकी सुरक्षा हो सके। इसके अलावा दोनों क्षेत्रों के खण्ड विकास अधिकारियों को नदी पटरी पर वृक्षारोपण के बाहर फेंसिंग कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें लगभग 18 किलोमीटर के दायरे में पुवायां व शेष क्षेत्रफल में बण्डा ब्लॉक के द्वारा फैंसिंग कार्य कराया जाएगा। इस दौरान भाजपा नेता विपिन मिश्रा ने भी नदी क्षेत्र पर मौजूद रहे।



नदी क्षेत्र का निरीक्षण करते वन विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

- विकास विभाग कराएगा फैंसिंग का कार्य

# महुआ पिमई में कुत्ते को खींच ले गया तेंदुआ

**खुटार, अमृत विचार:** गांव किनारे घर में सिख फार्मर के पिटबुल डॉग को तेदुएं ने अपना निवाला बना लिया।

क्षेत्र के गांव महुआ पिमई में बीती रात गांव किनारे रह रहे किसान नक्षत्र पाल सिंह रात खाना खाने के बाद आराम कर रहे थे। उनका पालतू कुत्ता पिटबुल झाले के गेट पर टहल रहा था। अचानक खेतों की ओर से आया तेंदुआ उनके कुत्ते की गर्दन पकड़ कर खींचकर ले जाने लगा। जब तक हो हल्ला मचाया तब तक तेंदुए ने कुत्ते की गर्दन काट कर उसे अपना निवाला बना डाला। नक्षत्र पाल टॉर्च व लाठी डंडा लेकर तेंदुए को भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन तेंदुआ कुत्ते को अपना निवाला बनाता रहा। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर तेंदुए की ओर दौड़ाया तो वह भाग गया। ग्रामीणों ने खुटार वन क्षेत्राधिकारी को सूचना दी। सूचना पर वन दरोगा प्रभात कुमार ने मौके पर पहुंचकर तेंदुए के पग चिन्ह ट्रेस किए और ग्रामीणों को सचेत रहने की हिदायत दी।

वन दरोगा ने ग्रामीणों को बताया कि सभी लोग सुबह शाम जागते रहे और अपने जानवरों को सुरक्षित जगह पर ही रखें और रोशनी की व्यवस्था बनाए रखें। उधर ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ कई दिनों से गांव के किनारे ही चहल कदमी करता नजर आ रहा है। जिसकी सूचना कई बार वन विभाग को दी गई लेकिन कोई भी वनकर्मी काम्बिंग करने की जरूरत नहीं समझ रहा है। जिससे कोई अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है।

### मड़ई गांव की बिजली काटी

जैतीपुर। बिजली विभाग की ओर से बिल वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अवर अभियंता नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम ने मड़ई गावँ में चेकिंग की। गांव में 50 कनेक्शन धारक हैं। किसी का भी बिल न जमा होने के कारण एक दर्जन से ज्यादा के कनेक्शन काटे गए। उसके बाद ट्रांसफार्मर से गांव के अंदर जाने वाली सप्लाई काट दी गई।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन का फाल्ट तलाश नहीं कर पाए इंजीनियर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में सीटी स्कैन मशीन कई दिन से खराब है। कंपनी के लखनऊ से आए इंजीनियर फाल्ट ढूंढ नहीं पाए और वापस लखनऊ चले गए। इधर बिजली की लाइन में कुछ गड़बड़ी बताई जा रही है। मेडिकल कालेज प्रशासन ने विद्युत अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा है और कोई कर्मचारी देखने के लिए नहीं आया है। कई दिन से मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजकीय मेडिकल कालेज में मरीजों की सुविधा के लिए सीटी स्कैन मशीन लगी है। यहां मरीजों को सीटी स्कैन निशुल्क होता है। जबकि निजी अस्पताल में अधिक फीस पड़ती है। इधर एक सप्ताह से सीटी स्कैन मशीन खराब पड़ी है। डाक्टर मरीज को सीटी स्कैन के लिए लिखते है, लेकिन मशीन खराब होने पर वापस लौट जाते है। जिन मरीजों को सीटी स्कैन की अधिक जरूरत होती है, वह निजी अस्पताल से कराकर डाक्टर को अपनी रिपोर्ट दिखा देते है। लखनऊ से कंपनी के इंजीनियर मशीन को ठीक करने के लिए मेडिकल कालेज में आए थे। उन्होंने दो और तीन दिन तक फाल्ट तलाश किया और नहीं मिला। इंजीनियर ने बताया कि कहीं बिजली की लाइन का फाल्ट है। मेडिकल कालेज प्रशासन ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को लाइन चेक करने के लिए पत्र लिखा है। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने मेडिकल कालेज जाकर फाल्ट तलाशने की जरूरत नहीं समझी है। एक सप्ताह से सीटी स्कैन न होने से मरीज काफी परेशान है। सीएमएस डा नेपाल सिंह ने बताया कि बिजली अधिकारी को पत्र लिखा गया है।

- कई दिन से मशीन बंद, बिजली विभाग को लिखा गया पत्र

# रेलवे स्टेशन पर एनाउंस सिस्टम खराब होने से यात्री हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय में ट्रेनों की जानकारी के लिए लगा एनाउंस सिस्टम रात में एक घंटे के लिए खराब हो गया। इस दौरान यात्रियों को सही जानकारी न मिलने से वे परेशान हो गए। कई यात्रियों की ट्रेन तक छूट गयी। सिस्टम खराब होने का कारण यहां लगे कई यूपीएस हैं जो गर्म हो जाते हैं और इनके ठंडा होने के लिए एसी नहीं लगे हैं।

स्टेशन पर प्लेटफार्म एक पर पूछताछ कार्यालय में कंप्यूटर, कई यूपीएस लगे है। पूछताछ कार्यालय में एसी और कूलर नहीं लगे है। इससे यूपीएस गर्मी में और गरम हो जाते है। सोमवार की रात डेढ़ बजे कंप्यूटरीकृत एनाउंस सिस्टम अचानक बंद हो गया। यात्रियों को ट्रेनों की जानकारी नहीं हो पा रही थी। प्लेटफार्म एक और तीन पर कौन सी ट्रेन आ रही है। इस दौरान पूछताछ कार्यालय पर यात्रियों की भीड़ लग गयी। यात्रियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी से कहा ट्रेनों के बारे में एनाउंस नहीं हो रहा है। कर्मचारी ने कहा कि सिस्टम कुछ खराब हो गया। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्रियों की ट्रेनें छूट गयी। कर्मचारी ने एक घंटे बाद अपने प्रयास से सिस्टम को ठीक कर लिया। इधर सुबह पौने सात बजे सिस्टम फिर गड़बड़ हो गया था और अचानक ट्रेनों के एनाउंस होना बंद हो गया था। कर्मचारियों ने बताया कि पूछताछ कार्यालय में पहले कूलर रखा था और जो सिस्टम को सही रखता था। पूछताछ कार्यालय में रखा गया कूलर का अता-पता नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि मंडल कार्यालय से कूलर की डिमांड की गयी है।



पूछताछ कार्यालय पर खड़े यात्री

- एक घंटे सिस्टम रहा खराब, गर्मी में यूपीएस हो जाते है गर्म, कूलर हटा लिया गया

### प्लेटफार्म पर कम हैं स्पीकर

स्टेशन के प्लेटफार्म एक, दो, तीन और चार व पांच पर ट्रेनों की जानकारी के लगाए एनाउंस के स्पीकर कम लगे है। पूरब और पश्चिम दिशा की प्लेटफार्म के आखिरी छोर पर खड़े यात्रियों को सुनाई नहीं देता है कि कौन सी ट्रेन आ रही है। जब ट्रेन प्लेटफार्म पर आ जाती है तो ट्रेन की जानकारी होती है। यात्रियों ने मांग की है कि स्पीकर बढ़ाए जाए।

### प्लेटफार्म दो और तीन पर संकेत बोर्ड नहीं

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म दो व तीन और चार व पांच पर कोई संकेत बोर्ड नहीं लगा है। प्लेटफार्म एक पर मुख्य द्वार से यात्री आता है तो उसे जानकारी नहीं हो पाती है कि प्लेटफार्म दो, तीन, चार व पांच कौन सा है। प्लेटफार्म पर कोई बोर्ड नहीं लगा है। यात्री प्लेटफार्म पर भटकते है। प्लेटफार्म दो और तीन पर इलेक्ट्रानिक घड़ी भी नहीं लगी है।

## सार-संक्षेप

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जताया विरोध



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली, भत्ते बहाल किए जाने, कैशलेस ईलाज की सुविधा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया खोलते हुए सीधे भर्ती किए जाने समेत 12 सूत्रीय मांगों को लेकर खिरनीबाग रामलीला मैदान में राज्य कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से एक दिवसीय भूख हड़ताल व सत्याग्रह किया गया। सत्याग्रह के बाद कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से नायब तहसीलदार अपूर्वा को दिया। कर्मचारियों ने समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने की आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्ञानेश बाजपेयी, राजेश पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा, जयपाल सिंह, दिवाकर अवस्थी, विनोद मिश्रा, गिरिजेश गुप्ता, पिंकी, रीता, सरोजिनी, संजय कनौजियास ब्रजेश मिश्रा, शिव कुमार गंगवार आदि मौजूद रहे।

### बंदियों को नशा न करने की दिलाई प्रतिज्ञा



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला जेल में बंदियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। हरियाणा से पहुंचीं प्रशिक्षिका पिंकी सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने कहा कि नशा एक बुराई है, जोकि व्यक्ति को आर्थिक सामाजिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर करती है और यहां तक की अंतत : मृत्यु सैया पर ले जाती है। उन्होंने जेल में निरुद्ध बंदियों व स्टाफ को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में समझाया। बताया कि किस प्रकार नशे से बचा जा सकता है। इसको लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी बंदियों को प्रतिज्ञा भी दिलाई के कोई भी बंदी जेल से छूटने के बाद नशे की लत में नहीं पड़ेगा और कम से कम एक व्यक्ति को नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक बनाएगा और उसका नशा छुड़वाएगा।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने कारागार में सभी स्टाफ और बंदियों को नशे के दुष्प्रभाव का नशा छोड़ने की तकनीक के बारे में समझाया।

### गोंड वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित दी। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल की अध्यक्षता में किया गया और महारानी दुर्गावती के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, विजय सिंह, रामसूरत यादव, अवधेश कुमार पाल, विकास चंद्र एडवोकेट, संतोष कुमार पाल, हफ़ीज़ अंसारी, दुर्गेश कुमार गुप्ता, श्याम सिंह यादव, विपिन यादव, मोहसिन खान, अतुल मौर्य, फहीम खान, मोनू कुरेशी, सुनील यादव, अनिल दास, सैयद शकील मियां, मानवेंद्र सिंह यादव, रामनिवास यादव,अरशद खान आदि मौजूद रहे।

### मर्जर के विरोध में उतरा पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों के मर्जर के विरोध में उत्तर प्रदेश जूनियर हाई पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उतर आया है। संगठन ने इस संबंध में जारी शासनादेश को रद्द करने की मांग की है। इसको लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष मगरे लाल और महामंत्री विश्राम सिंह की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि 16 जून को एक शासनादेश जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को पास के बड़े विद्यालय में पेयर कर दिया जाए। मर्जर को पेयर जैसी नई शब्दावली का नाम दिया गया है। शिक्षार्थी एवं शिक्षकों के विरूद्ध यह निर्णय किसी भी प्रकार से उचित एवं व्यवहारिक नहीं है। इस कारण इस निर्णय का विरोध किया जाना आवश्यक है। प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर जारी शासनादेश को निरस्त किये जाने के संबंध में 27 जून को जनपद के सभी विकास खंडों पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को दोपहर 1 :00 बजे दिया जाएगा।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

पॉंच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है। ...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना के उप निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि अभियुक्त बाबू एक किशोरी को छह माह पहले अगवा करके ले गया था। किशोरी की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी बाबू को जमालपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना के उप निरीक्षक मोहम्मद फरमान ने बताया कि एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि आरोपी अवनीश निवासी रामचंद्र मिशन ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे और 15 हजार रुपये ले लिए थे। आरोपी के परिवार वालों ने कहा था कि दहेज देने पर ही शादी होगी। पुलिस आरोपी अवनीश को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। अभियुक्त पर पहले से तीन मुकदमे दर्ज है।

### शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र को एक युवक से 25 मार्च को शादी तय हुई थी। युवती की उससे फोन पर बातचीत होने लगी। मई माह में एक शादी समारोह में युवक मिला। उसका आरोप है कि युवक ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। अब उससे शादी के लिए कहा गया तो शादी करने से मना कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना के उप निरीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि अभियुक्त नेमचंद्र निवासी डभौरा थाना तिलहर और राहुल पाल निवासी कपसेड़ा थाना तिलहर के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने दोनों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया है।

### अफीम समेत गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना के उप निरीक्षक गौरव कुमार ने सोमवार की शाम हुलासनगला पुल के निकट एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 245 ग्राम अफीम बरामद की है। पकड़ा गया अभियुक्त श्यामजी निवासी आतिशबजान थाना कटरा है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### मंदिर से घंटे चोरी

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव नौगवां गोविंदपुर में तिलहर दातागंज मार्ग पर श्री बालाजी हनुमान का मंदिर है। पुजारी विश्राम दास में बताया कि सोमवार रात करीब रात साढ़े 8 बजे करीब दो लोग बाइक से आए और मंदिर का ताला तोड़ दिया। ताला तोड़ने के बाद मंदिर में टंगा बड़ा घंटा व 15 घंटे अन्य भी तोड़ लिए। इसी दौरान गांव के कुछ लोग खेत रखवाली के लिए जा रहे थे, उन्हें आता देख चोर बाइक व घंटे लेकर भाग गए।

# युवक पर फायरिंग, एक गोली कंधे में लगी

## मदनापुर के रामनगर गांव में मंदिर के पास सोने के विवाद में हमलावर हुए आरोपी

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर में सोमवार की रात मंदिर के पास सो रहे युवक पर कुछ दबंगों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। युवक के कंधे में एक गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

घायल युवक की पहचान अनिल कुमार के रूप में हुई है, जो बदायूं जिले के गांव शैदापुर निवासी है और पिछले दो महीनों से अपने ननिहाल रामनगर गांव में रह रहा था। सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह मंदिर के पास चारपाई डालकर सो रहा था, तभी गांव के ही मनीराम, कुंवरपाल,



घायल अनिल कुमार। ● अमृत विचार

● गांव में पुलिस फोर्स तैनात, सोते समय घेरकर चलाईं गोलियां, गांव में दहशत, आरोपी फरार

राहुल, अरविंद, पवन, राजा, राम सिंह समेत कई लोग असलहों के साथ वहां पहुंचे और उसे घेर लिया।

**पुलिस ने दिखाई तत्परता, गांव में तैनात फोर्स :** घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर प्रयांक जैन व थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### गालियों के बाद फायरिंग शुरू

पीड़ित के मामा ऋषीपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका भांजा अनिल कुमार मंदिर के पास चारपाई डालकर सोते है। गांव के मनीराम उसके भांजे से बुराई मानता था और कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका था। सोमवार की रात अनिल मंदिर के पास चारपाई पर लेटा हुआ था। तभी उक्त लोग असलहा आदि लेकर आए और उसके भांजे को घेर लिया। आरोपी उसके भांजे को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भांजे को गोली मारकर घायल कर दिया। एक गोली अनिल के कंधे में लगी जबकि अन्य गोलियां मकान और चारपाई के आसपास चलीं। गोलियों की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

### ग्रामीणों में भय का माहौल

घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि आरोपियों ने चारों ओर से घेरकर कई राउंड फायरिंग की, गनीमत रही कि एक ही गोली अनिल को लगी। यदि गोलियां किसी और को लगतीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

> तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> — विश्वजीत प्रताप सिंह, थाना प्रभारी मदनापुर

# गर्भवती महिला ने कुंडे में फंदा लगाकर दी जान, कमरे का दरवाजा अंदर से था बंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला बाबूजई में एक गर्भवती ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद करके पंखे के कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। महिला के ससुराल वाले अजीजगंज में एक रिश्तेदार के यहां तेरहवीं में गए थे। ससुराल वाले लौटकर आए तो उसका शव लटका हुआ देखा। मायके वालों का आरोप है कि दहेज के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित किया करते थे। इधर मृतका के पति का कहना है कि किसी से फोन पर बात करती थी इसी पर उसको डांट दिया था।

चौक कोतवाली के मोहल्ला बाबूजई निवासी सुमित की शादी डेढ़ साल पहले 22 वर्षीय स्वाति निवासी शाहाबाद जिला हरदोई के साथ हुई थी। सोमवार की

● पति ने फोन पर बात करने पर डांट दिया था, मायके वालों का आरोप ससुराल वाले करते प्रताड़ित

शाम पांच बजे उसका पति और अन्य लोग मोहल्ला अजीजगंज में एक रिश्तेदार के यहां तेरहवीं में स्वाति को घर पर छोड़कर गए थे। इसी बीच स्वाति ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और पंखे के कुंडे से लटक कर जान दे दी । सुमित परिवार वालों के साथ रात साढ़े दस बजे अजीजगंज से अपने घर आया। उसने देखा कि मकान का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। उसने स्वाति को आवाज दी । उन्होंने देखा कि एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और उसकी पत्नी स्वाति फंदे से लटकी हुई थी। ससुराल वालों ने दरवाजा तोड़ा और देर रात स्वाति को मेडिकल कालेज लेकर आए। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह पांच माह की गर्भवती थी। इधर सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह देर रात मौके पर गए और जानकारी की। इधर फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना करके नमूना लिया। सूचना पर मृतका के मायके वाले पहुंच गए। सुमित ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी किसी युवक से फोन पर बात करती थी और उसे डांट दिया था। इसी को लेकर पति-पत्नी में विवाद होता था। मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इसी लिए उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# वकील के घर से नगदी व लाखों के जेवर चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जिले में चोरी की वारदातें थम नहीं रही है। चोरों ने एक वकील के घर को निशाना बना लिया। चोर मकान में घुस गए और अलमारी का लॉक तोड़ दिया। चोर नगदी समेत लाखों रुपये का जेवर चुराकर ले गए। परिवार सुबह सोकर उठे तो देखा कि कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। चोरी सीढ़ी लगाकर मकान में घुसे थे। रोजा पुलिस ने मौका मुआयना किया।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहम्मदी रोड पर स्थित ग्रीन सिटी कालोनी निवासी सत्यपाल सिंह अपने परिवार के साथ रविवार की रात में सो रहे थे। चोर उनके मकान में घुस आए। चोरों ने एक कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ दिया। चोर अलमारी में नगदी, जेवर आदि सामान चुराकर ले गए। परिवार के लोग अगले दिन सुबह उठे तो देखा कि एक कमरे में सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी। अलमारी में रखा नगदी और जेवर गायब था।

● सीढ़ी लगाकर चोर घुसे थे, चोरी की जानकारी सुबह हुई

उन्होंने रोजा थाना पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिपाहियों के साथ मौके पर गए और जांच की। मकान स्वामी सत्यपाल सिंह ने बताया कि चोर अलमारी में रखे 65 हजार रुपये, सोने का बड़ा पैडल, एक छोटा पैडल, एक जोड़ी झाले और तीन जोड़ी चांदी की पायल ले गए है। उन्होंने बताया कि चोर सीढ़ी के सहारे मकान की छत से घुसे है और सीढ़ी राजकुमार गुप्ता की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस चोरों की सुरागरसी में लगी है।

### कांट में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

शाहजहांपुर। चौक कोतवाली के मोहल्ला अकब मस्जिद कांच निवासी ज्ञान प्रकाश सोनी ने कांट थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी है कि उनकी कस्बा कांट में सराफा की दुकान है। रविवार की रात में चोरों ने दुकान के शटर तोड़ दिए। तिजोरी का सामान दुकान में बिखरा पड़ा था। चोर 1500 रुपये, सोने और चांदी के जेवर चुराकर ले गए। उनकी दुकान से कुछ दूरी पर कांट के शहजाद हुसैन की मोबाइल की दुकान के भी शटर तोड़कर नगदी, मोबाइल आदि सामान चुराकर ले गए। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# साध्वी प्राची के गनर पर हमला करने वाला एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** साध्वी प्राची के गनर पर हमला करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घायल गनर का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। साध्वी ने बरेली जाकर गनर का हालचाल लिया और आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस अफसरों से फोन पर बात की । पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ीपुर डिबिया निवासी रामरहीस ने बताया कि 21 जून की सुबह उसका भाई झनकार सिंह पर खेत पर जाते समय रास्ते में गांव के रामनिवास ने उसके भाई पर फायर किया था। उसी समय गांव के जगवीर, आकाश,



बरेली के अस्पताल में परिवार वालों से बात करतीं साध्वी प्राची। ● अमृत विचार

उदयवीर, प्रमोद, विनोद ट्रैक्टर लेकर आए। आरोप है कि उसके भाई झनकार सिंह पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया, जिससे उसका भाई घायल हो गया था। झनकार सिंह को मृत समझकर आरोपी ट्रैक्टर लेकर भाग गए थे। मामले की रिपोर्ट दर्ज है। परिवार वालों ने घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची को गनर के घायल होने की जानकारी हुई तो उन्होंने बरेली के अस्पताल में जाकर हालचाल लिया। घायल झनकार सिंह साध्वी प्राची के चार साल पहले प्राइवेट गनर

● घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर बरामद, साध्वी प्राची अधिकारियों से फोन पर की बात

थे। रामरहीस ने बताया उनको बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है और आरोपी गांव में खुले आम घूम रहे है। साध्वी प्राची ने यहां के पुलिस अधिकारियों से फोन पर आरोपियों के संबंध में बात की। उन्होंने खुदागंज पुलिस से भी फोन पर बात की थी। उप निरीक्षक शिव मोहन ने मंगलवार की सुबह आरोपी उदयवीर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। टीम में उप निरीक्षक सुमित कुमार आदि थे।

# ताले तोड़तक चोरों ने उड़ाए लाखों के जेवर व नकदी

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** कमरों के ताले तोड़ कर चोरों ने लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी कर ली। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

गांव इस्माईलपुर नबादा निवासी राजेश कुमार शर्मा और प्रभाकर शर्मा सोमवार की शाम कमरों में ताले लगाकर परिवार के साथ छत पर सोने चले गए। सुबह तड़के उठी महिलाओं ने कमरों के ताले टूटे देखे तो चोरी का पता लगा। कमरों में अलमारियां खुली पड़ी थीं और सामान बिखरा पड़ा था। गांव में खबर फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मांग टीका, झुमकी, अंगूठी, चेन, टॉप्स, कर्धनी, पायल, खड़ुआ आदि लाखों रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवर, चांदी की कटोरी, सिक्कों समेत करीब 65 हजार की नगदी चोर उड़ा ले गए।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक



चोरी के बाद बिखरा पड़ा समान।

जुगल किशोर पाल पुलिस टीम के साथ पहुंचे और मौके का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को बुलवाया। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस को चोरी की तहरीर दी गयी है।

# प्रधान प्रतिनिधि ने जहर खाकर जान दी

**बंडा, अमृत विचार:** प्रधान प्रतिनिधि ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बंडा के गांव भांभी निवासी 45 वर्षीय रामदास ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार दोपहर बाद करीब दो बजे शारदा नहर की पटरी पर गांव के समीप ही कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया । जब वह नहर के किनारे उल्टियां कर रहा था तभी किसी राहगीर ने उसके घर पर मामले की जानकारी दी । सूचना मिलते ही परिवार वाले उसे बंडा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । रामदास अपने गांव में ग्राम प्रधान के सारे कार्यभार देखा करता था । उसकी मौत से उसकी पत्नी माया देवी, पुत्र राजू, अमन, रवि और पुत्री सपना का रो रो कर बुरा हाल है । इधर मामले की सूचना बंडा पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।



मृतक रामदास।

# खंड शिक्षाधिकारी के पक्ष में आया पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर के समर्थन में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उतर आया है। संगठन के पदाधिकारियों ने बीएसए को ज्ञापन देकर बीईओ के पीछे पड़े संगठनों पर सवाल उठाए हैं। संगठन की ओर से कहा गया है कि गलत आरोप लगाकर बीईओ को परेशान किया जा रहा है। आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही गलत आरोप लगाने वालों की भी जांच कराई जाए।

बीएसए के नाम दिए ज्ञापन में तिलहर शाखा के अध्यक्ष प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष अमर बहादुर और मंत्री बृज मोहन यादव समेत तमाम शिक्षकों ने कहा है कि तिलहर में कार्यरत वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार की सकारात्मक सोच, सक्रिय कार्य शैली से ब्लॉक तिलहर के विद्यालयों में अच्छा परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शिक्षकों के

● बीएसए को ज्ञापन देकर उठाए कई सवाल
● कहा गलत आरोप लगाकर बीईओ को किया जा रहा परेशान

शोषण पर प्रतिबंध लगा है, शिक्षक शिक्षिकाओं के सभी अवकाश ससमय स्वीकृत हो रहे हैं। वेतन समय से प्राप्त हो रहा है। गत वर्षो में तिलहर के कुछ एक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं का मानसिक-आर्थिक शोषण अधिकारियों से मिल कर कराया जाता था, लेकिन वर्तमान बीईओ की ओर से गलत कार्यों में लिप्त शिक्षकों व पदाधिकारियों पर प्रतिबंध लगाया गया। ऐसे पदाधिकारियों की ओर से उन पर मिथ्या आरोप लगाकर परेशान किया जा रहा है।

कुछ एक संगठन के पदाधिकारियों द्वारा उनके ऑफिस में गाली गलौज की गई। उन्हें मारने पीटने का प्रयास किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ थाना तिलहर में तहरीर दी गयी। जिसमें उपजिलाधिकारी तिलहर उन्हें डांट फटकार कर समझौता करा दिया। भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो हिदायत दी गयी। दुर्भावना से आये दिन संगठन की ओर से बीईओ के खिलाफ धरना प्रदर्शन व उच्च अधिकारियों को गुमराह कर प्रार्थना पत्र दिये जा रहे हैं, जो गलत हैं। बीईओ तिलहर ब्लाक के विद्यालयों को निपुण बनाने में पूरी तरह लगे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिताओं मे जिला में तिलहर का प्रथम स्थान आया, लगातार खेल प्रतियोगिताओं में तिलहर ब्लाक का प्रथम स्थान आ रहा है। जो अध्यापक विरोध कर रहे हैं उनकी जांच करा ली जाये तो उनकी समस्त कमियां उजागर हो जाएगी। उप्रजूहा स्कूल शिक्षक संघ शाखा तिलहर ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी तिलहर के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना अनुचित होगा।

# घरेलू विवाद में गोली मारकर की आत्महत्या

**बंडा, अमृत विचार:** घरेलू विवाद के चलते व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बंडा क्षेत्र के गांव नरायनपुर गंगा निवासी 55 वर्षीय हरदेव सिंह गिल ने मंगलवार सुबह करीब नौ बजे ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनका परिवार में ही कुछ आपसी विवाद चल रहा था, जिसको लेकर वह कई दिनों से परेशान चल रहे थे। कई बार आपसी बातचीत होने के बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा था, जिससे आहत होकर उन्होंने खुद की गर्दन पर राइफल से अपने ही कमरे में गोली मार ली। लेकिन परिवार वाले इस मामले में कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक का इकलौता पुत्र जितेंद्र कनाडा में रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह भी अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका ।



हरदेव सिंह गिल

**पौधरोपण या फोटोशूट ?** तहसील परिसर में उजागर हुई हरित योजनाओं की सच्चाई

# तीन साल में एक भी पौधा नहीं बना पेड़

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** पर्यावरण बचाने के बड़े-बड़े दावे, हर साल पौधारोपण की होड़ और अफसरों की चमचमाती तस्वीरें मगर नतीजा शून्य। यह हकीकत है कलान तहसील परिसर की, जहां तीन साल पहले स्थानांतरित हुए नए भवन में आज तक एक भी पौधा पेड़ नहीं बन पाया। यह सवाल खड़ा करता है कि क्या हम सच में पर्यावरण बचाना चाहते हैं या सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं?

हर वर्ष पर्यावरण दिवस पर हजारों पौधे लगाने के दावे होते हैं। अफसर आते हैं, कैमरे चमकते हैं, पौधा रोपकर फोटो खिंचवाया जाता है और फिर सब भूल जाते हैं। तहसील परिसर में एक भी हरा-भरा पौधा नजर नहीं आता। वादकारी और फरियादी भीषण गर्मी में टिनशेड के



कलान तहसील परिसर। ● अमृत विचार

● कलान तहसील में पर्यावरण संरक्षण सिर्फ कागजों तक, जनता पूछ रही— क्या सिर्फ रस्म निभा रहे हो

नीचे बैठने को मजबूर हैं।

**वन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल :** हर साल लाखों रुपये पौधों की देखरेख के नाम पर खर्च किए जाते हैं, मगर नतीजे के नाम पर सिर्फ सूखे गड्ढे नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में पौधे लगाए जाते हैं, फाइलों में सिंचाई होती है और बजट में हरियाली नजर आती है, लेकिन जमीन पर सिर्फ सूखा।

### अधिवक्ताओं ने उठाए सवाल

कलान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र शाक्य समेत वरिष्ठ अधिवक्ताओं करुणा शंकर वाजपेई, संदीप मिश्रा, नारायण देव पाठक, शिवम पाठक, नरेन्द्र यादव आदि ने वन विभाग और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब तहसील परिसर में यह हाल है, तो ग्रामीण क्षेत्रों और जिले की स्थिति की कल्पना की जा सकती है।

### क्या पर्यावरण दिवस सिर्फ एक तमाशा बन गया है?

यह सवाल अब आम जनता भी पूछ रही है। पर्यावरण दिवस का मतलब सिर्फ एक पौधा लगाकर फोटो खिंचवाना नहीं है, जब तक वो पौधा पेड़ न बने, तब तक काम अधूरा है। लेकिन हकीकत यही है कि कोई देखने तक नहीं लौटता कि जो पौधा लगाया गया था, वो अब जिंदा भी है या नहीं।

# जमीनी विवाद में किया हमला, चार घायल

**तिलहर, अमृत विचार:** जमीन को लेकर चचेरे भाइयों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने धारदार हथियारों से दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया, जिससे चार भाइयों सहित पांच लोग लहूलुहान हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गए।

शेरगढ़ गांव के बाशिद ने बताया कि उसके दादा की मौत के बाद से उसे मिली 6 वीघा जमीन पर चचेरे भाई कब्जा किए हुए है। उसने बताया कि वह कई बार जमीन को खाली करने के लिए कह चुका है लेकिन वह लोग जमीन खाली नहीं करते हैं। मंगलवार की सुबह वह जमीन को खाली करने की बात कर रहे थे तभी अचानक चचेरे भाई एवं उसके परिवार के लोगों ने कुल्हाड़ी और धारदार हथियारों से उसके परिवार पर हमला कर दिया। हमले में वह, उसका भाई असलम, आसिफ एवं अकरम तथा असलम की पत्नी गुलशन लहूलुहान हो गए। लोगों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया।

# दंगल में शाहजहांपुर के चंद्रसेन ने मारी बाजी

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती देने के उद्देश्य से जलालाबाद के बारह पत्थर चौराहा के पास सिकंदरपुर रोड पर हिंदू-मुस्लिम विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में जिले और आसपास के जनपदों से आए पहलवानों ने जोर आजमाइश की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुज गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सभासद संदीप भारद्वाज और कुशल दीक्षित का आयोजक मंडल की ओर से मोहित श्रीवास्तव और वीर गुप्ता ने बैज लगाकर स्वागत किया। दंगल की खास बात यह रही कि यह हिंदू-मुस्लिम एकता को समर्पित था। इस मंच पर दोनों समुदायों के पहलवानों ने न सिर्फ उत्साहपूर्वक भाग लिया, बल्कि आपसी सौहार्द और एकता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

**दंगल में दिखा पहलवानों का जोश और ताकत :** मुख्य मुकाबले में चंद्रसेन (कलान) ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विक्रम सिंह (काशीपुर, उत्तराखंड) को हराया, वहीं बाबा देवदास (अयोध्या) ने गुड्डू पहलवान को चित कर जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में रामपुर सुल्तान (देवा शरीफ) ने भूकंप पहलवान (राजस्थान) को हराया । नवाब पहलवान (कलियर शरीफ) ने सुमित (दिल्ली) को पटखनी दी। शाका पहलवान ने बादल (कानपुर) को शिकस्त दी। नितिन पहलवान (हरदोई) और टारजन (बहेड़ी) की कुश्ती बराबरी रही। दर्शकों की तालियों से मैदान गूंज उठा। ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भीड़ ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



विजेता पहलवान को प्रतीक चिन्ह देते आयोजक। ● अमृत विचार

### विजेता को किया गया सम्मानित

अंत में विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने सम्मानित किया। आयोजकों ने कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, समाज में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का साधन भी है। उन्होंने भविष्य में ऐसे आयोजनों को और बड़े स्तर पर कराने की घोषणा भी की।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# बुद्ध पार्क से सरकारी बोर्ड हटाने को लेकर किया प्रदर्शन

## बसपा का आरोप बोर्ड लगाकर महापुरुषों का किया अपमान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते बसपा पदाधिकारी • अमृत विचार

- बसपा पदाधिकारियों ने की कलेक्ट्रेट में नारेबाजी
- नलकूप विभाग ने स्वामित्व बताते हुए लगाया है बोर्ड

**अमृत विचार:** खुटार के बुद्ध पार्क में नलकूप विभाग द्वारा स्वामित्व का बोर्ड लगाए जाने को लेकर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता भड़क उठे। मंगलवार को बसपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की और डीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बोर्ड को तत्काल हटाए जाने और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

बसपा जिलाध्यक्ष हरीराम कश्यप और बरेली मंडल प्रभारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि खुटार के बुद्ध पार्क में डॉ. भीमराव आंबेडकर और तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमाएं वर्ष 1995 में स्थापित की गई थीं। तब से यह पार्क सामाजिक और धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है। ऐसे में नलकूप विभाग द्वारा यहां अपने स्वामित्व का बोर्ड लगाना महापुरुषों का अपमान है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह भूमि पार्क के रूप में जानी जाती है, और इसे राजस्व अभिलेखों में भी उसी रूप में दर्ज किया जाना चाहिए। प्रदर्शन में चंद्रकेतु मौर्य, राकेश सागर, राजीव कुमार, नवलकिशोर राव, हरीराम समेत कई बसपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

नलकूप विभाग का पक्ष

उधर, नलकूप विभाग का कहना है कि यह भूमि पुवायां रोड के पास लगभग 5 एकड़ में फैली है और यह राजस्व अभिलेखों में सिंचाई विभाग के नाम दर्ज है। बसपा शासनकाल में यहां मूर्तियां लगाकर चारदीवारी कर दी गई थी और कुछ लोगों ने इसे बुद्ध पार्क बताते हुए एक समिति बना ली थी, जिसका कोई वैध पंजीकरण नहीं है।

हाल ही में राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने यहां ओपन जिम खुलवाने के लिए निरीक्षण किया था, लेकिन पार्क समिति के विरोध के कारण जिम योजना पर रोक लग गई। इसके बाद शासन और प्रशासन ने भूमि की पैमाइश करवाई, जिसमें यह भूमि नलकूप विभाग की निकली। विभाग ने इसके बाद वहां स्वामित्व का बोर्ड लगाया, जिस पर विवाद शुरू हो गया। बसपा पदाधिकारी सवाल उठा रहे हैं कि अगर यह भूमि विभाग की है तो इस पर पार्क कैसे बना और मूर्तियां क्यों स्थापित की गईं?

# पैक्स में होंगी अत्याधुनिक सुविधाएं


अध्यक्ष डीपीएस राठौर का स्वागत करते सहकारी बैंक के अधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यकाल के दो वर्ष होने पर डीसीबीअध्यक्ष ने काटा केक
- नए गोदाम बनाकर भंडारण क्षमता बढ़ाई,कायाकल्प होगा

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष के दूसरे कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटका व बुके से स्वागत किया। अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने केक काटकर कार्यकाल की दूसरी वर्षगांठ को मनाया।

उपलब्धियां बताते हुए कहा बीते वर्षों में बैंक और पैक्स में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। बैंक से किसानों को सस्ता लोन मिला। पैक्स के कई गोदाम की मरम्मत कराई गई और कई नए गोदामों का निर्माण कराकर खाद्यान्न क्षमता बढ़ाई गई। कचहरी की नवीन शाखा और 200 लोगों की क्षमता का मोदी सभागार बनाया गया। अगले दो वर्ष में सभी पैक्स कंप्यूटर कृत होकर अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हो जाएगी और सहकारिता क्षेत्र की सभी सुविधाएं किसानों को मिलेंगी।

पार्षद रामबरन सिंह ने कहा डीपीएस राठौर के नेतृत्व में दो वर्षों में सहकारिता विभाग में एक नए युग की शुरुआत हुई है, जिससे सहकारस्य सामर्थ्यम् का प्रत्यक्ष उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। प्रयासों से बैंकों में एक खुशहाली का माहौल दिया गया है, जिससे आम जनता और किसानों को आर्थिक सहायता मिलने में आसानी हुई है और "जनकल्याणस्य" कार्य में वृद्धि हुई है। भाजपा नेता सौरभ सोमवंशी समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में कदम ने उन्हें मजबूत बनाया है और वे अपने घाटे से उभरकर अब मजबूती से खड़ी हैं, जिससे सामूहिक सामर्थ्यम् की भावना को बल मिला है। पहल से समितियों ने न केवल अपने वित्तीय स्थिति में सुधार किया है, बल्कि जनता हित में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं और सेवार्थम् की भावना को प्रदर्शित किया है। सत्यभान सिंह एसबी ने कहा कि राठौर की ओर से किए गए कार्यों से न केवल सहकारिता विभाग में सुधार हुआ है, बल्कि क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा बैंक सभापति के नेतृत्व में सहकारिता विभाग ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ द्विवेदी ने कहा अध्यक्ष श्री राठौर का 7 साल का कार्यकाल वेदाग और बेमिसाल रहा है।

इस दौरान जिला सहकारी अधिकारी दिनेश कुमार, हरिकेश परमार, संजय सिंह, ओमप्रकाश मौर्य, उपमहाप्रबंधक शकील अहमद, राजेश कुशवाहा, ओमवीर सिंह यादव, कुलदीप सिंह, सौरभ मिश्रा, राजीव वर्मा, प्रशांत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, संजय रझौआ, प्रशांत सक्सेना, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

## बैंक ने धूमधाम से 118वां स्थापना दिवस मनाया



**खुटार।** क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा में 118 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। बैंक के शाखा प्रबंधक सौरभ दीक्षित ने बैंक के कर्मचारियों के साथ मिलकर बैंक द्वारा संचालित अलग-अलग योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शाखा प्रबंधक ने बैंक में मौजूद खाता धारकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। जिससे आम जन को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं से लाभान्वित करने पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर बैंक कर्मचारीगण मनीष रावत, अरविंद राजभर, अजम वर्मा, सुखविंदर सिंह, सुसविंद मिश्रा, रोहित बाजपेई मौजूद रहे।

## संस्था ने किया जिला कारागार में पौधारोपण



शाहजहांपुर। सहयोग संस्था के सभी पदाधिकारियों ने जिला कारागार में पहुंचकर वहां पर पौधारोपण किया। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता एवं महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि यह बहुत ही उपयुक्त समय है कि हम सभी को पौधा रोपण करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम 10 पेड़ अवश्य तैयार करने चाहिए, जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने सभी का स्वागत किया और सभी को उपहार स्वरूप जेल में लगे ताजा कटहल भेंट किए। इस दौरान संस्था के पौधरोपण प्रभारी महेंद्र दुबे व नुजहत अंजुम ने बताया कि महानगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी पौधारोपण करेंगे और पौधारोपण करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति को पौधों की सुरक्षा के लिए भी जागरुक करेंगे।

# धौरहरा के जटपुरवा में टहलता दिखा बीमार तेंदुआ

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार:** धौरहरा वन रेंज क्षेत्र में तेंदुआ लगातार दिखाई देने से लोगों में दहशत है। मंगलवार सुबह तेंदुआ गांव जटपुरवा में घूमता दिखाई दिया। ऐसा लग रहा था कि वह नशे की हालत में है। उसके शांत होने के कारण ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाई और सेल्फी ली वीडियो भी बनाया। वन विभाग की टीम ने उसे एक गन्ने के खेत में अचेत अवस्था में पाया। विभाग उसे पकड़ने की कोशिश करता, इससे पहले ही वह उठकर भाग निकला।

धौरहरा वन रेंज के बबुरी मार्ग, केशवापुर खुर्द, धूसाखुर्द, टेकीकुंडा, जटपुरवा, कंचनपुर, नरूपुर आदि गांवों में शावकों के साथ खेतों में देखा जाने वाला तेंदुआ मंगलवार सुबह जटपुरवा-कफारा मार्ग पर चहलकदमी करता देखा गया। ग्रामीणों ने उसका वीडियो बनाया और एक युवक ने सेल्फी भी ली। इसके बाद वन विभाग को सूचना दी। टीम मौके पर पहुंची तो देखा तेंदुआ गन्ना के खेत में लेटा था। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ बीमार दिख रहा था या फिर गन्ना के खेतों में पड़ी कीटनाशक दवायुक्त पानी पीने से अर्धअचेत था। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को वहां से हटाया। ग्रामीणों के हटते ही तेंदुआ गन्ना के खेत में छिप गया।

# जलालाबाद बस अड्डे के लिए 5.26 करोड़ स्वीकृत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** जलालाबाद बस अड्डा शीघ्र ही नए रूप में नजर आएगा। प्रदेश सरकार से बस अड्डे के आधुनिकीकरण के लिए 5.26 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है।

जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से कंपनी अपना कार्य शुरु कर देगी। बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग पर जलालाबाद बस अड्डा बना हुआ है, जो विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। बारिश के दिनों बस अड्डा परिसर में पानी भर जाता है। बस अड्डे पर यात्रियों के लिए पेयजल, बैठने के लिए बेंच, टीन शेड विश्रामालय जैसी सुविधाओं की कमी है। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से बस अड्डे के कायाकल्प की मांग की थी। उनके अनुरोध पर बजट स्वीकृत हो गया है। जबकि कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस पहले ही सर्वे कर चुकी थी।

बरेली की कुमार ट्रेडिंग कंपनी जुलाई के प्रथम सप्ताह में कार्य शुरु करेगी। कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस इस प्रोजेक्ट की निगरानी करेगी।

एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि शासन से धनराशि स्वीकृत हो गयी है और जुलाई माह में कार्य शुरु हो जाएगा। बस अड्डा नए लुक में बन जाने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेगी।

## ट्रेन से टकराकर मवेशी की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** गुरुमुखी एक्सप्रेस से टकराकर मवेशी की मौत हो गयी। इस दौरान ट्रेन को एक रेल लाइन से निकाली गयी। सोमवार की शाम सात बजे डाउन लाइन की गुरुमुखी एक्सप्रेस लखनऊ के लिए जा रही थी। उसका यहां स्टॉपेज नहीं है। प्लेटफार्म दो पर पश्चिम दिशा की तरफ ट्रेन से मवेशी टकरा गया और मौत हो गयी। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर और कंट्रोल को सूचना दी। मवेशी रेललाइन दो के किनारे पड़ा रहा। मालगाड़ी आदि ट्रेनों को दूसरी लाइन से निकाला गया।

# इंटरलॉकिंग कार्य से ट्रेनें रहेंगी रद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



**अमृत विचार:** गोंडा-बाराबंकी सेक्शन में थर्ड लाइन के नान इंटरलाकिंग काम की वजह से रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इसकी वजह से कुछ ट्रेनें रद्द रहेगी और कुछ ट्रेनें बदले रुट से चलेंगी।

सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि गोंडा में तीसरी रेल लाइन बिछाने का कार्य होगा। इसकी वजह से मुरादाबाद की रूट की कई ट्रेनों पर असर पड़ेगा। चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 25 से 30 जून तक रद्द रहेगी। शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर 2 से 4 जुलाई और सीतापुर सिटी-गोंडा का 28 जून से 4 जुलाई तक संचालन निरस्त रहेगा। इसके अलावा समर स्पेशल के दो फेरे रद्द रहेगे।

डाउन व अप लाइन की जननायक एक्सप्रेस, डाउन लाइन की अमृतसर-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस, डाउन लाइन की अवध असम एक्सप्रेस, अप लाइन की बाघ एक्सप्रेस, डाउन व अप लाइन की शहीद एक्सप्रेस, डाउन लाइन की अमरनाथ एक्सप्रेस आदि ट्रेनों को बदले मार्ग से संचालित किया जाएगा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

# फ्री स्वास्थ्य मेले में 535 मरीजों की हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


शिविर में जांच करतीं चिकित्सक। • अमृत विचार

- वरुण अर्जुन के स्वास्थ्य मेले में 486 मरीजों को वितरित की फ्री दवा
- रोजा पावर और विनोबा सेवा आश्रम के तत्वाधान में चौडेरा गांव में हुआ आयोजन

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा, रोजा पावर सप्लाई लिमिटेड और विनोबा सेवा आश्रम बरतारा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को भावलखेड़ा क्षेत्र के ग्राम चौडेरा में भव्य निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ रोजा पावर सप्लाई के स्टेशन डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर ने फीता काटकर किया।

स्वास्थ्य मेले में कुल 535 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 25 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में पूरी तरह निशुल्क किया जाएगा।

शिविर में 182 मरीजों की ब्लड शुगर और 177 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच निशुल्क की गई। साथ ही 486 मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य प्रमुख जांचों के छूट कूपन भी मरीजों को वितरित किए गए।

### ये रहे मौजूद

शिविर में अस्पताल के सामान्य रोग, नेत्र, हड्डी, दंत, स्त्री एवं प्रसूति तथा बाल रोग विभाग के डॉक्टरों डॉ. अजय, डॉ. पारुल, डॉ. पूजा भल्ला, डॉ. निधि, डॉ. मयंक यादव, डॉ. विपिन खंडेलवाल समेत अतुल गंगवार ,विनोबा सेवा आश्रम के सचिव मोहित कुमार, डीजीएम रोजा पावर प्लांट कुमार अवनीश, धर्मेंद्र वैश्य, राजीव कुमार सहित कई अन्य लोगों ने विशेष योगदान दिया।

### परिवार स्वास्थ्य कार्ड की दी गई जानकारी

अस्पताल की पीआरओ टीम ने लोगों को परिवार स्वास्थ्य कार्ड के बारे में जानकारी दी, जिसकी 200 रुपये में वार्षिक सदस्यता पर कई लाभ दिए जाते हैं। इस कार्ड के जरिए मरीजों को ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाओं व जांचों पर 20 फीसदी छूट, सामान्य ऑपरेशन में 25 फीसदी छूट, और खून की आवश्यकता पर 10फीसदी छूट प्रदान की जाएगी।

### मरीजों को उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं

पीआरओ विपिन शर्मा ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को मुफ्त भर्ती, मुफ्त पलंग, नर्सिंग केयर और चिकित्सकीय परामर्श जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा आईसीयू, वेंटिलेटर, डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड जैसी सेवाएं 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध हैं।

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर फर्राटा भरने के लिए चालकों को ढीली करनी होगी जेब

## तीनों इंटरचेंज पर हो रहा टोल प्लाजा का निर्माण कार्य, दिसंबर में वाहन दौड़ने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ विजय नगला

- वन कोटा, बिनावर और डहरपुर पर बनाए इंटरचेंज
- जिले से गुजर रहे गंगा एक्सप्रेसवे का 98 प्रतिशत कार्य पूरा, चल रहा फिनिशिंग का काम

**अमृत विचार :** गंगा एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरने के लिए वाहन चालकों को जेब ढीली करनी पड़ेगी। तीनों इंटरचेंज पर चढ़ते उतरते समय टोल टैक्स देना होगा। एक्सप्रेस वे का 98 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। फिनिशिंग का चल रहा है। रोड, पुल, इंटरचेंज के निर्माण का काम पूरा हो चुका है। दिसंबर में वाहन दौड़ने की संभावना है।

मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण हो रहा है। जिले में 92 किलोमीटर एक्सप्रेस वे बनाया जा रहा है। प्रयागराज में हुए महाकुंभ पर गंगा एक्सप्रेस वे चालू कराने की तैयारी शासन ने की थी, लेकिन कार्य अधूरा होने की वजह से चालू नहीं किया जा सका। अब निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। रोड बनकर तैयार हो गया है। रेलवे पर ओवर ब्रिज, रामगंगा पर पुल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अब फिनिशिंग का कार्य चल रहा है।

प्रकाश व्यवस्था के लिए पोल लगा जाने के बाद लाइट लगाई जा रही है। साथ ही रंग रोगन का भी कम चल रहा है। इसे जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। कार्यदायी संस्था के अधिकारी दिसंबर में एक्सप्रेस वे पर वाहनों के संचालन का दावा कर रहे हैं। विदित रहे कि बिसौली तहसील क्षेत्र से गंगा एक्सप्रेस वे जिले में प्रवेश करेगा और दातागंज तहसील होते हुए शाहजहांपुर में प्रवेश कर जाएगा। यह हिस्सा करीब 92 किलोमीटर का है। इस दूरी में चार तहसीलों के करीब 83 गांव से होकर गंगा एक्सप्रेस होकर गुजर रहा है। गंगा एक्सप्रेस वे पर तीन इंटरचेंज वन कोटा, बिनावर और डहरपुर पर बनाए गए हैं। तीनों इंटरचेंज पर टोल प्लाजा बन रहा है। तीनों इंटरचेंज टोल टैक्स और जंक्शन का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्यदायी संस्था ने जुलाई तक निर्माण पूर्ण करने का दावा किया है।


बिनावर इंटरचेंज पर टोल प्लाजा की बन रही बिल्डिंग। ● अमृत विचार

> एक्सप्रेसवे निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। रोड बन चुकी है। रेलवे पर ओवर ब्रिज और रामगंगा पर पूल बनकर तैयार हो गया है। प्रकाश व्यवस्था के लिए पोल लगाने के साथ लाइट लगाई जा रही है। रंग रोगन का काम भी चल रहा है। जुलाई तक काम पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। मेरठ से प्रयागराज तक दिसंबर माह में पूरा एक्सप्रेस वे बनकर तैयार हो जाएगा।
>
> – दीपक सिंह, राठौर, प्रोजेक्ट मैनेजर गंगा एक्सप्रेसवे

### एक जंक्शन पर बनाए जा रहे चार टोल बूथ

तीनों इंटरचेंज पर जंक्शन प्वाइंट वाली सड़कों पर चार टोल बूथ बनाए जा रहे हैं। टोल बूथ बनाने का काम काफी तेजी से चल रहा है। काम तेजी से किया रहा है। कोठरी बनकर तैयार हो गई है। रोड बनाया जा रहा है। गंगा एक्सप्रेस पर बने अंडरपास चालू कर दिए गए हैं।

# छात्रवृत्ति आवेदन और सत्यापन की तिथियां घोषित

**बदायूं, अमृत विचार :** पूर्व दशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन और सत्यापन के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से तिथियां घोषित कर दी गई हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि एक जुलाई से पांच अक्टूबर तक विद्यालय को समाज कल्याण विभाग से पासवर्ड प्राप्त कर मास्टर डाटा को सम्मिलित करना होगा।

दो जुलाई से 30 अक्टूबर तक कक्षा 9 व 12 के विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करेंगे। तीन जुलाई से चार नवंबर तक हार्ड कॉपी विद्यालय में जमा करनी होगी। विद्यालय को तीन जुलाई से छह नवंबर तक आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना होगा। दशमोत्तर उच्च कक्षाओं के लिए सात जुलाई से 25 तक समाज कल्याण अधिकारी के यहां से संस्थाएं पासवर्ड प्राप्त कर मास्टर डाटा में सम्मिलित करना होगा। 10 जुलाई से 20 दिसंबर तक छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। हार्ड कॉपी 24 दिसंबर तक जमा करनी होगी। 11 जुलाई से 10 जनवरी तक आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित किया जाएगा।

# पीआरडी जवानों से मांगा स्वास्थ्य सत्यापन प्रमाण पत्र


जिला अस्पताल में ब्लड रिपोर्ट लेने को लाइन में लगे पीआरडी जवान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में ब्लड टेस्ट के लिए घंटों करना पड़ा इंतजार
- 70 रुपये की रसीद की जगह 200-200 रुपये लेने का आरोप

**अमृत विचार :** शासन से पहली बार पीआरडी जवानों से स्वास्थ्य विभाग का फिटनेस सर्टिफिकेट मांगा गया है। पीआरडी जवान लाइन में लगकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने को मजबूर हैं। जवानों को डॉक्टर इधर उधर दौड़ा रहे हैं साथ ही अवैध वसूली का आरोप भी लगा है।

जनपद में 475 पीआरडी जवान हैं, जो सरकारी कार्यालयों चौक चौराहों एवं अधिकारियों के आवासों पर ड्यूटी करते हैं। प्रांतीय रक्षक दल के जवान हर समय हर जगह ड्यूटी करते हैं, लेकिन इस बार शासन स्तर से एक नया फरमान जारी किया गया है। पीआरडी जवानों से स्वास्थ्य विभाग का फिटनेस सर्टिफिकेट मांगा गया है। पीआरडी जवानों से कहा गया कि वह हर हाल में 10 जुलाई तक फिटनेस सर्टिफिकेट जमा कर दें अन्यथा उनको डयूटी नहीं दी जाएगी। आदेश के चलते मंगलवार को जिला अस्पताल में पीआरडी जवान पर्चा बनवाने को लाइन में लगे रहे। उसके बाद नेत्र विभाग में डॉक्टर की रिपोर्ट लगाने को लाइन में लगे और उसके बाद ब्लड टेस्ट कराने को घंटों लाइन में लगना पड़ा। ब्लड टेस्ट कराने को रजिस्ट्रेशन कराया गया बाद में ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट लेने को काफी देर तक परेशान होना पड़ा। पीआरडी जवान सुरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य सर्टिफिकेट के लिए 70 रुपये की रसीद काटी जाती है फिर भी उन लोगों से 200-200 रुपये लिए गए। रुपये नहीं देने पर उन्हें बाहर कर दिया गया।

## आज मनाई जाएगी आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ

**बदायूं, अमृत विचार :** देश में लागू किए आपातकाल को एक त्रासदी के रूप में जाना जाता है। बुधवार को 50 वर्ष परे हो रहे हैं। बुधवार को मनाई जाने वाली आपातकाल की वर्षगांठ पूरी होने पर जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके निर्देश डीएम अवनीश कुमार राय ने दिए हैं। डीएम ने बताया कि 25 जून 2026 तक इसे स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिले भर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। एक साल तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर परामर्शदाता समिति का गठन किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## अमृत विचार आपके साथ....

प्रिय पाठक, आपके घर के आसपास या क्षेत्र में कोई ऐसी समस्या जो तमाम लोगों को प्रभावित करती है, परेशानी में डालती है फोटो के साथ हमें भेजें। हम उसे प्रकाशित कर आपकी समस्या संबंधित अधिकारी तक पहुंचाएंगे।

ईमेल :budaun@amritvichar.com

## शहर में आज

- भाजपा की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज में जिला स्तरीय गोष्ठी व सम्मान समारोह सुबह साढ़े 10 बजे।
- आपातकाल पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा कार्यालय पर दोपहर एक बजे।
- श्रीराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की अंकतालिका का वितरण सुबह 10 बजे।
- विकास क्षेत्र उझानी में रोजगार शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### द्रोपदी देवी में दिया जाएगा आचार्य का प्रशिक्षण

**बदायूं, अमृत विचार :** बदायूं-चंदौसी मार्ग स्थित द्रोपदी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन बुधवार की सुबह 9 बजे दोपहर 4 बजे तक होगा। संकुल प्रमुख व विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार गंगवार ने बताया कि बदायूं संकुल में चलने वाले सभी विद्या भारती के विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिरों के आचार्य प्रशिक्षण में उपस्थित होंगे। यह जानकारी शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख राजकुमार सिंह सेंगर ने दी।

### चिन्हित होंगे दिव्यांग, 28 से 30 तक लगेंगे शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** सहायक उपकरण वितरण के लिए दिव्यांगजनों को चिन्हित किया जाएगा। इसके लिए सभी ब्लॉकों पर 28 जून से शिविर लगाए जाएंगे। 30 जुलाई तक लगने वाले शिविर में दिव्यांगजनों को चिन्हित किया जाएगा। शिविरों में चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी। शिविरों के आयोजन के लिए ब्लॉकवार तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

# सड़क निर्माण की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी


धरने पर बैठे हलधर किसान यूनियन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- भाकियू से वार्ता करने धरनास्थल पहुंचे एसडीएम, नहीं बनी बात
- कार्यकर्ता बोले- सड़क निर्माण शुरू होते ही खत्म हो जाएगा धरना

**अमृत विचार :** विकासखंड अंबियापुर के सतेती गांव में सड़क निर्माण को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन का धरना-प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन हलधर के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रखा। उन्होंने बताया कि पूर्व अधिकारियों ने केवल गुमराह करने का काम किया है। आश्वासन के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इससे गांव के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे धरना स्थल पर एसडीएम पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि बुधवार से इसका निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। इस पर पदाधिकारियों ने कहा जैसे ही निर्माण कार्य शुरू होगा वह धरना खत्म कर देगें। इस दौरान बिजनेस सोलंकी, विवेक चौहान, नरेश चंद्र, अजीत सिंह गुर्जर, शाहनवाज अल्वी, सुबोध कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


धरना स्थल पर नारेबाजी करते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के सदस्य।

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने जिला अस्पताल में दिया धरना
- मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन ठेकेदारी प्रथा खत्म करने की मांग

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पेंशन बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर जला अस्पताल परिसर में धरना दिया। मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर प्रदेश से ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग की।

मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने कहा कि संयुक्त मोर्चा के सभी घटक संगठनों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग, स्थायी राष्ट्रीय वेतन आयोग का गठन, दैनिक वेतन, संविदा, आउटसोर्सिंग आदि कर्मचारियों का नियमितीकरण करने और ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने की मांग की। कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश के राज्य कर्मचारियों, स्थानीय निकाय, राजकीय निगम शिक्षकों, रोडवेज, स्वास्थ्य सेवाएं, विकास प्राधिकरण आदि मांगों को स्वीकार किया जाए। कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए। सातवें वेतन आयोग की संस्तुति के उपरांत व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाए। वेतन समिति की रिपोर्ट प्रकाशित कर उसका लाभ राज्य कर्मचारियों को दिया जाए। सभी विभागों के कर्मियों को वेतन, भत्ते, पेंशन आदि समय पर दी जाएं। राज्य कर्मचारियों की तरह सभी सुविधाएं दी जाएं। वेतन ढांचा का पुनर्गठन किया जाए। प्रमुख सचिव परिवहन के साथ रोडवेज कर्मचौंरी संयुक्त परिषद के समझौते अनुसार महंगाई भत्ते की बकाया किस्तों का भुगतान किया जाए। डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ऑप्ट्रोमेट्रिसट के वर्तमान ग्रेड पे 2800 को उच्चीकृत करते हुए 4200 तथा कैडर पुनर्गठन व पदनाम परिवर्तित किया जाए। कर्मचारियों ने राज्य सरकार से मांग की कि कर्मचारियों के हित में जल्द सकारात्मक कदम उठाया जाए। धरना देने वालों में अध्यक्ष वीपी मिश्रा, महासचिव शशि कपूर, प्रदीप चतुर्वेदी, संजय कुमार, राकेश, सतीश, सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।


रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119

General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly


# जनवरी तक तैयार हो जाएगा ट्रामा सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


ट्रामा सेंटर की तैयार हो रही बिल्डिंग। ● अमृत विचार

- गंभीर रूप से घायलों को नहीं किया जाएगा रेफर
- राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में ट्रामा सेंटर का निर्माण हो रहा है, साथ ही नर्सिंग कॉलेज की बिल्डिंग भी बन रही है। दोनों निर्माण कार्य अगले साल जनवरी तक पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद दूर दराज से आने वाले घायलों का इलाज ट्रामा सेंटर पर किया जाएगा।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में इस समय ट्रामा सेंटर अलग से नहीं बना है। कॉलेज के दो वार्ड में घायलों को भर्ती किया जाता है। इससे वार्ड में अन्य मरीजों को दिक्कत होती है। इसलिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ने ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग को अलग तैयार कराया है। इस बिल्डिंग में केवल घायलों को ही रखा जाएगा। कॉलेज प्रशासन की ओर से बताया गया कि गंभीर घायलों को अभी बाहर को रेफर कर दिया जाता है, जबकि ट्रामा सेंटर की बिल्डिंग बन जाने के बाद यहीं पर उनका उपचार किया जाएगा। मरीज को कुछ दिन तक यहां भर्ती कर रखा जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में तैयार हो रहा ट्रामा सेंटर में करीब 50 वार्ड होंगे। इसमें चार मंजिल तक अलग-अलग मरीजों को रखा जाएगा। इसी के साथ कॉलेज परिसर में नर्सिंग कॉलेज की बिल्डिंग भी अलग से तैयार की जा रही है। हालांकि नर्सिंग कालेज की बिल्डिंग निर्माण का कार्य धीमी गति से चल रहा है फिर भी अगले साल जनवरी या फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।

राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि नर्सिंग के छात्र-छात्राओं को अलग बिल्डिंग की जाएगी। इससे वह अपने शेड्यूल के अनुसार क्लास ज्वाइन कर सकेंगे साथ ही कॉलेज के वार्ड में काम करने का पर्याप्त मौका मिलेगा।

### एटकॉम की क्लास होगी शुरू

राजकीय मेडिकल कॉलेज में एटकॉम की क्लास शुरू की जाएगी। एटकॉम की क्लास में एमबीबीएस के छात्र छात्राओं को बताया जाएगा कि मरीज व तीमारदार के साथ किस तरह व्यवहार करना है। मरीज के पूछने पर उसको किस तरह जानकारी दी जाएगी। इस क्लास में सिखाया जाएगा कि यदि कभी हंगामा की स्थिति पैदा होती है तो स्थिति को नियंत्रण में करने को क्या किया जाए। मरीजों से बात करते समय सहानुभूति रखना आवश्यक है। राजकीय मेडिकल कॉलेज में एटकॉम की क्लास में छात्र छात्राओं को दो घंटे बिताने होंगे। जिससे उन्हे चिकित्सा क्षेत्र में लोगों की सेवा करने के तौर तरीके बताए जा सकें।

# मलेरिया और डेंगू की जांच करेंगी आशा वर्कर्स

**बदायूं, अमृत विचार :** मलेरिया डेंगू उन्मूलन को आशा वर्कर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्लॉक जगत और अम्बियापुर में प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। मलेरिया इंस्पेक्टर दर्पण कुमार और मोनिका आशाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी डा.योगेश सारस्वत ने बताया कि अब मलेरिया और डेंगू की जांच आशा वर्कर्स करेंगी। इन लोगों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जहां ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है वहां पर आशा को जांच किट दी जा रही है। इससे वह अपने अपने क्षेत्र में संभावित मरीजों की जांच कर सकें। जिनको मलेरिया या डेंगू की पुष्टि होगी उन्हें दवा दी जाएगी। साथ ही उन लोगों की सूची बना कर सीएमओ कार्यालय को दी जाएगी। उन्होंने बताया अब बारिश में मलेरिया और डेंगू की संभावना बढ़ जाती है। मलेरिया विभाग ने पहले से तैयारी कर ली है। सीएचसी पीएचसी और न्यू पीएचसी पर बुखार मलेरिया डेंगू की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में प्रत्येक दिन गांवों में भ्रमण किया जाएगा।

### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

**दबतोरी, अमृत विचार :** परसिया गांव निवासी पिंटू पाल के मकान पर एक महिला ने मकान में हिस्सा लेने के लिए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला पर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने ग्रामीणों के साथ सीओ के यहां पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीण ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अरवेश पाली, प्रेमपाल, वीरेंद्र पाली, अतर सिंह, लाला राम सहित तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।


स्नातक पंजीकरण प्रवेश की 25.06.25 अंतिम तिथि आज
सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A | B.Sc | B.Com | B.Sc (Home Science) | B.B.A | B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. | M.Sc | M.Sc (Home Science) | M.A. (Home Science) | M.A. (Drawing And Painting)
D.PHARMA (BTE Code 2143) | B.ED | B.T.C. (D.El.Ed.) | B.EL.ED
डी.एस.आर.कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
BTE CODE - 2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानानकार बहेड़ी, बरेली
DSR PUBLIC SCHOOL
Approved By - CBSE BOARD (NEW DELHI)
Affiliation No 2132019 (NC to XIIth)
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा.हरीशंकर गंगवार, Mob No.9412287777


# जलभराव में आया करंट, दो बैलों की मौत

**सहसवान, अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र के गांव फतेहपुर टप्पा हवेली निवासी राजेश यादव पुत्र सोनपाल बैलगाड़ी में रेत लेकर गांव फातनपुर जा रहे थे। वह सैफुल्लागंज में मुख्य मार्ग पर व्याप्त जलभराव से गुजर रहे थे। पानी में करंट आने से दोनों बैलों को करंट लग गया।

वह पानी में गिरकर तड़पते रहे। दोनों बैल की मौके पर मौत हो गई। बैलगाड़ी पर बैठने की वजह से राजेश यादव व राहगीर बच गए। लोग जलभराव से दूर खड़े रहे तो कोई दीवार पर जाकर बैठा रहा। तकरीबन एक घंटे के बाद विद्युत सप्लाई बंद कराई गई।

# काला पीलिया के मरीजों की बढ़ रही संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के 154 मरीजों को दी दवा

**अमृत विचार :** हेपेटाइटिस की जांच कराने के बाद 80 प्रतिशत लोग पीलिया के शिकार निकल रहे हैं। इनमें 25 प्रतिशत मरीज काली पीलिया के सामने आ रहे हैं। काली पीलिया के मरीजों की संख्या पहले की अपेक्षा दो गुनी हो चुकी है।

मंगलवार को जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के 154 मरीजों ने दवा दी गई। इनमें से अधिकांश मरीज पुराने थे, जबकि कुछ मरीज नए थे। हेपेटाइटिस के मरीजों की संख्या अस्पताल में अन्य मरीजों से अधिक रही। ओपीडी छह के सामने सुबह आठ बजे से मरीजों ने लाइन लगा ली। डॉक्टर 9 बजे पहुंचे, तब तक 100 से अधिक मरीज पहुंच चुके थे।

डॉ. राजेश वर्मा ने बताया कि पीलिया कई तरह की होती है। सबसे खतरनाक काली पीलिया होती है। इसके मरीज दो गुने हो चुके हैं। जांच में काली पीलिया के मरीज 25 प्रतिशत से अधिक निकलते हैं। उन्होंने बताया कि जो लोग हेपेटाइटिस की समय पर जांच नहीं कराते हैं उनको दिक्कत होती है। उनकी जांच कराने पर अधिकांश को काली पीलिया निकलती है। काली पीलिया के मरीजों को ठीक होने में एक माह का समय लगता है। यदि नियमित दवा नहीं ली तो और अधिक समय लग सकता है।


जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस के मरीजों को देखते डॉ. राजेश वर्मा। ● अमृत विचार


### जांच करने की सुविधा जिला अस्पताल में नहीं

हेपेटाइटिस की जांच रिपोर्ट आने में देर होती है जिससे मरीज को परेशानी और बढ़ जाती है। जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस की जांच की सुविधा नहीं है। मरीजों के ब्लड सैंपल लखनऊ भेजे जाते हैं वहां से 20 से 25 दिन में रिपोर्ट आती है तब तक मरीज को परेशानी बढ़ जाती है। स्थानीय स्तर पर हेपेटाइटिस की जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है।


वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History

नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# 774 ने कंपार्टमेंट और 386 ने इंप्रूवमेंट परीक्षा को किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परीक्षा में कम नंबर आने से खुश नहीं थे विद्यार्थी

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से इंस्ट्रूमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा की तैयारी तेजी से चल रही है। हाईस्कूल कंपार्टमेंट के लिए 774 और इंटरमीडिएट इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 386 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा की तिथियां अभी घोषित नहीं हो सकी हैं। परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज में होंगी।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 24 अप्रैल को जारी किया गया था। जिले में 89.94 बच्चे पास हुए हैं। परिणाम जारी होने के बाद हाईस्कूल के फेल परीक्षार्थियों के लिए कंपार्टमेंट और इंटरमीडिएट के लिए इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए मौका दिया गया। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए। 10 जून आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। निर्धारित तिथि तक जिले में हाईस्कूल के 774 और इंटर में 386 परीक्षार्थियों ने कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए आवेदन किया।

आवेदन मिलने के बाद शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग जुलाई में परीक्षा होने की संभावना जता रहा है। परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। हालांकि परीक्षा तिथि जारी नहीं की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक लालजी यादव ने बताया कि इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 1,160 आवेदन प्राप्त हुए हैं। परीक्षा की तैयारी की जा रही है। परीक्षा राजकीय इंटर कॉलेज में कराई जाएगी।

# घपले की आशंका : 19 ग्राम पंचायतों में नहीं कराया ऑडिट

## ग्राम पंचायतों पर 5.18 करोड़ रुपये से अधिक का है अधिभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नोटिस देने के बाद भी सचिवों और प्रधानों ने नहीं दिया जवाब
- ग्राम पंचायतों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 का नहीं कराया ऑडिट

**अमृत विचार :** जिले के चार ब्लॉकों की 19 ग्राम पंचायतों ने वित्तीय वर्ष 2018-19 का ऑडिट नहीं कराया। उनके ऊपर 5.18 करोड़ से अधिक रुपये का अधिभार है। यह जानकारी पंचायतीराज विभाग को कराए गए ऑडिट में हुई। जानकारी होते ही डीपीआरओ ने सभी गांवों के वर्तमान, तत्कालीन प्रधानों के साथ सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही अभिलेखों सहित उपस्थित होने को कहा है, लेकिन अब तक किसी प्रधान और सचिव ने विभागीय अधिकारी के नोटिस का जवाब नहीं दिया है। ऐसे में इन सभी पर विभागीय अधिकारियों ने कार्रवाई करना शुरू कर दी है।

असल में ग्राम पंचायतों का ऑडिट करने में नामित टीमों ने लापरवाही बरती थी। वह प्रधानों और सचिवों से साठगांठ कर ऑडिट कर रिपोर्ट लगा देते थे, लेकिन इस बार शासन के सख्त आदेश के बाद जिला लेखा परीक्षा सहकारी समितियों व पंचायत की टीमों ने जनपद की सभी 1037 ग्राम पंचायतों का ऑडिट किया। ऑडिट करने वाली टीमों को जिले की ग्राम पंचायतों में अनियमितताएं मिलीं है। उनकी सूची तैयार की जा रही है। अभी तक जारी की गई सूची के तहत चार ब्लॉकों की 19 ग्राम पंचायतों द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 का ऑडिट नहीं कराया था। उनके पांच करोड़ 18 लाख 78 हजार 81 रुपये से कराए गए विकास कार्यों को लेकर कोई अभिलेख ऑडिट टीम के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए। सभी ग्राम पंचायतों पर अधिभार निकला है। इसकी रिपोर्ट ऑडिट टीम ने पंचायतीराज विभाग को प्रस्तुत कर दी। रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारी ने वर्तमान, निवर्तमान प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन किसी भी ग्राम प्रधान और सचिव ने अभी तक नोटिस का जवाब नहीं दिया है।

> ग्राम पंचायतों को मिली धनराशि से काम तो कराए गए हैं, लेकिन उनके द्वारा ऑडिट टीम को अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए। जनपद की 19 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जिन्होंने गांवों में करोड़ों रुपये की धनराशि का अधिभार सामने आया है। वर्तमान, निवर्तमान प्रधानों और सचिवों को नोटिस जारी किया था, परंतु उनके द्वारा जवाब नहीं दिया जा रहा है। इन सभी के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की तैयारी की जा रही है।
>
> – **यावर अब्बास**, डीपीआरओ

# बूंदाबांदी के बाद साफ हुआ मौसम, उमस बरकरार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिकतम 35, न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया

**अमृत विचार:** रात भर हुई बूंदाबांदी के बाद मौसम सुहाना हो गया, लेकिन खिली चटक धूप से उमस बढ़ गई। उमस भरी गर्मी से लोगों में बेचैनी रही। वहीं बारिश से खेतों में नमी होने पर खेती किसानी काम तेजी आ गई है। किसान धान की पौध लगाने में जुट गए हैं। बारिश के बाद तापमान में भी स्थिर बना हुआ है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जता रहे हैं।

सोमवार को शाम पांच बजे से मौसम में परिवर्तन हुआ। रिमझिम बारिश शुरू हो गई। करीब सात बजे तक बारिश का दौर चलता रहा। रात भर रुक-रुक बूंदाबांदी होती रही। सुबह करीब पांच बजे से मौसम साफ होने लगा। आठ बजे चटक धूप खिल उठी। मौसम साफ होने से आर्द्रता बढ़ गई। इससे उमस उत्पन्न हो गई। उमस बढ़ने से लोग बेचैन हो गए। दोपहर के समय आलम यह था कि पसीने से लोग तर बतर हो गए थे। पंखा और कूलर से भी गर्मी कम नहीं हो रही थी। हालांकि इस दौरान तापमान में स्थिरता बनी हुई है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं चल रहा है। लेकिन चटक धूप में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस का आभास करा रहा है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार मानसून शुरू हो चुका है। कभी धूप कभी बादल वाला मौसम बना रहा रहेगा। उन्होंने बुधवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना को व्यक्त किया है। इधर, बारिश के बाद खेतों में नमी अधिक हो गई है। किसानों के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव देखे जा सकते हैं। किसान घर का कामकाज छोड़ खेती के कार्य में जुट गए हैं। खरीफ की मुख्य फसल धान की पौध लगाने में जुटे हुए हैं।

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# जिला प्रशासन से मेला का समय आगे बढ़ाने की मांग

कार्यालय संवाददाता बदायूं

- गांधी ग्राउंड में लगे मेला में 25 दुकानों में आग लगने का मामला
- दुकानदार बोले- मेले का समय बढ़ेगा तो मिल सकेगी कुछ राहत

**अमृत विचार :** गांधी ग्राउंड में लगे मेला की दुकानों में आग लग गई थी। मेला की 25 दुकानों का पूरा सामान जलकर खाक हो गया था। व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने मौका मुआयना किया। व्यापारियों की मदद का आश्वासन दिया। वहीं दुकानदारों के नुकसान की वजह से मेला का समय 15 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की गई है। जिससे दुकानदारों को कुछ राहत मिल सके। वहीं राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

सोमवार सुबह एक दुकान में आग लगने के बाद गैस के तीन छोटे सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया था। तेज हवा से आग बढ़ती गई और कुछ ही समय में 25 दुकानें जलकर राख हो गईं। दुकानदारों में चीत्कार मच गया। उनके परिजन रोते हुए पहुंचे। व्यापार संगठन के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर व्यापारियों को ढांढस बंधाया। वहीं मेला के अन्य दुकानदारों ने पीड़ितों को अपने-अपने स्तर से सहयोग किया है। वहीं बताया जा रहा है कि मेला के ठेकेदार ने दुकानदारों पर किराया छोड़ दिया है। दुकानदारों ने जनप्रतिनिधि से समय बढ़वाने की मांग की है।

# कासगंज रोड पर गड्ढे ही गड्ढे, बड़ा हादसा होने का खतरा



**उझानी, अमृत विचार :** बदायूं-कासगंज राजमार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। माहेश्वरी कॉलेज के पास दो ऐसे गड्ढे हैं जिसमें आए दिन मोटर साइकिल चालक गिरकर चोटिल होते रहते हैं।

मंगलवार को इसी रोड पर दो मोटर साइकिल चालक आपस में टकरा गए। दोनों बाइक सवार महाराणा प्रताप चौक से गुजर रहे थे। चौक से आगे कुछ ही दूरी पर गड्ढे में गिरने से संतुलन बिगड़ गया। इससे बाइक गिर गई। पीछे से आ रही दूसरी बाइक उससे टकरा गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार चोटिल हो गये। इसी राजमार्ग पर दूसरा गड्ढा होंडा एजेंसी के निकट कई महीनों से है। गड्ढे में भी अक्सर बाइक चालक गिरते रहते हैं। यह गड्ढा काफी गहरा हो गया है। इसी तरह कई ई रिक्शा भी पलट चुके हैं। नगर पालिका प्रशासन इन गड्ढों को नजरअंदाज कर रहा है जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने सड़क के गड्ढे भरने की मांग की है।

## भाकियू भानु गुट अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बने इंतजार अली



**उझानी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष अतुल तोमर ने बजीरगंज निवासी इंतजार अली को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। अतुल तोमर ने बताया केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि गरीब लाचार किसान के उत्थान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाए। एमएसपी पर कानून बनाया जाए।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Journalism/Mass Communication)
● BA (Hons.) in English
● BA (Hons.) in Political Science
● BA (Hons.) in Sociology
● BA (Hons.) in Economics
● BA (Hons.) in Psychology
● B. Lib.
PG Programs
● MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
● MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
● MA (Translation Studies)
● MA (Applied & Clinical Psychology)
● M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## सार-संक्षेप

### महाविद्यालय में हुआ विदाई और आभार समारोह



**बदायूं, अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद की ओर से स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की विदाई और शिक्षकों के प्रति आभार समारोह का आयोजन किया गया। विदा होने वाले छात्र-छात्राओं ने विचार व्यक्त किए। विभाग के डॉ. श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि शिक्षा दीक्षा कभी समाप्त नहीं होती। जीवन में अभी बहुत सी परीक्षाएं देनी है। हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ. रविंद्र सिंह यादव ने कहा कि दुनिया का सर्वाधिक सूचना प्रदान करने वाला विषय राजनीति विज्ञान है। संचाल अभिलाषा यादव ने किया। प्रभारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ. संजीव राठौर, डॉ. हुकुम सिंह, शिवांगी कश्यप, संभव कुमार, इशराक अहमद खान, अनु, माधव गुप्ता, गोविंद सिंह, पुष्पेंद्र, भगवान सिंह, मनीषा राजपूत, पूजा चौहान, गीता राठौर, लोकमनी, लक्ष्मी, विजय कुमार, विकास, प्रदीप शाक्य आदि उपस्थित रहे।

### भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील



**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक की गई। इसमें बिल्सी सीओ संजीव कुमार ने संभ्रांत लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। सीओ ने संभ्रांत लोगों से कहा कि मोहर्रम पर ताजिए की लंबाई कम रखें। जुलूस को निर्धारित मार्ग से निकालें। असामाजिक तत्वों की जानकारी थाना पुलिस को दें। इससे उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी विशाल प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी हरिमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### संतुलित आहार से होता है बच्चे का संपूर्ण विकास



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित लगाया। इसमें करीब 50 से अधिक गर्भवती महिलाओं का टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने की सलाह दी। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारू गुप्ता और डॉ. जयश्री शर्मा ने गर्भवती महिलाओं को बताया कि गर्भवती महिलाओं से कहा कि ऐसी अवस्था में उन्हें संतुलित आहार लेना चाहिए। संतुलित आहार से गर्भ में पल रहे बच्चे के संपूर्ण विकास में सहायक होता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को चाहिए वह मानसिक तनाव से दूर रहे। जो बच्चे के विकास पर दुष्प्रभाव डालता है। इस मौके पर शशिवाला, सुमन शर्मा आदि मौजूद रही।

### सिंडिकेट बैंक ने भेंट की पांच व्हीलचेयर

**बदायूं, अमृत विचार :** सिंडिकेट बैंक ने जिला महिला अस्पताल को मंगलवार को पांच व्हीलचेयर भेंट की। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि इससे जनपद के लोगों को लाभ होगा। यह व्हीलचेयर अत्याधुनिक किस्म की हैं। इन्हें फोल्ड कर कहीं भी रखा जा सकता है। जिला महिला अस्पताल प्रशासन ने कहा कि व्हील चेयर मिलने से यहां आने वाली महिला मरीजों को अब दिक्कत नहीं होगी। उन्हें व्हील चेयर पर बिठा कर चौथी मंजिल तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे महिलाओं को सुविधा होगी। अस्पताल प्रशासन ने अलग-अलग फ्लोर पर व्हीलचेयर देने की बात कही है।

### संघ के जिलाध्यक्ष बने विशाल, उपाध्यक्ष बनीं रीना



**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पर्यटक हाल में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का चुनाव हुआ। सबसे ज्यादा मत मिलने पर विशाल पटेल जिलाध्यक्ष बने। रीना पाठक जिला उपाध्यक्ष, अवधेश कुमार जिला महामंत्री, नदीम हुसैन जिला कोषाध्यक्ष और दीपेंद्र गुप्ता, जिला संगठन मंत्री और रजत कुमार संघ लेखा परीक्षा बने हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी यावर अब्बास, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी गिरीश चंद्र यादव निर्वाचन अधिकारी रहे। पंचायत निरीक्षक शशिकांत शर्मा सहायक निर्वाचन अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी खालिद अली व शिव कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा जिले के सभी 15 विकास क्षेत्रों के ग्राम पंचायत अधिकारियों ने शिरकत की।

## देशी राइफल और बंदूक के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**उसावां, अमृत विचार :** थाना उसावां पुलिस ने दो लोगों को देशी राइफल व देशी इकनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा। पुलिस ने बताया कि इससे पहले भी कई बदमाशों के पास तमंचा बरामद हो चुका है। उनको भी सलाखों के पीछे भेजा गया है।

मंगलवार को पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखिबर की सूचना पर पुलिस ने गांव भदेली निवासी बहारे नवी को यात्री शेड के पास घेराबंदी की। इस दौरान एक बदमाश को पकड़ लिया। उसके पास से देशी रायफल, चार कारतूस बरामद हुए। वहीं पुलिस ने इसी गांव के नसीम खां को गोशाला के पास से पकड़ा। उसके पास से देशी इकनाली बंदूक, चार कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने उनसे पूछताछ की कि यह हथियार उनके पास कहां से आए और किससे खरीदे। पूछताछ के बाद दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक पुष्पराज सिंह, बलराम सिंह, कांस्टेबिल अवधेश कुमार, रूप सिंह, विवेक कुमार, अशोक कुमार, सत्येंद्र सिंह, विकास कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में बरेली और पीलीभीत के बदमाश के पैर में लगी गोली

## भवानीपुर तिराहे के पास कार आड़ में खड़ी कर लूट की फिराक में थे

- पुलिस पर गोली बरसाते हुए दो बदमाश मौके से हुए फरार
- घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लूट की योजना बना रहे बदमाशों की मुठभेड़ पुलिस से हो गई। बदमाश लूट के इरादे से खड़े थे। पुलिस को पास आता देखकर उन्होंने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी गोली लगाई। इस दौरान बरेली और पीलीभीत के दो बदमाशें के पैर में गोली लगी, जबकि उनके दो साथी पुलिस पर गोलियां बरसाते हुए मौके से फरार हो गए। दोनों के पास से दो तमंचे, तीन जिंदा व दो खोखा कारतूस और कार बरामद हुई। दोनों का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। वजीरगंज क्षेत्र में जून में लूट की योजना बनाते हुए बदमाशों से मुठभेड़ का दूसरा मामला सामने आया है। पुलिस ने 18 जून को चार बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

थाना वजीरगंज के अपराध निरीक्षक बाबूराम गौतम पुलिस फोर्स के साथ सोमवार की रात क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। आंवला-बिसौली मार्ग स्थित गांव भवानीपुर तिराहे के पास एक कार रास्ते से हटकर आड़ में खड़ी नजर आई। पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। पुलिस कार की ओर बढ़ी थी कि इसी


आरोपियों के पास से बरामद हुई कार।

दौरान कार के पास खड़े लोगों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने खुद को बचाया और आत्मरक्षा के लिए बदमाशों पर गोली चलाई। कार के पास खड़े दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने दोनों का हिरासत में लिया। एक ने अपना नाम बरेली के थाना सुभाषनगर क्षेत्र के मोहल्ला रौंधी निवासी किशोर कश्यप पुत्र नन्हें लाल बताया। इसके बाएं पैर में गोली लगी। वहीं दूसरे बदमाश ने अपना नाम पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव निजामपुर मंडी निवासी प्रेमपाल बताया। उसके दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि उनके दो अन्य साथी पुलिस पर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए।

### एक सप्ताह पहले पकड़े थे चार बदमाश

पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह लूट के इरादे से भवानीपुर तिराहे के पास खड़े थे। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी किशोर पर पहले भी थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है। गिरफ्तार करने वालों में अपराध निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक सुजीत कुमार व जगवीर सिंह, हेड कांस्टेबिल सत्यवीर व रफीक अहमद, कांस्टेबिल अमरजीत, सुरेंद्र, हिमांक, चरन सिंह, सतीश, विशांत रहे। पुलिस ने सप्ताह भर पहले भी लूट की योजना बनाते चार बदमाशों को पकड़ा था।

## गीदड़ से टकराया बाइक सवार, दोनों की जान गई

**उघैती, अमृत विचार :** बिसौली-इस्लानगर रोड पर गीदड़ से टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। युवक की शिनाख्त करते युवक के परिजन को सूचना दी। परिजनों में चीत्कार मच गया।

हादसा सोमवार देर शाम बिसौली-इस्लामनगर रोड पर उघैती थाना क्षेत्र के गांव गदगांव के पास हुआ। सड़क पर अचानक गीदड़ आने से बाइक सवार उससे टकरा गया।

हादसे में गीदड़ और युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को बिसौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, लेकिन युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस सीएचसी पहुंची। युवक की शिनाख्त थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव काला कुंडा निवासी पुष्पेंद्र पुत्र राजीव यादव के रूप में हुई। वह सोमवार को बाइक से अपनी रिश्तेदारी में गए थे। कुछ देर के बाद गीदड़ ने भी दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे में बाइक सवार युवक और गीदड़ की मौत हुई है।

# घर में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, जेवर बरामद


जेल भेजने से पहले पुलिस की गिरफ्त में चोरी करने के आरोपी। ● अमृत विचार

- शादी समारोह में कोलकाता गए थे परिवार के सदस्य, चोरों ने घर को बनाया था निशाना

संवाददाता, उस्मानपुर

**अमृत विचार :** जरीफनगर पुलिस ने मंगलवार को चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किया सामान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

थाना जरीफनगर क्षेत्र की नगर पंचायत दहगवां निवासी विट्टन गुप्ता शादी में शामिल होने रिश्तेदारी में कोलकाता गए थे। चोरों ने 19 जून की रात उनके घर का ताला तोड़ा। अलमारी से एक अंगूठी, चांदी के दो सिक्के, बच्चों की स्टील की तीन गुल्लक जिसमें पांच हजार रुपये थे चोरी कर ली थी। विट्टन गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के बाद दहगवां निवासी दुष्यंत गुप्ता और शेखर के नाम सामने आए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके निशानदेही पर चोरी किए 4075 रुपये, सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के व नल का लोहे का हत्था बरामद कर लिया। गिरफ्तारी करने वालों में उपनिरीक्षक भूप सिंह, कांस्टेबिल मनोज कुमार, नरेश कुमार, अंकित कुमार, प्रदीप कुमार, प्रियंका शर्मा रहे।

**मिला नया ट्रैक्टर : ककराला, अमृत विचार :** मंगलवार को एक ट्रैक्टर ट्रॉली एवं एक टाटा मैजिक मिल गया। वाहन से कूड़ा उठाने में दिक्कत नहीं होगी।

# आश्वासन के बाद भी नदी में नहीं छोड़ा पानी


धरने को संबोधित करते जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह। ● अमृत विचार

- चौथे दिन भी जारी रहा कांग्रेस और ग्रामीणों का क्रमिक अनशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका के नालों का पानी रोकने के लिए नरूऊ हाईवे के पास कांग्रेस और ग्राम वासियों का क्रमिक अनशन चौथे दिन बुधवार को भी जारी रहा।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य डॉ. राम रतन पटेल के नेतृत्व में संघर्ष समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप सोलंकी, सौदान सिंह, तेजपाल कश्यप और प्रेम शंकर मिश्रा क्रमिक अनशन पर बैठे। शाम को जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने जूस पिलाकर क्रमिक अनशन तुड़वाया। क्रमिक अनशन पर बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश त्यागी, जिला संयोजक मनोज कश्यप, शेखूपुर विधानसभा अध्यक्ष संजय सागर डीपी सरोज, विकासशील, अमरजीत सिंह, ध्यान पाल सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने धरने का समर्थन करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी ग्राम वासियों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। इसमें जो भी प्रशासनिक और कानूनी प्रक्रिया होगी वह हम लोग भी मिलकर करेंगे। पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह ने कहा कि उझानी नगर का गंदा पानी जिस नाले से आ रहा है उस पानी को लिखित आश्वासन के बाद भी भैंसोरा नदी में नहीं डाला गया। अब गंदे पानी को इन गांवों की ओर नहीं आने दिया जाएगा। क्रमिक अनशन स्थल पर संघर्ष समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह सोलंकी, तेजेन्द्र पाल कश्यप कमल प्रताप सिंह ने कहा कि यह कोई राजनीतिक लड़ाई नहीं है। यह हमारे गांव के वजूद की लड़ाई है। धरना स्थल पर कुमारी कृतिका सोलंकी, नेपाल सोलंकी, दीपू सोलंकी राजपाल, राजाराम, हरी बाबू, रिंकू वेदपाल, मोतीराम कश्यप, महिपाल गोपी राघव, दिनेश राघव, अरविंद सिंह सोलंकी, लीला राघवेंद्र सोलंकी धनपाल, अमर सिंह, आयुष चौहान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** बाइक से जा रहे पिता और पुत्र को पेट्रोल पंप के पास ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। इस दौरान राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जहारपुर निवासी देवपाल ने कुंवरगांव पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जून को उनके भाई वीरेश बेटे संकेत के साथ बाइक से आंवला से वापस लौट रहे थे। शाम लगभग सात बजे कुंवरगांव क्षेत्र में गंज चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के पास गंज निवासी दीपक ने अपने ट्रैक्टर से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वीरेश और संकेत गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देवपाल ने दीपक से दोनों का इलाज कराने को कहा। दीपक और उनके पिता विष्णु दयाल, भाई रवि ने इलाज कराने से मना कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शोकाकुल परिवार से मिली सपा कमेटी


शोकाकुल परिवार से बात करते बदायूं सांसद आदित्य यादव, आंवला सांसद नीरज मौर्य और डेलीगेशन के अन्य सदस्य।

- मुख्यालय भेजी जाएगी रिपोर्ट कर्तव्य की हत्या का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी का डेलीगेशन मृतक कर्तव्य पटेल के परिवार से मिला। 15 जून को शहर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। डेलीगेशन में दो सांसद, तीन विधायक, दो पूर्व राज्यमंत्रियों ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। डेलीगेशन की ओर से पार्टी के मुख्यालय पर रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल की शौर्य ठाकुर नाम के युवक ने डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुख्य मार्ग पर हुए इस घटनाक्रम से पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगे। सपा मुखिया ने भी लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुद्दा उठाया। कांग्रेस ने भी सवाल उठाए थे। इसके बाद पुलिस पर दवाब बना। पुलिस ने आरोपी शौर्य ठाकुर को गिरफ्तार किया था। सपा मुखिया के निर्देश पर बदायूं सांसद आदित्य यादव, आंवला सांसद नीरज मौर्य, सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, विधायक संदीप पटेल, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, सहसवान विधायक बृजेश यादव, पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र दद्दा, पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार, पूर्व सांसद बाल कुमार पटेल, शेखूपुर विधानसभा अध्यक्ष अशोक यादव गांव बदरपुर पहुंचे। शोकाकुल परिवार से बात की। बदायूं सांसद ने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है, लेकिन ऐसे मामलों में सरकार पक्षपात करती है। भाजपा के विधायक और सांसद गैर कानूनी तरीके से धंधे और अपना काम कर रहे हैं। जनता इसका हिसाब 2027 के चुनाव में करेगी। आंवला सांसद ने कहा कि सपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। भाजपा की सरकार में जंगल राज है। दिन दहाड़े डीएम रोड पर हत्या हो जाती है। पुलिस अपराधी को पकड़ने में आनाकानी करती है। प्रदेश में हत्याएं हो रही हैं। इटावा की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है।

## सड़क हादसे में शिक्षक की मौत बेटी गंभीर घायल

**उसावां, अमृत विचार :** पिकअप ने बाइक सवार शिक्षक को टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक की मौत हो गई और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस हादसे की जांच पड़ताल कर रही है।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव अस्धरमई निवासी शिक्षक सियानंद (42) अपनी बेटी संगीता के साथ रिश्तेदारी में गए थे। यहां से मंगलवार शाम वह दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। रास्ते में पटना देवकली चौराहे के पास उसावां की तरफ से जा रही पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में सियानंद और संगीता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों से सूचना मिलने पर वाराकलां पुलिस चौकी के इंचार्ज प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को उसावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया।

जिला अस्पताल में चिकित्सक ने सियानंद को मृत घोषित कर दिया। सियानंद विकास क्षेत्र उसावां के गांव सथरा में तैनात थे। हादसे के दौरान वह हेलमेट लगाए थे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
सूचित किया जाता है कि विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु गणित, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, सामाजिक विज्ञान विषय के योग्य (बी.एड.) के शिक्षक, छात्रावास अधीक्षिका, कंप्यूटर लैब टेक्नीशियन, ड्राइवर, अनुचर की आवश्यकता है। साक्षात्कार 29 जून- 2025 सुबह नौ बजे से होगा। -**धनवती देवी सरस्वती आवासीय इंटर कॉलेज, उझानी (बदायूं) मो. 7818819872**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मौजुद्दीन व पुत्रवधु शहाना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हसमुद्दीन पुत्र फकीरी निवासी नगरिया कल्यानपुर तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र सुधीर सिंह को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **रघुवीर सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी ग्राम सिमरौली पो. व थाना करेली तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत (उ.प्र.)**

**सूचना**
हम अपने भाई अजीम अहमद पुत्र खुशबू अली एवं उसकी पत्नी राजिया से गलत चाल चलन और अपराधिक गतिविधियों के कारण अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। आज से अजीम अहमद, एवं उसकी पत्नी राजिया से किसी भी अच्छे बुरे कामों का किसी प्रकार का कोई भी हम से संबंध नहीं होगा। **फहीम अहमद पुत्र खुशबू अली निवासी ग्राम गुनारा थाना तहसील जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
मैनें अपने पुत्र सरताज व उसकी पत्नी मुस्कान को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अबरार पुत्र मेंहदी हसन निवासी ग्राम पालपुर कमलापुर, थाना कैन्ट, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है**
एक लड़की या महिला की, जो गर्ल्स होस्टल में रहकर सुपरविजन और खाना बनाने का कार्य कर सके। आकर्षक वेतन रहना खाना साथ में।
**सम्पर्क करें**
**रामपुर गार्डन, बरेली। मो. 9634260005, 9412148721**

**सूचना**
मैनें अपने पुत्र शाबान खान व पुत्रवधू शबा को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **अब्दुल हकीम पुत्र अब्दुल राउफ निवासी ग्राम बड़ागांव तह. पलिया जिला खीरी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र हसीन व उसकी पत्नी नरगिस को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा व हमारे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रफीक पुत्र स्व. श्री जुम्मी व श्रीमती रईसाली पत्नी रफीक निवासी 293, जगतपुर नई बस्ती, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्रों टिंकु सिंह व शिवकुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल- अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **श्याम बिहारी पुत्र मंगली निवासी ग्राम रम्पुरा रतन तहसील फरीदपुर जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरे पति महेन्द्र कुमार सक्सेना ने उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद से दिनांक 15.06.2004 को भवन संख्या-सी 1015, राजेन्द्र नगर नामक मोहल्ले के योजना नं. 2 बरेली का विक्रय अभिलेख अपने हक में कराया था। मेरे पति महेन्द्र कुमार सक्सेना का दिनांक 09.01.2024 को स्वर्गवास हो गया, मृत्यु के बाद उक्त मकान के मूल प्रपत्र जिसकी पुस्तक सं. 1 खण्ड सं. 932 पृष्ठ सं. 335/346 प्रमाण पत्र सं.-7242 है। उक्त के मूल पत्र वास्तव में कही गुम हो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिले। यदि कोई व्यक्ति प्रपत्रों का उपयोग करता है तो वह अवैध होगा। **मंगला सक्सेना पत्नी स्व. महेन्द्र कुमार सक्सेना नि. नार्थ एक्सेल बी-36 पूर्वांचल के सामने तह. व जिला बरेली**

**आवश्यकता है**
**दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की**
**संपर्क करें**
**कंपटीशन बुक हाउस कॉलेज बुक हाउस**
**5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली**



Admission Open
Session 2025-26
BIU College of Pharmacy — BIUCOP Bareilly — Towards Professional Excellence
**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
**BIU COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)

**ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)

Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)

Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)

**BIU College of Management**
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)

**Contact Details**
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
**Address**
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



FOPS Bareilly — Towards Professional Excellence
**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY**
**Faculty of Paramedical Sciences**
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
**Courses**
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**
**Courses**
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL**
**Courses**
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

**Rohilkhand College of Paramedical Sciences**
**Courses**
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

**Contact Details**
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
**Address**
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

दुर्जनेषु च सर्पेषु वरं सर्पो न दुर्जनः।
सर्पो दंशति कालेन दुर्जनस्तु पदे-पदे ॥

दुष्ट और सांप, इन दोनों में सांप अच्छा है, न कि दुष्ट । सांप तो एक ही बार डसता है, किन्तु दुष्ट तो पग-पग पर डसता रहता है ।


## संपादकीय

# महत्वपूर्ण उपलब्धि

स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य और आवास में प्रगति के आधार पर भारत 2025 के वैश्विक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) सूचकांक में शीर्ष 100 देशों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में देश की प्रगति को दर्शाती है। अभिमान की बात है कि देश की प्रगति का श्रेय बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार, गरीबी उन्मूलन, स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच और स्वास्थ्य सेवा को दिया जा रहा है। यह पहली बार है कि एसडीजी की वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष देशों की सूची में प्रवेश किया है। गौरतलब है कि 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करना, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पर्यावरण की रक्षा करना और 2030 तक वैश्विक सहयोग सुनिश्चित करना है। इनमें गरीबी उन्मूलन, अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु कार्रवाई जैसे लक्ष्य शामिल हैं। यह रैंकिंग भारत के लिए एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत को अपनी क्षेत्रीय और वैश्विक भूमिका को भी ध्यान में रखना होगा। भारत को अपने पड़ोसी देशों और अन्य विकासशील देशों के साथ सहयोग करना होगा ताकि वे भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग आवश्यक है।

भारत को अपनी नीतियों और योजनाओं को एसडीजी के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को भी सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। अभी केवल शुरुआत है, भारत को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत को गरीबी, भूख, स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा, आर्थिक विकास, उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।

# जब लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया।

बांग्लादेश युद्ध की कामयाबी ने इंदिरा गांधी को लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया था। 1971 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 352 सीटें हासिल हुई थीं। विपक्ष हताश था। उसी बीच 1973 में गुजरात में छात्रों का आंदोलन शुरु हुआ। फौरी कारण हॉस्टल में भोजन की दरों में बढोतरी था। फिर यह आंदोलन फैलता गया। मांगे जुड़ती गईं। मोरारजी देसाई गुजरात के मुख्यमंत्री चिमन भाई पटेल की बर्खास्तगी और विधानसभा भंग करने की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गए। जबरदस्त जनदबाव के बीच केंद्र को विधानसभा भंग करनी पड़ी। उधर बिहार का छात्र आंदोलन वहां की गफूर सरकार के खिलाफ़ था। आजादी के बाद से राजनीति से दूर रहने वाले जयप्रकाश नारायण की शख्सियत बहुत बड़ी थी। आंदोलन से उनके जुड़ाव का देशव्यापी प्रभाव पड़ा। जिधर वह निकले छात्र-युवा, "अंधकार में एक प्रकाश-जयप्रकाश-जयप्रकाश" के नारों के साथ उमड़ पड़े। पटना में बेकाबू पुलिस ने उन पर भी लाठियां चला दीं। नानाजी देशमुख और अंगरक्षक ने खुद पर प्रहार झेलकर जेपी की रक्षा की। इस हमले ने आंदोलन का अनेक राज्यों में विस्तार किया।

उधर 12 जून 1975 की तारीख ने देश की दिशा ही बदल दी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिराजी का रायबरेली से लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोप में रद कर दिया। 1971 में वह इस क्षेत्र से सोशलिस्ट नेता राज नारायण से चुनाव जीती थीं। 12 जून को ही गुजरात विधानसभा के चुनाव नतीजे आए। जनता मोर्चे की बढ़त ने कांग्रेस पर दोहरा दबाव बनाया। निर्वाचन रद होने के बाद इंदिराजी पर इस्तीफ़े का भारी दबाव था। उनके छोटे पुत्र संजय गांधी उस समय तक मदद में सक्रिय हो चुके थे। समर्थकों और दिल्ली तथा पास-पड़ोस से जुटाई जा रही भीड़ इंदिराजी समर्थन में नारे लगा रही थी। हाईकोर्ट ने उन्हें अपील के लिए 15 दिन का समय दिया था। बीच के 12 दिन भारी संशय और तनाव भरे थे। पर 24 जून को सुप्रीमकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ के जस्टिस कृष्णा अय्यर ने उन्हें राहत दी। जस्टिस अय्यर ने लोकसभा में मतदान के उनके अधिकार पर पाबंदी लगाई लेकिन प्रधानमंत्रीके पद पर बने रहने की इजाजत दे दी। विपक्ष फिर भी आक्रामक था। 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान की सभा ऐतिहासिक थी। लोकनायक जयप्रकाश नारायण और अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं ने जनता से संघर्ष तेज करने की अपील की। कहा कि सरकार कानूनी और नैतिक दोनों ही नज़रियों से सत्ता में रहने का हक़ खो चुकी है। उसके आदेश न माने जाएं।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए।

सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत के बाद इंदिराजी ने विरोधियों को ठिकाने लगाने के लिए कमर कस ली। संजय गांधी और उनकी सलाहकार मंडली इस समय तक अपना पूरा प्रभाव बना चुकी थी। बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थ शंकर रे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत आंतरिक इमरजेंसी की योजना लेकर आगे आए। योजना पर मंत्रिमंडल की सहमति की औपचारिकता अगली सुबह निभाई गई। 25 जून की रात को ही राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने बिना नानुकुर के इस पर दस्तख़त कर दिए। वह रात विरोधियों पर कहर बन कर टूटी। जयप्रकाश नारायण सहित तमाम विरोधी नेता बीच रात सोते से थानों पर ले जाए गए। लोगों को ख़बर होने के पहले भोर में ही उन्हें अलग-अलग जेलों के लिए रवाना कर दिया गया। गिरफ्तारियों का यह सिलसिला देशव्यापी था। अखबारों की बिजली काटी गई। सेंसरशिप लागू की गई। नागरिक अधिकार छीन लिए गए। लाखों विपक्षी जेल में थे। बाकी देश खुली जेल था। लोकतंत्र के सूरज पर तानाशाही के ग्रहण का पहरा था। अगले उन्नीस महीने सत्तादल की मनमानी और पुलिस-प्रशासन की जुल्म ज्यादती की तकलीफ़देह दास्तानों से भरपूर थे।

अदालत ने इंदिराजी की प्रधानमंत्री की कुर्सी खतरे में डाली थी। उसे हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38वां संशोधन लाया गया। आपात स्थिति की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नही किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया। 28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42वें संशोधन का दायरा व्यापक था। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। किसी केंद्रीय कानून के सर्वोच्च न्यायालय और राज्य के कानून के परीक्षण का अधिकार हाई कोर्ट को दिया गया। पर इसका उपबंध अदालतों के लिए किसी कानून को रद करना मुश्किल करता था। वह था "किसी भी संविधानिक वैधता के प्रश्न पर पांच से अधिक न्यायधीशों की बेंच द्वारा दो तिहाई बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। यदि बेंच के न्यायाधीशों की संख्या पांच ही हो तो सर्वसम्मति से निर्णय लिया जाएगा।" 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नही बना पायीं थीं। इस संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छः वर्ष कर दिया गया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को माखौल में बदल दिया। विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था। अनेक जजों और अखबारों ने सत्ता से तालमेल बिठाना सीख लिया था। जो ढर्रे पर नही आए, उन्हें पुलिस तथा अन्य सरकारी एजेंसियों का उत्पीड़न झेलना पड़ा। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता पर गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गयी। 18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीख़ें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा। पर इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी-उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम दिया। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदख़ल नहीं किया। रायबरेली जहां से पिछली बार इंदिराजी जीतकर अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं। 24 मार्च 1977 को मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी की सरकार बनी। इमरजेंसी की ज्यादतियों के खिलाफ़ एकजुट हुए इस पार्टी के घटक जल्दी ही आपस में उलझने लगे। 15 जुलाई 1979 को मोरारजी सरकार का इस्तीफ़ा हो गया। इस सरकार की नाकामियों और उस वक्त या बाद में उसके किरदारों की भूमिका एक अलग विषय है। पर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले इस सरकार के एक बड़े योगदान को जरुर याद रखना चाहेंगे। साथ में मशहूर वकील शांति भूषण को याद कर सकते हैं। यह शांति भूषण थे, जिन्होंने राजनारायण के वकील के तौर पर हाईकोर्ट में जबरदस्त पैरवी करके इंदिराजी का चुनाव रद कराया था। उन्ही शांति भूषण ने जनता पार्टी की सरकार के कानून मंत्री के तौर पर, इमरजेंसी में नखविहीन कर दी गईं अदालतों की गरिमा वापस कराई।

## प्रसंगवश

# आपदा की चेतावनी देती एक मछली

विगत दिनों तमिलनाडु के तट पर एक महाकाय मछली दिखने से लोग भयग्रस्त हो गए। क्योंकि देखी गई मछली को प्रलय का अग्रदूत माना जाता है। लोकश्रुतियां हैं कि जहां भी यह मछली दिखती है भयानक भूकंप या सुनामी आ जाती है। अब चूंकि मेरा मछलियों के विभाग से लंबा वास्ता रहा है, लोग मुझसे इसके बारे में विस्तार से जानना चाह रहे हैं।

यदि मेरी याददाश्त सही है तो मुझे इस मछली को देखने का मौका मुंबई में 1992-1993 में मिला था जब मैं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फिशरीज एजुकेशन (अब विश्वविद्यालय) में 'इन सर्विस' ट्रेनिंग के दौरान विशाल समुद्री पोत सरस्वती पर सुदूर समुद्र में था जहां बड़े यांत्रिक जालों से मछलियां पकड़ी जा रही थीं ताकि प्रशिक्षुओं को समुद्री मत्स्य संपदा से परिचित कराया जा सके।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक दिन यह विशालकाय फीताकार मछली जाल में आई दिखी तो सब हैरान रह गए थे। हमारे प्रशिक्षक ने बताया था कि वह दुर्लभ 'ओरफिश' है। यह नाम पहली बार वहीं सुना था। समुद्री पोत के क्रू मेंबर्स ने तब इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई थी क्योंकि इसके मांस का टेक्स्चर अच्छा न होने के कारण इसकी कोई खास वैल्यू नहीं थी।

दरअसल ओरफ़िश गहरे समुद्र की मछलियों के एक छोटे से परिवार रेगलेसिडे से संबंधित है। यह विशालकाय और बहुत लंबी पेलाजिक लैम्प्रिफॉर्म मछली हैं। ये समशीतोष्ण महासागर क्षेत्रों से लेकर उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों तक फैले क्षेत्रों में पाई जाती हैं। मगर बहुत कम ही देखी जाती हैं। ओरफ़िश परिवार में तीन प्रजातियां शामिल हैं। इनमें से ही एक, विशालकाय ओरफ़िश (रेगलेकस ग्लीसन) है और एक सबसे लंबी बोनी मछली है जो लंबाई में लगभग 8 मीटर (26 फीट) तक बढ़ जाती है।

ओरफिश को आम तौर पर "प्रलय को लाने वाली मछली" कहा जाता है। जापानी संस्कृति में, जब कोई ओरफिश सतह के पास दिखाई देती है, तो इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा की चेतावनी के रूप में लिया जाता है।

मगर वैज्ञानिक मानते हैं कि गहरे समुद्र में रहने वाली यह मछली तब सतह पर दिखाई देती हैं जब वे बीमार होती हैं, या मर रही होते हैं। जबकि आम लोगों में ओरफिश को देखना बेहद दुर्लभ माना जाता है और एक बार से अधिक दिखाई देने के बाद, इसे चेतावनी माना जाता है।

तमिलनाडु में देखे जाने से पहले, एक ओरफिश ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में स्ट्रैहान के पास के तट पर बहकर आई थी। ऐतिहासिक रूप से, मछली की उपस्थिति को बाद की प्राकृतिक आपदाओं, जैसे भूकंप या सुनामी आदि से जोड़ा गया है। केतोहोकू भूकंप और सुनामी के बाद जिसमें 20,000 से अधिक लोग मारे गए, जापान में कई लोगों ने 2009 और 2010 में देश के समुद्र तटों पर बहकर आई 20 ओरफ़िश को जिम्मेदार बताया था ।

हालांकि 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि ओरफ़िश की उपस्थिति और उसके बाद के भूकंपों के बीच का संबंध एक "भ्रामक सहसंबंध" है। मगर अब तमिलनाडु के तटीय वासी डरे सहमे किसी भारी आपदा का इंतजार कर रहे हैं।

ओरफिश 250 मीटर (660 फीट) से लेकर 1,000 मीटर (3,300 फीट) तक की गहराई पर स्थित एपिपेलैजिक से लेकर मेसोपेलैजिक महासागर परतों में रहती है और सतह पर शायद ही कभी देखी जाती है। लेकिन आमतौर पर अगर कोई सतह पर तैरती है, तो वह दबाव कम होने के कारण मर जाती है। ओरफिश जिस गहराई पर रहती है, वहां बहुत कम या कोई धारा नहीं होती है। नतीजतन, वे बहुत कम मांसपेशियों का निर्माण करती हैं और वे उथले अशांत पानी में जीवित नहीं रह सकती हैं।

# मुद्रा, बैंकिंग और आर्थिक विषमता



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं।

आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं, बल्कि सत्ता, नीति और सामाजिक विभाजन का उपकरण बन चुकी है। मुद्रा और बैंकिंग प्रणाली के विकास ने समाज में जहां आर्थिक क्रियाओं को तीव्रता और विस्तार दिया, वहीं एक गहरे और स्थायी आर्थिक विषमता के बीज भी बो दिए। सोने की ठोस मुद्रा से लेकर आज की अमूर्त डिजिटल मनी तक की यात्रा, केवल तकनीकी विकास की कथा नहीं है, बल्कि यह सत्ता-संबंधों और सामाजिक न्याय की गाथा भी है।

प्रारंभिक समाजों में वस्तु-विनिमय से शुरू होकर मुद्रा का विकास हुआ। जब मुद्रा धातु-आधारित थी- विशेषकर सोना या चांदी- तब उसका कुछ अंतर्निहित मूल्य था। किंतु जैसे-जैसे राज्य ने कागज़ी मुद्रा जारी करना शुरू किया, मुद्रा का वास्तविक मूल्य उसकी स्वीकृतिऔर राज्य की गारंटी पर निर्भर हो गया।

डिजिटल युग में यह और भी अमूर्त हो गई-अब यह केवल बहीखाते में दर्ज अंक हैं। इस अमूर्तता ने मुद्रा को एक राजनीतिक उपकरण बना दिया- जिसकी सृजन व नियंत्रण की शक्ति सीमित संस्थाओं के हाथ में केंद्रित हो गई।

जब राज्य अधिक मुद्रा छापता है, तो उससे उत्पन्न होती है मुद्रास्फीति-जिससे मुद्रा की क्रयशक्ति घटती है। परंतु यह गिरावट सभी पर समान प्रभाव नहीं डालतीः मजदूर की आय स्थिर रहती है, पर उसकी जीवन-शैली महंगी हो जाती है, पूंजीपति की संपत्ति का मूल्य बढ़ जाता है- जैसे ज़मीन, शेयर, सोना। इस प्रकार मुद्रा की अमूर्तता और सृजन की असमान प्रणाली, श्रम के शोषण और संपत्ति आधारित आय के वर्चस्व को स्थापित करती है। डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई जैसी प्रणालियां सुविधाजनक अवश्य हैं, पर इनके पीछे एक सर्वव्यापक निगरानी तंत्र भी सक्रिय है। इससे निम्न और मध्यम वर्ग के आर्थिक व्यवहार पर निगरानी, अंकन और मूल्यांकन संभव हो जाता है- जिससे सामाजिक सहायता योजनाओं, क्रेडिट स्कोर या सामाजिक हैसियत में भेदभाव संभव हो जाता है।

मुद्रा और बैंकिंग के विकास ने एक ऐसे समाज को जन्म दिया है जहां वास्तविक उत्पादन की अपेक्षा वित्तीय सौदेबाज़ी, ट्रेडिंग, और निवेश ही अधिक लाभदायक हो गए हैं। इससे श्रमिक और उत्पादक वर्ग की भूमिका गौण हो गई है, और वित्तीय वर्ग सामाजिक शक्ति के केन्द्र में आ गए हैं। यह वही संरचना है जो आर्थिक विषमता को न केवल जन्म देती है, बल्कि उसे संस्थागत रूप भी देती है। जॉन मेनार्ड कीन्स ने इन बातों पर ध्यान दिया था।

यह तर्क दिया जा सकता है कि मुद्रा और बैंकिंग के ये रूप केवल आधुनिकता के स्वाभाविक परिणाम हैं। किंतु यह सत्य नहीं है। यह पूरी व्यवस्था राजनीतिक और नीतिगत विकल्पों द्वारा निर्मित की गई है।

मुद्रा की सृजन प्रक्रिया पर लोकतांत्रिक नियंत्रण नहीं है। इस बात पर सोचा जाना चाहिए कि बैंक अपने जमाकर्ता को फिक्स्ड डिपोजिट पर जो सूद देता है उसकी दर मुद्रास्फीति की दर की तुलना में क्या है।

मुद्रा और बैंकिंग के अमूर्त रूपों ने जहां आर्थिक गतिविधियों को व्यापक और तीव्र बनाया, वहीं उन्होंने समाज में गहराती आर्थिक विषमता को वैधता और स्थायित्व भी दिया। यदि इस प्रवृत्ति को रोका न गया, तो हम एक ऐसे समाज की ओर अग्रसर हैं जहां मुद्रा की सुविधा केवल एक वर्ग के लिए है और शोषण की अनिवार्यता शेष समाज के लिए। क्या मुद्रा, चाहे वह भौतिक हो, डिजिटल हो या क्रिप्टो हो, संस्थानशून्यता, में काम करती है या किसी खास तरह के संस्थान से सामंजस्य स्थापित करके चलती है? मुद्रा केवल विनिमय का माध्यम नहीं है, यह एक सामाजिक अनुबंध, राजनीतिक शक्ति और न्याय की प्रक्रिया का हिस्सा है। जब राज्य या बैंक मुद्रा का निर्माण करते हैं, तो वे केवल आर्थिक प्रवाह नहीं, सामाजिक संबंधों की संरचना भी तय कर रहे होते हैं।

जिस समाज में मुद्रा तक पहुंच आर्थिक हैसियत, क्रेडिट स्कोर, या संपत्ति पर निर्भर हो, वहां मुद्रा सामाजिक विभाजन का औजार बन जाती है और इस प्रकार, सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरी नहीं उतरती। मुद्रा के अर्थशास्त्र को केवल तकनीकी या मूल्य-सिद्धांत की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, राजनीतिक और नैतिक नजरिए से देखना ज़रूरी है। हमने इसी व्यापक दृष्टिकोण की ओर कदम बढ़ाया है-और वह न केवल उपयोगी है, बल्कि समय की मांग भी है।

## सोशल फोरम

# कल्पित बंधुत्व

इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!

पिछले 100 सालों में हमारे देश में किसिम-किसिम के अंतर्राष्ट्रीयतावादी हुए। उनमें कुछ अपने को 'विश्वमानव' तो कुछ 'विश्व क्रांतिकारी' समझने लगे थे। उनके लिए देश हमेशा एक छोटी जगह रही है। उन सभी ने अपने-अपने नशे में देशप्रेम को फिजूल की चीज मान लिया। अंतर्राष्ट्रीयता एक कल्पित बंधुत्व है, वह मनुष्य के चित्त को व्यापक करती है। पर जब एक नशा बन जाती है भारतीयता, स्थानीय राष्ट्रीयता, मातृभाषा, लोक संस्कृति जैसी चीजें फिजूल लगने लगती हैं। इन दिनों वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीयता की हवा निकाल दी है और कई भ्रांतिपूर्ण चीजों को ही रियलिटी घोषित कर दिया है!



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कुछ बुद्धिजीवी लंबे समय से भारतीय राष्ट्र को एक 'कल्पित समुदाय' के रूप में देखते रह गए और खुद अंतर्राष्ट्रीयतावाद एक कल्पित भावना में बदल गया– एक कल्पित बंधुत्व, एक कल्पित स्वतंत्रता और एक कल्पित समानता! ऐसी कई भ्रांतिपूर्ण जगहें बन गईं जिनमें सारे बड़े स्वप्न खो गए, यथार्थ खो गए और हर तरफ 'भ्रांतिपूर्ण' छा गया! यह भी देखा जा सकता है कि बड़े व्यापारियों का कोई देश नहीं होता। अरबों में खेलने वाले ऐसे कई व्यापारी 'डबल सिटिजनशिप' रखते हैं। वे अपनी कल्पना 'विश्व नागरिक' के रूप में करते हैं। उनके लिए मुनाफा ही उनका देश है! दूसरी तरफ, बहुत से लोग पेड़ की एक डाल लेकर, उसे ही नचा-नचा कर पूरा पेड़ बताते हैं। वे पूरे भारत की चिंता नहीं करते। देश में जब से लोकप्रियतावादी लोकल प्रचारों का बोलबाला बढ़ा है इतिहास, संस्कृति के साथ देश को भी खंड-खंड देखा जा रहा है। इसे विभिन्न संकुचित स्वार्थों की जमीन से देखा जा रहा है, जहां प्रेम नहीं घृणा है। घृणा के रंग कई हैं, पर नतीजा एक है विनाश।

-फेसबुक वॉल से

# विकास से महाविनाश की ओर



निरंकार सिंह
वरिष्ठ लेखक

बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दुनिया भर के वैज्ञानिक अब अनुभव कर रहे हैं कि आधुनिक औद्योगिक विकास के जिस रास्ते पर हम जा रहे हैं वह विकास नहीं बल्कि महाविनाश की ओर ले जा रहा है। आज हमारे देश के तमाम शहर और कस्बे मोटर और मोटर सायकिलों के कारण जाम, धूल-धुंआ और गहरे प्रदूषण के शिकार हो गए हैं। जहां सांस लेने के लिए न शुद्ध हवा है और न तो पीने के लिए साफ पानी ही है। हमारी फसलें और सब्जियां भी खतरनाक कीटनाशकों से ग्रस्त हैं। उधर कई देशों के बीच चल रही जंग से भी हमारा पर्यावरण गहरे प्रदूषण की चपेट में है। जंग सिर्फ इंसानों की जान ही नहीं लेता बल्कि यह हमारी धरती को भी गंभीर रूप से बीमार कर रहा है। बम के धमाकों से निकलने वाला प्रदूषण, इमारतों के नष्ट होने से उत्सर्जित ग्रीन हाउस गैसें, ये सभी मिलकर हमारे पर्यावरण को ऐसी क्षति पहुंचा रहे हैं जिससे उबरना अब बहुत मुश्किल है।

दरअसल बहुत से लोग यह सोचते हैं कि पर्यावरण या जलवायु परिवर्तन भविष्य की घटना है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। वे यह नहीं जानते इस बड़े संकट से हम जूझ रहे हैं। दुनिया भर में पारिस्थितिकी तंत्र और लोग आज जलवायु परिवर्तन की चल रही प्रक्रिया से प्रभावित हैं। जलवायु परिवर्तन पर्यावरण को कई अलग-अलग तरीकों से प्रभावित करता है, जिसमें तापमान में वृद्धि, समुद्र का जलस्तर बढ़ना, सूखा, बाढ़ और बहुत कुछ शामिल है। ये घटनाएं उन चीजों को प्रभावित करती हैं जिन पर हम निर्भर हैं और जिन्हें हम महत्व देते हैं, जैसे पानी, ऊर्जा, परिवहन, वन्यजीव, कृषि, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव स्वास्थ्य।

इस सदी के अंत तक धरती का तापमान 4.9 डिग्री तक फारेनहाइट बढ़ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो ये धरती पर भीषण तबाही मच जाएगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी के गर्म होने से महासागरों का जलस्तर इतना बढ़ जाएगा कि कई द्वीप देश हमेशा के लिए डूब जाएंगे। हैम्बर्ग विश्वविद्यालय में ध्रुवीय अनुसंधान के प्रोफेसर और इस शोध में हिस्सा लेने वाले वैज्ञानिक डर्क नॉट्ज के अनुसार धरती के बढ़ते तापमान से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाली जगहों में आर्कटिक सबसे ऊपर है। पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव के आसपास का क्षेत्र लगातार गर्म होता जा रहा है। प्रोफेसर डर्क नॉट्ज के अनुसार, आर्कटिक वैश्विक औसत से चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन से पता चला है कि आर्कटिक में दैनिक तापमान आने वाले समय में सभी पुराने रिकॉर्ड से पार चला जाएगा। आर्कटिक महासागर लगातार कई गर्मियों तक अपने बर्फ के आवरण को खो देगा। ग्रीनलैंड का पिघलने वाला क्षेत्र चौगुना हो जाएगा और पर्माफ्रॉस्ट क्षेत्र आधे से भी कम हो जाएगा। ये परिवर्तन केवल बर्फ और पानी तक सीमित नहीं होंगे। वन, वन्यजीव और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के जोखिम का सामना कर रहा है। महासागरों में पानी का स्तर बढ़ा तो मानव बस्तियों और बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान होगा।

डरहम विश्वविद्यालय का अध्ययन विज्ञान पत्रिका कम्युनिकेशंस अर्थ एंड एनवायरमेंट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। प्रमुख शोधार्थी प्रोफेसर क्रिस स्टोक्स ने बताया कि लक्ष्य हासिल करने के बावजूद समुद्र के स्तर में वृद्धि की गति तेज होती रहेगी। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण से अंटार्कटिका के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अंटार्कटिका शायद एक तरह के टाइम बम के ऊपर तैर रहा है। अंटार्कटिका में कम से कम 100 ऐसे ज्वालामुखी हैं जिनके बारे में बहुत अधिक जानकारी मौजूद नहीं है। इनमें से कुछ पश्चिमी तट पर स्थित है तो वहीं कुछ ज्वालामुखी सतह के ऊपर हैं। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो बर्फ की चादर से कई किलोमीटर नीचे स्थित है। जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघलती बर्फ से नीचे की चट्टानों का वजन भी कम हो रहा है। कंप्यूटर सिमुलेशन के आधार पर यह दावा किया गया है कि अगर अंटार्टिक बर्फ की चादर को ज्यादा नुकसान होता है तो नीचे दबे हुए ज्वालामुखी के फटने का खतरा काफी बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों ने कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से ये जानने का प्रयास किया कि, बर्फ की चादर पिघलने से अंटार्कटिका के ज्वालामुखियों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। इन सिमुलेशनों से यह निष्कर्ष निकला कि धीरे-धीरे पिघलती हुई बर्फ के कारण ज्वालामुखी विस्फोट की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।

वैज्ञानिकों का कहना हैं कि दुःख की बात ये है कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है। अगर और बुरी हालत बनती है तो इसके नतीजे भुगतने के लिए सभी जीवों को तैयार रहना पड़ेगा क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर रोकथाम हो ही नहीं रही है। उससे पूरा वायुमण्डल खराब होता जा रहा है। लेकिन अभी भी यदि हम नहीं संभले तो शायद जल्दी ही वापस लौटने के लिए बहुत ही देर हो चुकी होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### रंजिश के चलते युवक पर किया फायर

**रामपुर, अमृत विचार :** नींव खोदने का विरोध करना ग्रामीण को भारी पड़ गया। गुस्साए लोगों ने उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मंसूरपुर निवासी नवाब अली का कहना है कि वह जब 12 जून को जब वह खेत पर गया तो वहां अवैध रूप से कब्जा करके अनवार, एहसान, इशाक अली, मुराद, शाहरुख, सद्दाम और दो अज्ञात लोग नींव खोद रहे थे। पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने नवाब अली को लाठी-डंडों से पीटते हुए फायरिंग कर दी। जिससे वह बाल-बाल बच गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी मौका पाकर भाग गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने 8 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती की चुन्नी खींचने का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक का कहना है कि उसकी बहन की शादी के लिए परिजन जहां पर बात करते हैं। वहीं पर आरोपी युवक रोहित किसी तरह से संपर्क कर रिश्ता तुड़वा देता है। 22 जून को युवती की गोद भराई थी, लेकिन आरोपी युवक ने युवती के इंस्टाग्राम से कुछ फोटो युवक पक्ष के लोगों के संपर्क में आकर उनको दे दिए। जिससे रिश्ता खत्म करा दिया। रोहित से जब इस बारे में जानकारी ली तो उसने कहा कि कहीं पर भी शादी नहीं होने देगा। आरोप है कि उसकी बहन कोचिंग जा रही थी तभी उसकी चुन्नी पकड़कर खींचने का प्रयास किया। पुलिस ने युवक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 10 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**स्वार, अमृत विचार :** पुलिस ने मुखबिर ने सूचना पर आरोपी को दबोच लिया और तलाशी के दौरान कार से 10 ग्राम स्मैक बरामद कर कोतवाली ले आई। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम थाना टांडा के गांव देवीपुरा निवासी मोहम्मद सलमान बताया है।

### जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिली थी बच्ची

# न चाहकर भी सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल को लेना पड़ा वाची का एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** आम से खास हुई वाची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के प्रबंधन को न चाह कर भी लेना पड़ा। हकीकत यह कि वाची के पिता मुख्यमंत्री से न मिलते तो यहां एडमिशन कराने वाला कोई नहीं था।

डीएम और बीएसए समझाकर वक्त निकालने की कोशिश में थे। मुख्यमंत्री के पास जाने के बाद अधिकारियों ने उसे फोन कर एडमिशन होने की जानकारी दी। पिता अमित कुमार और मां प्राची जिलाधिकारी के कहने पर मंगलवार की सुबह 11 बजे वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे। जहां एडमिशन से संबंधित बाकी प्रक्रिया पूरी कराई गई। जिसके बाद वाची के वहां पढ़ने लिए प्रवेश होने पर लगा मानों सपने को पंख लग गए हों। वाची ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान लखनऊ में मुख्यमंत्री से अपने एडमिशन की गुहार लगाई थी।

#### नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की दिखी खुशी

मंगलवार सुबह वाची को लेकर सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पहुंचे अमित के चेहरे पर एडमिशन की खुशी के साथ नियमों की अनदेखी से लड़कर सफलता मिलने की थी। वाची के पिता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पल भर में एडमिशन होने का आदेश दिया तो लगा कि अब उनकी बच्ची का भविष्य संवर जाएगा।

- अधिकारी समझाकर वक्त निकालने का कर रहे थे प्रयास
- सोमवार को फोन कर दी एडमिशन होने की जानकारी

#### डीएम बोले बधाई हो... बेटी का एडमिशन हो गया

वाची के पिता अमित कुमार ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री के जनता दरबार से निकलने के साथ ही डीएम अनुज सिंह ने फोन कर पूछा कहां हो बधाई हो, आपकी बच्ची का एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में ही हो गया है। मैंने बताया कि मैं बच्ची के साथ लखनऊ से लौट रहा हूं। उन्होंने कहा कि स्कूल चले जाना। उसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने कई बार फोन कर जानकारी ली।

#### स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य कर रहे थे इंतजार

सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में अपनी बच्ची का एडमिशन कराने की इच्छा रखने वाले अमित का मुख्यमंत्री के पास पहुंचने के बाद स्कूल में आने को लेकर स्कूल प्रबंधन और प्रधानाचार्य दोनों इंतजार कर रहे थे।



स्कूल के बाहर अमित कुमार, मां प्राची व बहन के साथ वाची। ● अमृत विचार

### आरटीई के तहत आवंटित 1098 बच्चों का अब तक नहीं हो पाया एडमिशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिक्षा अधिकार अधिनियम के जिले पर बनाई गई कमेटी के द्वारा महानगर के 297 स्कूलों में 5712 बच्चों का एडमिशन कराया जाना था। बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने बताया कि 4614 बच्चों का एडमिशन हो चुका है। जिसमें 1098 बच्चों के प्रमाण पत्र व अन्य प्रपत्रों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच में प्रपत्र सहित पाए जाने के बाद यदि कोई विद्यालय आरटीई के तहत आवंटित हुए स्कूल में बच्चे का एडमिशन नहीं लेता है तो उसके खिलाफ कमेटी गठित कर मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों में कल से खंड शिक्षा अधिकारी आरटीई के बच्चों की सूची से होने वाले एडमिशन की जांच करेंगे। अभिभावकों से बात कर एडमिशन की पुष्टि करेंगे। गड़बड़ी मिली तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# अंतर्जनपदीय गिरोह के चार शातिर पकड़े लूट की कई वारदातों का किया खुलासा

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबोचे बदमाश, पूछताछ के बाद भेजा जेल

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के अंतर्गत थाना छजलैट क्षेत्र में हुई चोरी, लूट की वारदातों का खुलासा करते हुए अंतर्जनपदीय गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी, सोने चांदी के आभूषण, घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ गौरव त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल के नेतृत्व में छजलैट थाना पुलिस के उप निरीक्षक वासिफ अहमद, आनंदपाल सिंह, उचित कुमार, गौरव कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।





चोरी की घटनाओं का खुलासा करती छजलैट पुलिस। ● अमृत विचार

टीम को मंगलवार को सूचना मिली कि स्विमिंग पूल के पास एक मकान में हुई लूट में शामिल लोग किशनपुर की पुलिया के पास है। जो आज फिर ऑटो से कहीं घटना करने की फिराक में कूड़ा मीरपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना पर टीम को एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस ने ऑटो को रोकने का प्रयास किया तो बदमाश भागने लगे। पुलिस ने बल प्रयोग कर राजेंद्र सिंह पुत्र इंदर सिंह निवासी मौहल्ला सराय फारुख कस्बा अगवानपुर, अमन पुत्र बाबू सिंह उर्फ कुंवर सिंह निवासी ग्राम हिमापर थाना भोजपुर, रईस पुत्र सफीक ग्राम तिगाला थाना डिलारी, नसीम पुत्र सलीम अख्तर निवासी मोहल्ला लंगड़े की पुलिया असलतपुर चारों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में स्विमिंग पूल के पास मकान में घुसकर लूटपाट, फूलपुर मिठनपुर में हुई चोरी, कटघर क्षेत्र में लूट, मूंडा पांडे की चोरी सहित कई वारदाते स्वीकारी।

### बीमारी से परेशान युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

**मसवासी, अमृत विचार :** मंगलवार को ट्रेन 65302 काशीपुर से बरेली जा रही थी। दोपहर 12बजे बाजपुर क्षेत्र में घोघा नदी रेलवे पुल के नजदीक एक व्यक्ति ट्रेन के आगे कूद गया। जिसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसे जांच कर मृत घोषित कर दिया। जानकारी के बाद सरकारी अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। बाजपुर रेलवे पुलिस में एएसआई कृष्ण सिंह राणा भी टीम के साथ अस्पताल पहुंच गए। मृतक की शिनाख्त जेब से मिले आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों से मानपुर उत्तरी स्वार रामपुर (उप्र) निवासी 38 वर्षीय मोहम्मद सुल्तान अहमद पुत्र मकबूल अहमद के रूप में हुई है। मृतक काफी दिनों से बीमार और मानसिक रूप से परेशान था। हादसे की जानकारी मिलने पर कुछ ही देर में परिजन एवं अन्य लोग सरकारी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### 5500 रुपये लेकर 500 का चालान देने का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा वन विभाग चौकी के निकट ट्रैफिक पुलिस के एक दरोगा ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक पर बैठे पिता-पुत्र को रोक कर बाइक के कागजात चेक किये। बीमा, पॉल्यूशन, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 10 हजार का चालान करने की बात कही। अनुरोध करने पर कहा कि 5500 रुपये दो नहीं तो ऑनलाइन 10000 का चालान भरना होगा। बाइक सवार ने खुद को पत्रकार बताया तो दरोगा भड़क गया और अभ्रदता की। उत्तराखंड के थाना जसपुर के गांव मेघा वाला निवार मंडी निवासी सूरज सिंह ने इस तरह के आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र में कहा कि उनका पुत्र जयवीर सिंह भयभीत हो गया और दरोगा को 5500 रुपये दिए। 1 घंटे बाद ऑनलाइन 500 रुपये चालान का मेसेज पहुंचा। बताया कि उसने दरोगा को कॉल किया तो धमकी दी कि जिस दिन हाथ लगेगा 25000 का चालान काटेगा। उसने अ जिसकी वीडियो भी वायरल हो रही है।

### सील बैक्वेट हॉल में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमडीए द्वारा सीलबंद गेस्ट हाउस के कार्यालय का ताला तोड़कर चोर एलईडी, इन्वर्टर, बैटरी समेत हजारों का माल ले गए। चोर सीसीटीवी की डीवीआर भी ले गए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मझोला के मानपुर नारायणपुर निवासी अधिवक्ता भगवत सरन सैनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका लक्ष्मी गेस्ट हाउस नाम से एक बैक्वेट हॉल ढक्का रोड बिजली घर के पास है। जो एमडीए ने 2 मई को सील कर दिया था। वह गेस्ट हाउस पर गए थे। गेस्ट हाउस के गेट से अंदर कार्यालय की ओर देखा तो गेट का ताला टूटा हुआ था। सूचना 112 पर कॉल करके पुलिस को दी। रामतलैया चौकी प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बगल में स्थित मकान की छत से गेस्ट हाउस में पहुंचे तो पता चला कि उसमें लगी एलईडी, सीसीटीवी कैमरा, उसका डीवीआर, इन्वर्टर बैट्री, कुर्सी मेज गायब थे। ऑफिस के दराज में रखे 6-7 सीसीटीवी भी गायब थे। इसक अलावा गेस्ट हाउस के टीनशेड में खड़ी कार से स्टेफनी, बैटरी, सेल्फ भी चोरी हो चुके थे। थाना मझोला के प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, एक गंभीर

**अगवानपुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जो जिला अस्पताल में भर्ती हैं। नगर पंचायत के मोहल्ला कलालपुरी निवासी सगीर मजदूरी करता है। दो शादीशुदा बेटियां घर आई हुई थी। पुरानी रंजिश में सलीम पुत्र खुर्शीद, अरबाज पुत्र शराफ़त ने बेटियों की बुरी तरह पिटाई कर दी। जिसमें एक को गंभीर चोटे आई है। जिसे ज़िला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने छह लोगों के खिलाफ अगवानपुर पुलिस चौकी में तहरीर दी। पहले भी आरोपियों ने एक महिला के साथ मारपीट की थी। जिसकी मृत्यु हो गई थी।

### विद्युत संविदा कर्मी को मारपीट कर किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** बिलारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पालनपुर गांव निवासी शहंशाह अली ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह संविदा पर लाइनमैन है। बताया कि मोहल्ला अंसारियांन साजिद अंसारी एसी और फ्रिज की मरम्मत का कार्य करता है। उसने तहसील में एसी ऐसी लगाया था। बताया कि उसके पास साजिद का फोन आया कि वोल्टेज कम हो रहे हैं इसी दौरान फोन पर उसने गाली-गलौज की। सोमवार को मुरादाबाद रोड पर गैस एजेंसी वाली गली के सामने उसे घेर लिया और गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### तीन दुकानों से जेवर, नगदी व सामान चोरी

**भगतपुर , अमृत विचार :** ग्राम चांदपुर गढ़ी में चोरों ने चार दुकानों को निशाना बनाया। तीन दुकानों से जेवर, नगदी व अन्य सामान चोरी कर लिया। चौथी दुकान में चोरी का प्रयास किया हालांकि वहां से कुछ सामान नहीं ले गए। मंगलवार तड़के थाना भगतपुर पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस की गाड़ी ग्राम चांदपुर गढ़ी के बाजार में पहुंची तो एक दुकान के पास संदिग्ध नजर आए। पुलिस को आता देख वे गांव की तरफ भाग गए। टीम ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया परंतु सफलता नहीं मिली। पुलिसकर्मियों ने दुकानों के पास पहुंचकर ग्रामीणों को जगाया। दुकानदार पहुंचे तो मनोज चौधरी की सर्राफा दुकान से सोने-चांदी के जेवर व नगदी गायब थी। हाजी भूरा की किराना दुकान से नगदी व सामान और योगेश वर्मा की आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान से भी चोरों ने काफी सामान चोरी कर लिया। हिदायत अली की कॉस्मेटिक की दुकान में चोरों ने चोरी का प्रयास किया परंतु वहां से कोई सामान नहीं ले गए। चोरों ने शटर काटकर घटनाओं को अंजाम दिया। मनोज चौधरी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। सूचना पाकर सीओ ठाकुरद्वारा, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम एवं डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### साइकिल व डाक के पैकेट चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला फकीर गंज निवासी सुरेश चंद्र पुत्र सुख सिंह कांठ डाकघर में कर्मचारी है। 16 जून को वह डाक वितरण करने के लिए मोहल्ला विशनपुरा गए थे। वहां उनकी साइकिल और डाक के 63 पैकेट अज्ञात चोर ने चुरा लिए थे। थाना पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए मो. शोएब पुत्र सफीक अहमद निवासी मोहल्ला चौधरियन कस्बा सहसपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से डाक के 63 पैकेट बरामद हुए हैं। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

### जेब से रुपये व मोबाइल छीनने का आरोप

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम मथाना निवासी हेमंत ने थाना छजलैट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के दो लोग उसे घर से बुलाकर गांव में नहर के पास ले गए। आरोप लगाया कि उक्त दोनों ने जेब से पांच हजार रुपये व मोबाइल निकालकर बाइक की चाबी ले ली। उसने विरोध किया तो मारने पीटने लगे। आरोपी उसका सामान नहीं लौटा रहे है। पीड़ित ने थाना पहुंचकर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

### ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर खोला ढाबा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर निवासी गोविंद पुत्र महेंद्र सिंह मोहल्ला बंजारन ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि पशुपति फैक्ट्री के निकट स्थित नहर के पास ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर उसमें ढाबा संचालित कर दिया है। वहां नशीले पदार्थों व अवैध वसूली का काम संचालित किया जा रहा है। इससे वहां पर दुर्घटनाएं होने की आशंका बढ़ गई है। इसे ध्वस्त कराने की मांग की है।

### जनरेटर स्टार्ट करते समय करंट से झुलसा युवक

**शाहबाद, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी यशपाल लाइट डेकोरेशन का काम करता है। मंगलवार को सुबह लाइट का काम करने महेवा गांव गया था। इस दौरान जनरेटर स्टार्ट करते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जनरेटर पर गिर गया। हादसे में वह जनरेटर के करंट से झुलस गया। घायल की चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर आ गए। आनन-फानन में उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# हादसे में बाइक सवार मजदूर की मौत

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र में रात हुए सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



केशवराव का फाइल फोटो।

रहपुरा निवासी 55 वर्षीय केशवराव भैंसोड़ी गांव में अपनी बहन के घर गए थे। सोमवार रात बाइक से वापस घर लौट रहे थे। मिलक से पटवाई जाने वाले मार्ग पर रात 10 बजे ग्राम पटिया के निकट अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद अज्ञात चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। टक्कर लगने पर केशवराव की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक की जेब से मिले आधारकार्ड से मृतक की पहचान हुई। उनके परिजनों को हादसे की खबर दी। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पहुंचे। मृतक के बड़े पुत्र यशपाल ने पुलिस को बताया कि उसके फुफेरे भाई की तबीयत खराब चल रही थी। उसे देखने के लिए उसके पिता बुआ के घर गए थे। वहां से वापस लौट रहे थे और रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। मृतक खेती और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते थे। मृतक की पत्नी गंगा देवी, दो पुत्र एवं तीन पुत्रियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों के द्वारा तहरीर मिलने के बाद संबंधित कार्रवाई की जाएगी।

### किसान के शव का किया अंतिम संस्कार

**रामपुर, अमृत विचार :** डीजल लेने जा रहे भगवत सरन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल



भेज दिया था। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद का मझरा निवासी 40 वर्षीय भगवत सरन किसान था। वह सोमवार शाम को डीजल लेने के लिए जा रहा था कि घर से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### कांवड़ यात्रा के दौरान प्रमुख रोड से हटेगा अतिक्रमण

**बदायूं, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को लेकर सीओ उझानी डॉ देवेंद्र कुमार ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इसमें कावंड यात्रा के दौरान रास्तों को सुगम बनाने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। व्यापारियों ने पुलिस से मांग करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शहर के प्रमुख मार्ग छह सडका से घंटा घर, खैराती चौक से नेहरू चौक, नेहरू चौक से गोपी चौक तक रोड पर लगने वाले ठेले वालों को हटाया जाए। दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। यातायात मार्ग पर बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था की जाए। निगरानी के लिए चौराहों पर कैमरे लगाए जाएं।

### सामूहिक दुष्कर्म, हत्या की कोशिश व लूट में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला की क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां के अनुसार मोहल्ले का ही एक युवक कई महीनों से उसकी बेटी का पीछा कर रहा था। दोस्ती का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिला दुष्कर्म किया और फिर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। 2022 में अपहरण कर निकाह का दबाव बनाया गया, पूर्व में भी मुकदमा दर्ज हुआ था। युवती ने हैदराबाद के एक सैलून में काम शुरू किया। आरोपी ने वहां भी मारपीट की। बेटी को दिल्ली भेजा तो आरोपी उसे दरगाह ले जाने के बहाने साथ ले गया, जहां एक कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। अगले दिन पंडित नगला स्थित एक रिश्तेदार के घर ले गया, जहां युवक के चाचा और मामा ने भी गैंगरेप किया। चार दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। 7 जून को आरोपियों ने पीड़िता को मारने की कोशिश की, लेकिन शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग आ गए। आरोपियों ने जाते समय युवती के पास मौजूद नगदी और सोने-चांदी के जेवरात भी लूट लिए और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोट दर्ज कर ली है।

# नोएडा के निर्यातक समेत 6 पर धोखाधड़ी व छेड़छाड़ की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फर्म संचालक दंपती से करोड़ों की ठगी, अभद्रता का आरोप

**अमृत विचार:** नोएडा के एक्सपोर्टर समेत छह लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी और छेड़छाड़ में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई डीआईजी के आदेश पर फर्म संचालक की पत्नी की तहरीर पर की है।

थाना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति की हैंडीक्राफ्ट फर्म है। महिला ने बताया कि कुंदरकी के नानपुर निवासी सिराज ने पति की नोएडा स्थित न्यू क्राफ्ट्स मेटल्स के मालिक अमित कौशिक, प्रोडक्शन मैनेजर राघव बंसल से मुलाकात कराई और पति की फर्म को करोड़ों के ऑर्डर देने का झांसा दिया। अमित कौशिक ने सिराज और अभिनय को फर्म से 10-10 पीस सैंपल दिए। इसी बीच आरोपी सिराज, अभिनव, राघव, राजकुमार फर्म से अमित कौशिक के कहने पर सभी एक्सपोर्ट सैंपल के 200-200 पीस ले गए। आरोप है कि 10 नवंबर 2023 को फर्म में चारों आए और एक करोड़ नौ लाख 8 हजार 36 रुपये के ब्रास के आइटम बनवाने का आर्डर देकर चले गए।

पति ने 510285 रुपये 5497203 रुपये के माल की सप्लाई कर दी। जिसके भुगतान को तीन चेक दे दिए। उसी समय एक करोड 74 लाख 90 हजा रुपये का दूसरा आर्डर जल्दी तैयार कर भेजने और बिजनेस में तेजी लाने को कहकर चले गए। पीड़िता के पति ने माल तैयार कर भेज दिया। लेकिन आरोपियों ने चेकों का भुगतान रुकवा दिया। पूछने पर उन्होंने खाते में धनराशि कम होने का हवाला देकर टाल दिया। सात अप्रैल 2024 ने नोएडा जाकर देखा वहां गेट पर फर्म का नाम बदलकर साइन बोर्ड लगा दिया था। पति को गार्ड ने धक्का मारकर भगा दिया। आरोपी दो करोड़ 83 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। आरोपी सिराज, अभिनव, राघव बंसल व राजकुमार फर्म में आए और खाना खाने के दौरान उससे छेड़खानी की। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# आरोपियों को थाने से छोड़ा

संवाददाता, विजय नगला(बदायूं)

- 16 जून की रात दुकान से सामान लाने की बात कहकर निकली थीं
- पुलिस ने नोएडा से बरामद की थीं लापता किशोरियां और आरोपी

**अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र एक गांव से दो सगी नाबालिग बहनें व उनकी सगी नाबालिग तहेरी बहन 16 जून की रात दुकान से सामान लाने की बात कहकर घर से निकली थीं, जो देर रात तक वापस नहीं लौटीं तो परिजनों ने तलाश शुरू की। उनका कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने उन्हें बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया।

किशोरियों के पिता ने बताया कि एक किशोरी के पास मोबाइल फोन है। दो बार थोड़ी-थोड़ी बात हुई थी, लेकिन फिर फोन कट गया। अब फोन बंद जा रहा है। पुलिस ने उसके बताए मोबाइल नंबर की लोकेशन निकलवाई जो नोएडा शहर की निकली। जिसके आधार पर पुलिस ने नोएडा में दबिश दी। यहां आरोपी किशोरियों को बाइक पर बैठाकर भगाकर ले गए। पुलिस ने चार आरोपियों और तीन किशोरियों को बरामद कर लिया।

पुलिस उन्हें मूसाझाग थाने ले आई और बयान दर्ज किए। पुलिस न आरोपी थाने में बंद कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने बिना कार्रवाई के आरोपियों को छोड़ दिया, जबकि वह नाबालिगों को ले गए थे। थाना प्रभारी मान बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों को उनके परिवार के सुपुर्द किया गया गया है। जरूरत होने पर उन्हें पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

### मिलक में चार घरों से नकदी और जेवर चोरी

**मिलक, अमृत विचार :** मिलक में चोर तीन घरों को निशाना बनाकर करीब 14 लाख का माल समेट कर ले गए। इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मिलक के धर्मपुरा निवासी अनीस अहमद सोमवार रात को परिवार के साथ सो रहा था कि चोर दीवार फांदकर दाखिल हुए। चोरों ने घर में रखे संदूक और अलमारी के ताले तोड़े और सोने के जेवर, चांदी के जेवर और 7 लाख नकद रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि मकान निर्माण के लिए सात लाख नकद घर में रखा हुआ था। इसके बाद चोर अली हसन के मकान में दीवार कूद कर घुसे और चांदी की पायल सहित 20 हजार रुपये ले गए। छोटे के घर से पांच हजार और जेवर ले गए। जहीर अहमद के घर से जेवर, सोने और दो हजार नकद ले गए। कोतवाल धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी और जांच में जुट गई है।

# अभद्रता में बजरंग दल नेता गिरफ्तार

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** मसवासी नगर पंचायत के संविदा सफाईकर्मी के साथ अभद्रता एवं जान से मारने की धमकी देने के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने बजरंग दल के नेता समेत तीन को नामजद कर तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। मंगलवार शाम को पुलिस ने अर्जुन गुप्ता को पकड़ने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया है।

नगर पंचायत मसवासी निवासी अर्जुन गुप्ता चार दिन पहले नगर पंचायत कार्यालय आया था। वहां वह नगर पंचायत कर्मी राजीव शर्मा से अनुचित काम कराने का दबाव बनाकर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने लगा। गलत कार्य करने से मना करने पर अर्जुन गुप्ता आग बबूला हो गया और राजीव शर्मा को गालियां देकर मारपीट की और जान से मारने



पुलिस की गिरफ्त में अर्जुन गुप्ता।

की धमकी दी। इसी मामले को लेकर सफाई कर्मियों ने मसवासी की सफाई व्यवस्था ठप कर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। बजरंग दल के नेता समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। जिससे उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले सफाईकर्मियों ने कोतवाली का घेराव कर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया था। सीओ अतुल कुमार पांडे ने प्रदर्शनकरियों को दो दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। पुलिस ने चार राजेश शर्मा की ओर से बजरंग दल के नेता मसवासी निवासी अर्जुन गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता, रवि मौर्य, वीरेन्द्र कुमार वीरू को नामजद कर तीन अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ अतुल कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### कार्रवाई की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के जिला प्रभारी अनिल राज के नेतृत्व में मसवासी में सफाई कर्मचारी राजीव शर्मा के साथ हुई अभद्रता पर जिला अधिकारी एवं सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अगर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ सफाई व्यवस्था ठप कर देगा। इस अवसर पर, राकेश दुली, प्रेम राज, नवीन कुमार सोनू, रोहित राज, सचिन कुमार, सईद खान रहे।

# रेंज के टॉप 10 अपराधियों और गैंगस्टरों पर करें सख्त कार्रवाई

## बरेली रेंज की कानून-व्यवस्था पर डीआईजी ने बैठक कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डीआईजी रेंज अजय कुमार साहनी ने मंगलवार को रेंज के चारों एसएसपी और एसपी के साथ आगामी त्योहारों को लेकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने रेंज के टॉप-10 अपराधियों और गैंगस्टरों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री स्तर पर हुई समीक्षा बैठक के बिंदुओं पर जिलों की स्थिति जानी। उन्होंने माफिया के खिलाफ की गई कार्रवाई, लंबित विवेचनाओं, इनामी और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की प्रगति देखी और एससी-एसटी एक्ट, महिला उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो जैसे गंभीर मामलों पर सख्त रवैया अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों में तेजी से कार्रवाई हो और दोषियों को जेल भेजा जाए। मिशन शक्ति अभियान को पूरी ताकत के साथ चलाया जाए।

डीआईजी ने साइबर थानों और अन्य थानों पर साइबर अपराधों की विवेचना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन मामलों को हल्के में न लें। इन पर गंभीरता से काम करें और तकनीकी टीमों को मजबूत करें। इसके अलावा बैठक में पुलिसकर्मियों की पेंशन, लंबित भुगतान और मृतक आश्रितों की नियुक्तियों की देरी के सभी मामलों को प्राथमिकता में रखकर निस्तारण के आदेश दिए।

### यातायात व्यवस्था और सड़क हादसों पर चिंता

उन्होंने ब्लैक स्पॉट की पहचान, सड़क हादसों के आंकड़ों की समीक्षा और इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में अपडेट की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था चुस्त हो और हादसों पर रोक लगे। डीआईजी साहनी ने दो टूक कहा कि हर जिले में एसएसपी और एसपी खुद मॉनिटरिंग करें और छोटी से छोटी सूचना पर तुरंत एक्शन लें।

### संवेदनशील स्थानों को करें चिह्नित

डीआईजी ने आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर सभी जिलों को निर्देश दिए कि रूट चार्ट, सुरक्षा प्लान और संवेदनशील स्थानों की पहचान समय से कर ली जाए ताकि यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो। वहीं थानों में जब्त वाहनों और मालों के निस्तारण, हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और थानों की निरीक्षण रिपोर्ट को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि थानों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और लंबित मामलों का जल्द निस्तारण किया जाए। बैठक में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के अधिकारी शामिल रहे।

# मारपीट के मामले में छात्र-छात्रा सात दिन के लिए निष्कासित

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को मारपीट के मामले में एक छात्र और एक छात्रा को सात दिन के लिए निष्कासित कर दिया है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के अनुशासन समिति की संस्तुति के आधार पर लिया गया।

23 जून को परिसर के भौतिक विज्ञान विभाग के बाहर एक छात्रा ने अपने भाई को बुलाकर अपने सहपाठी छात्र की पिटाई कराई थी। इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से की गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार छात्र और छात्रा दोनों को अनुशासनहीनता का दोषी पाया गया। दोनों पर विश्वविद्यालय परिसर में अशांति फैलाने, अनुशासन भंग करने और अन्य विद्यार्थियों को असुविधा पहुंचाने का आरोप सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों को 24 जून से 30 जून तक विश्वविद्यालय से निष्कासित कर दिया है। इस अवधि में दोनों विद्यार्थियों को किसी भी शैक्षणिक या प्रशासनिक कार्यकलाप में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

# टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर 90 हजार ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **किला थाने में अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में एक युवक से टेलीग्राम एप पर पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर ठगों ने 90 हजार दो सौ रुपये ठग लिए। युवक की तहरीर पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पंजाबपुरा निवासी गोपाल मिश्रा ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब के नाम से एक मेसेज प्राप्त हुआ। जिस पर संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्ति ने खुद को किसी बड़ी कंपनी से जुड़ा हुआ बताते हुए एक स्कीम के तहत कार्य करने का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में कुछ आसान टास्क भेजकर उन्हें विश्वास में लिया और कहा कि हर टास्क पूरा करने पर लाभ मिलेगा। इसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहाने बनाकर किस्तों में रुपये जमा करने को कहा और उन्होंने 90,200 रुपये भेज दिए। जब उन्होंने भुगतान के बाद लाभ और मूल धन मांगा तो सभी नंबर बंद मिले और टेलीग्राम आईडी भी गायब हो गई। इस पर उन्हें ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने तत्काल मामले की जानकारी थाना किला पुलिस और साइबर क्राइम शाखा को दी। साइबर पुलिस का कहना है कि किसी के साथ इस तरह की ऑनलाइन ठगी होती है तो तत्काल नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज कराएं। ठगी से बचने के लिए लोग किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन नौकरी का सत्यापन जरूर करें। पैसा दोगुना करने के लालच में बिलकुल न फंसे। निवेश सिर्फ उन्हीं में करें जिस कंपनी को जानते हो। अनजान नंबरों से आने वाले कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें। निजी जानकारी बैंक डिटेल, आधार नंबर या कोई और पर्सनल डेटा शेयर न करें।

# विवाद में चाचा पर उड़ेल दी गर्म तेल की कढ़ाई, भर्ती

**संभल, अमृत विचार :** मोहल्ला हल्लू सराय निवासी अशोक का बिजली कनेक्शन है। उसके केबल से भाई भीकम सिंह के घर में आपूर्ति की जा रही थी। अशोक ने बिजली चेकिंग को लेकर अलग से मीटर लगवाने के लिए कहा तो विवाद हो गया। मंगलवार को सुबह अशोक बड़े भाई परमानंद की मिठाई की दुकान पर खड़ा था। वहां पहुंचे भीकम सिंह के बेटे आकाश ने जलेबी की कढ़ाई अशोक के ऊपर उड़ेल दी। गर्म तेल से अशोक बुरी तरह झुलस गया। अशोक ने भी बचाव करते हुए पौनिया मारी तो आकाश घायल हो गया। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भेज दिया। जहां डॉक्टर ने अशोक का उपचार शुरू किया।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जहाना बेगम पत्नी मो0 अशरफ निवासी ग्राम रिछौला किफायतउल्ला खाँ नवाबगंज, जिला बरेली द्वारा अपनी सम्पत्ति प्लाट नं0 158/7 का जुज भाग क्षेत्रफल 56.85 वर्ग मीटर स्थित जगतपुर लाल बेगम बाहर चुंगी, तहसील व जिला बरेली को बंधक रख शिक्षा ऋण हेतु यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा चौक लखनऊ में आवेदन किया है। प्रस्तावित ऋणी द्वारा बंधक की जा रही सम्पत्ति के स्वामित्व की श्रृंखला में एक नोटराइज्ड/अपंजीकृत पावर ऑफ अर्टार्नी दिनांक 03.03.2006 को नेहा उर्फ चंचल अग्रवाल पत्नी श्री हर्ष अग्रवाल व हर्ष अग्रवाल पुत्र श्री अमर नाथ अग्रवाल के पक्ष में निष्पादित की गयी थी। उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रख शिक्षा ऋण लेने के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों व साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में समान्य कार्य दिवस की समान्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा। **शरद चन्द्र मिश्रा, एडवोकेट कार्यालय 52 विक्रमादित्यपुरी ऑफिसर्स कॉलोनी, बरेली मो. 9837659421**

**नीलामी सूचना**

सभी ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि थाना बारादरी पर खड़े वाहन (02 चार पहियां कार, 02 टैम्पो, 26 मो.सा./स्कूटी) कुल 30 वाहनों की नीलामी दिनांक 04.07.2025 को समय 10:00 बजे होनी है नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक ठेकेदार अपने साथ अपना आधार कार्ड व पैन कार्ड व जीएसटी नम्बर प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र के साथ समय से प्रतिभाग करें। उक्त नीलामी कि सिक्योरिटी फीस 01 लाख रूपये निर्धारित की गयी है।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना बारादरी, बरेली**

# वाहनों की फिटनेस जांच के लिए होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नवागत आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने पदभार संभालते ही मंडल के एआरटीओ को जारी किए निर्देश**
- **कहा- मंडल में चेकिंग अभियान चलाकर स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों को परखा जाएगा**

**अमृत विचार :** नए आरटीओ प्रवर्तन प्रणब झा ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है। एक जुलाई को स्कूल खुलेंगे। जिन स्कूली वाहनों की फिटनेस हो चुकी है, उनका सत्यापन किया जाएगा और जो स्कूली वाहन फिटनेस होने से बचे हैं। उनके लिए विभाग शिविर शुरू करेगा। 30 जून तक हर हाल में स्कूल संचालक वाहनों की फिटनेस जांच करा लें।

उन्होंने बताया कि मंडल के समस्त एआरटीओ को भी इस संबंध में स्कूल संचालकों को निर्देश जारी करने को कहा है। कहा एक जुलाई को स्कूल खुलने के बाद विभाग की ओर से मंडल के समस्त जिलों में अभियान चलाया जाएगा। स्कूली वाहनों कि सीटबेल्ट, फायर एक्सटिंग्विशर, सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता देखी जाएगी।

किसी तरह की कमी अगर मिलती है तो वाहनों के साथ ही स्कूल की मान्यता भी खतरे में पड़ेगी। संबंधित स्कूल संचालक पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। साथ ही दिल्ली से आने वाली बसों में अवैध परिवहन को लेकर सबसे अधिक शिकायतें रहती हैं। इसलिए वाणिज्यकर विभाग और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर दिल्ली रोड पर वाहनों की चेकिंग करेगा।

# यौन शोषण करता था हैदरी दल का सदस्य, गिरफ्तार

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

- **फरीदपुर पुलिस को आरोपी के मोबाइल से मिले किशोर से यौन शोषण के 40 वीडियो**
- **हैदरी दल के नाम से 25 इंस्टाग्राम आईडी का एडमिन है आरोपी**

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना पुलिस ने शाहजहांपुर के मदरसे में किशोर का यौन शोषण करने वाले को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी आरोपी हैदरी दल का सदस्य निकला। पुलिस को उसके मोबाइल से किशोर के यौन शोषण के 40 वीडियो मिले हैं। वह इंस्टाग्राम पर हैदरी दल 25 आईडी का एडमिन है। मंगलवार को पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस पता लगा रही है कि आरोपी वीडियो किसी पोर्न साइट को तो नहीं बेचता था या शेयर तो नहीं करता था।

पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रेसवार्ता में एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि आरोपी नबी हसन फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पिपरथरा का निवासी है। वह शाहजहांपुर में रहकर गुलशने मुस्तफा मदरसे में दीनी तालीम हासिल कर रहा था। वह पांचवी तक पढ़ा है। उसने दीनी तालीम के दौरान शाहजहांपुर के तिलहर के एक मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय किशोर के साथ कई बार कुकर्म किया और उसके वीडियो बना लिए। आरोपी कई बार किशोर को अपने घर पर भी लाया और वहां भी उसके साथ यौन शोषण किया और धमकी दी कि शिकायत करने पर उसे जान से मार देगा। किशोर के पिता ने थाना फरीदपुर में आरोपी नबी हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके मोबाइल में किशोर के साथ दुष्कर्म के करीब 40 वीडियो मिले हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद फरीदपुर पुलिस ने आरोपी को फरीदपुर में बीसलपुर रोड पर धर्मकांटा के पास साठा पुलिया से गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि इंस्टाग्राम पर धार्मिक उन्माद फैलाने और दूसरे युवक के मोबाइल नंबर से इंस्टाग्राम आईडी बनाने के आरोप में भी उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### गिरफ्तारी के बाद खुला हैदरी दल के सदस्य होने का राज

आरोपी नबी हसन का पुलिस ने जब मोबाइल चेक किया तो पता चला कि वह हैदरी दल 25 नाम से इंस्टाग्राम आईडी चला रहा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नहीं चाहता है कि उसके समुदाय की महिलाएं और युवतियां दूसरे धर्म के लोगों से बातचीत भी करें। एसपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी पार्क या सार्वजनिक स्थानों पर जाता है। वहां पर यदि वह अपने समुदाय की युवतियों और महिलाओं को दूसरों के साथ बैठा देखता है तो उनके वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर देता है। जिससे उनकी निजता भंग होती है। इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी धार्मिक उन्माद फैलाने की भी लगातार साजिश करता रहा है। जिससे अन्य धर्मों के लोगों में रोष है।

### सीतापुर में जीशान ने दर्ज कराई रिपोर्ट

शाहजहांपुर के गुलशने मुस्तफा मदरसे में नबी हसन के साथ सीतापुर जिले के लहरपुर थाना क्षेत्र के गांव ककराही का मोहम्मद जीशान भी दीनी तालीम हासिल कर रहा था। जीशान ने बताया कि नबी हसन ने उसका मोबाइल धोखे से ले लिया और इंस्टाग्राम आईडी हैदरी दल 25 अपने मोबाइल पर बना ली और खुद एडमिन बनकर ग्रुप का संचालन करने लगा। जीशान ने बताया कि नबी हसन इंस्टाग्राम पर धर्मिक उन्माद फैलाने और गैर कानूनी पोस्ट शेयर करता है। उसके मोबाइल में उसके पिता के नाम पर लिया गया सिम पड़ा है। मोहम्मद जीशान ने इस मामले में नबी हसन के खिलाफ लहरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**SCL COMMERCIAL INDIA PRIVATE LIMITED**
**No.303,3rd Floor Rohini complex, Shakarpur Delhi . 110092**

We would like to inform that SCL Commercial India private Limited willing to market following 100 % Water soluble mixture of Fertilizers in Uttar Pradesh as per FCO Order no. S.O. 2900 (E) Dated 24th October 2015. We shall comply all the terms & conditions as per referred notification of Govt of India. We hereby publish products information to all stakeholders.

(Imported from Italy)
(a) COLORE: N-5%, K2O-48%, SO3-31%, B-0.3% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers
(b) DOLCE: P2O5-25%, K2O-26%, B-1% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers
(C) DINAMICO: N-7.5%, P2O5-27%, B-1%, ZN-1.5% Imported 100 % Water soluble mixture of Fertilizers

Manufactured by: SCL Italia,
Via Fabio Filzi 25/A 20124 Milano – Italy
Imported & marketed by:
SCL Commercial India Pvt. Ltd., New Delhi

# रुहेलखंड विवि में प्रवेश तिथि बढ़ने के आसार

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए चल रही प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि एक बार फिर बढ़ाई जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन के सूत्रों के अनुसार 25 जून अंतिम तिथि निर्धारित है, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 जुलाई तक किया जा सकता है।

अभी बड़ी संख्या में छात्र आवेदन नहीं कर पाए हैं। साथ ही कई कॉलेजों से यह अनुरोध भी आया है कि उन्हें छात्रों को मार्गदर्शन देने और दस्तावेजों की तैयारी के लिए और समय दिया जाए। ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर भी पिछले कुछ दिनों में सर्वर स्लो होने की शिकायतें सामने आई थीं, जिसके कारण कुछ विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# सचिव ने माह में दो बार निकाला वेतन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला सहकारी बैंक की शाखा जिला पंचायत में तैनात रहे तीन बैंक मैनेजर दोषी**
- **इसमें दो सेवानिवृत्त भी हो गए एआर ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखा पत्र**

**अमृत विचार :** साधन सहकारी समिति सिमरा बोरीपुर के बर्खास्त किए जा चुके सचिव की ओर से कई बार वेतन निकाले जाने के मामले में दो सेवानिवृत्त और एक मौजूदा बैंक मैनेजर भी दोषी पाया गया है। आरोप है कि सचिव मनमानी कर महीने में दो-दो बार वेतन निकालता रहा और समिति पर जमा होने वाले खाद, बीज के पैसे में घपलेबाजी करता रहा और बैंक मैनेजर अंजान बने रहे। एआर कोऑपरेटिव ने तीनों बैंक अधिकारियों (दो सेवानिवृत्त) के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करते हुए बैंक प्रबंधन को पत्र लिखा है।

क्यारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिमरा बोरीपुर में सहकारी साधन समिति (पैक्स) है। यहां पर तैनात रहे सचिव शकील अहमद पर आरोप है कि 2016 में एक माह में दो बार वेतन निकाल लिया था। इसके अलावा वर्ष 2020 में खाद, बीज की बिक्री के आए 4 लाख 59 हजार से अधिक रुपयों में से 1 एक लाख 14 हजार ही जमा किए। जबकि तीन लाख 45 हजार 767 रुपये बैंक में सचिव ने जमा नहीं किए। इसको लेकर उसे 2021 में सस्पेंड कर दिया गया था। नोटिस देकर सरकारी धन को जमा करने का आदेश दिया गया था, लेकिन नोटिस के बाद भी पैसा जमा नहीं किया। 2022 में सचिव को बर्खास्त कर दिया गया था। एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने अब सचिव पर समिति के तीन लाख 45 हजार 767 रुपये के साथ ही वेतन के निकाले गए अतिरिक्त 38 हजार 976 रुपये की रिकवरी निकाली है। इस मामले में बर्खास्त सचिव के साथ ही वेतन को दो से तीन बार निकालने के मामले में जिला सहकारी बैंक की शाखा जिला पंचायत में तैनात रहे तीन बैंक मैनेजरों को भी जिम्मेदार माना गया है। एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने बताया कि वेतन निकालने की अवधि में काम देख रहे बैंक मैनेजरों के नाम के साथ रिकॉर्ड बैंक से लिया गया।

# तीन तस्कर 63 किलो डोडा छिल्का के साथ दबोचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भरतौल-हरूनगला रोड पर चेकिंग के दौरान किया गिरफ्तार**

**अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने भरतौल-हरुनगला रोड पर चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को 63 किलो डोडा छिल्का के साथ गिरफ्तार किया है। जिसकी कीमत अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में 15.75 लाख रुपये बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आंवला के गांव बझेडा निवासी रघुनाथ, बदायूं के थाना बिसौली के दसौली निवासी बबलू और बिशारतगंज के गांव रहमानपुर निवासी छत्रपाल के रूप में हुई है।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि सोमवार रात शहामतगंज चौकी प्रभारी अखिलेश उपाध्याय, सेटेलाइट चौकी प्रभारी गौरव अत्री, चौकी मॉडल टाउन प्रभारी कुशलपाल सिंह अपनी-अपनी चीता मोबाइल के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच जानकारी मिली कि भरतौल-हरुनगला रोड पर टीन शेड के पास कुछ तस्कर घूम रहे हैं। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर दबिश देते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि डोडा छिलका बेचने के लिए लेकर आए थे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारी विकासखण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत लोहारी विकास खण्ड मझगवां में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की ग्राम निधि/मनरेगा RGSA, की धनराशि से बहुउद्देशीय पंचायत भवन का निर्माण कराया जाना हैं जिसमें निर्माण हेतु सामग्री सरिया, सीमेंट, बजरी, बजरफुट, प्रथम श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट, बालू, रेता, चौखट, विंडो, दरवाजे, पाइप लाइन, बिजली फिटिंग, लोहे का गेट, टंकी फिटिंग, प्राइमर, पेंट, वृक्षारोपड़ आदि आपूर्ति हेतु। सीलबन्द निविदाएं दिनांक 28.06.2025 के 11 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जाएगी। निविदा स्वीकृत करने न करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | बहुउद्देशीय पंचायत भवन कुल लागत | मनरेगा योजना कुल लागत | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बहुउददेशीय पंचायत भवन निर्माण कार्य | 18.40 लाख | 7.21 लाख | 24.70 लाख |

**श्रीमती विनीता देवी-प्रधान** **रूपराम-सचिव**

**धर्म सभा इण्टर कॉलेज, लखीमपुर-खीरी**

**विज्ञप्ति**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नागेन्द्र कश्यप आत्मज स्व. कैलाशनाथ C/o विश्नू कश्यप निवासी मो. मुन्नूगंज गोला-खीरी। पिन कोड-262802 जो कि इस विद्यालय में परिचारक के पद पर कार्यरत हैं। वह दिनांक 09.09.2024 से बिना सूचना व प्रार्थनापत्र के विद्यालय से अनुपस्थित है, विद्यालय में अंकित पते पर भी पत्राचार का कोई जवाब नहीं मिल रहा है। प्रबन्ध समिति की बैठक दिनांक 22.05.2025 में हुये निर्णय के अनुसार यदि वह सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के अन्दर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराते है तो उनकी सेवायें समाप्त मानी जायेंगी।

**आलोक गोयल (प्रधानाचार्य)**
**धर्म सभा इण्टर कॉलेज, लखीमपुर-खीरी**

# छत्रपाल गंगवार ने संसदीय क्षेत्र में खर्च की पूरी निधि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पिछले वित्तीय वर्ष में सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपनी निधि का पूरा पैसा संसदीय क्षेत्र में लाइटों को लगवाने में खर्च किया है। अब सिर्फ 12 लाख रुपये ही उनकी निधि में बचे हैं। वहीं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने लोकसभा क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा में शवदाह गृह के निर्माण में 84 लाख रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। जबकि आंवला सांसद ने निधि का पैसा बदायूं जिले के संसदीय क्षेत्रों में विकास कार्यों पर खर्च किया। पिछली बार उन्होंने एक भी प्रस्ताव को जिले को नहीं दिए थे।

सरकार सांसदों को क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये की निधि हर साल देती है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार सांसद बने छत्रपाल गंगवार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 प्रतिशत टैक्स की कटौती के बाद निधि के मिले चार करोड़ 90 लाख रुपये में से 4 करोड़ 78 लाख 28 हजार रुपये के प्रस्ताव दिए हैं। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दो करोड़ 10 लाख 73 हजार रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है और यह पूरी धनराशि खर्च हो चुकी है। अभी 2 करोड़ 67 लाख रुपये की धनराशि जारी होनी शेष है।

सांसद की ओर से दिए गए 69 प्रस्ताव स्वीकृत हो गए हैं, जिसमें से दो कार्य पूरे हो चुके हैं और 40 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 27 कार्य अब तक शुरू नहीं हो सके हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार निधि के 4 करोड़ 78 लाख रुपये लोकसभा क्षेत्र में हाईमास्ट लाइटों को लगवाने पर खर्च किए हैं। अब तक 95 लाइटें स्वीकृत हुई हैं। हर विधानसभा क्षेत्र में 19 से 20 लाइटें चिह्नित स्थलों पर लगेंगी। तीन करोड़ से अधिक के प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है, जबकि एक करोड़ 64 लाख के प्रस्ताव पिछले माह मंजूर हुए हैं।

# जल जीवन मिशन: नौकरी दिलाने के बहाने ठग हुए सक्रिय

कार्यालय संवाददता, बरेली

- **प्रधानों को फर्जी आवेदन पत्र भेजकर अच्छे मानदेय पर नौकरी देने का दिया जा रहा झांसा**
- **अवर अभियंता ने प्रधान बनकर की बात तो ठग बोला- प्रधानी का चुनाव नजदीक, मुनाफे में रहोगे**

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन योजना के तहत जल निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले ठग एक बार सक्रिय हो गए हैं। ठग प्रधानों को फर्जी आवेदन पत्र भेजकर गांव के युवाओं की नौकरी लगवाने का झांसा दे रहे हैं। प्रधानों ने मामले की शिकायत विभाग में की है। एक अवर अभियंता ने भी ठग पर प्रधान बनकर फोन पर बात की तो कहा कि प्रधानी आने वाली है, फायदे में रहोगे।

एक्सईएन ने लोगों से कहा कि वह किसी के झांसे में न आए। विभाग ने कोई भर्ती नहीं निकाली गई है।

बता दें, जिले के 1806 ग्रामों में ओवरहैड टैंक और पाइप लाइन के जरिए घर-घर पानी पहुंचाने की योजना है। अफसर बताते हैं कि अगले साल प्रधानी का चुनाव है। ऐसे में ठगों ने अभी से अपना जाल बिछाना शुरू कर दिया है। अभी जिन-जिन गांव में ओवरहेड बनाए जा रहे हैं, वहां के प्रधानों से ठग संपर्क कर गांव के बेरोजगारों को ओवरहेड टैंक चलाने के लिए 18 से 20 हजार रुपये मानदेय पर नौकरी का झांसा दे रहे हैं।

मंगलवार को विभाग के अवर अभियंता राकेश कुमार को दियोरिया और नंदगांव के ग्राम प्रधान ने ठगों की ओर से भर्ती के लिए भेजे गए जल निगम के फर्जी फार्म भेजकर इसकी तस्दीक की। इसके बाद अवर अभियंता ने खुद प्रधान बनकर ठग से बात की उसने कि प्रधानी का चुनाव नजदीक है। युवाओं को नौकरी दिलाओ 18 से 20 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि फोन करने वाला अपना नाम अरुण कुमार और लखनऊ जल निगम से बताकर ठगी की कोशिश कर रहा है। यहां प्रधानों के साथ-साथ गांव के लोगों को भी सचेत किया गया है कि वह झांसे में न आएं।

**बिथरी और भुता के लोग हुए थे सबसे अधिक शिकार**

दो साल पहले ठगों ने गांवों में बनाए जा रहे ओवरहेड टैंक पर ऑपरेटर, प्लंबर, मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, फिटर के पद पर नौकरी का झांसा देकर कई युवाओं से लाखों रुपये ठगे थे। इनमें सबसे अधिक लोग बिथरी चैनपुर और भुता में शिकार हुए थे।

# फेसबुक अकाउंट पर अशोभनीय टिप्पणी वायरल

**बदायूं, अमृत विचार :** बिल्सी क्षत्रिय समाज को लेकर अपने फेसबुक अकाउंट से रिसौली निवासी एक व्यक्ति ने अशोभनीय टिप्पणी वायरल कर दी, इस टिप्पणी से क्षत्रिय समाज में रोष फैल गया, योगेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्षत्रिय बिल्सी थाना पहुंचे, उन्होंने कोतवाल को नामजद तहरीर दी तथा वायरल टिप्पणी का स्क्रीन शार्ट दिया पुलिस ने तहरीर पर रिसौली मुहल्ला समपुरा के गुड्डू पुत्र नरौत्तम पर मुकदमा दर्ज कर लिया, पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है, क्षत्रिय समाज रिसौली के लोगों ने कहा कि हमारा समाज किसी धर्म या किसी धर्म के महापुरुष का अपमान नहीं करता हैं, नहीं अपने पर किसी को करने देंगे रिसौली का ही व्यक्ति ऐसी टिप्पणी करेगा ऐसा क्षत्रिय समाज ने सपने में भी नहीं सोचा था।

**कार्यालय ग्रा.पं. छीतरपुर महरौला विकास खंड इस्लामनगर बदायूं**

पत्रांक -मिमो/निविदा, विज्ञाप्ति/20252-6 दिनांक : 23.06.2025

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना (2025 -26) द्वारा राज्य वित्त, केंद्र वित्त, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा.) RGSA, मनरेगा के अंतर्गत निम्न कार्य कराए जाने है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सौंदर्यकरण, मुख्य द्वार निर्माण नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 2. | हेडपंप मरम्मत कार्य, सामुदायिक शौचालय का सौंदर्यकरण नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 3. | उच्च प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य | प्रा. के अनु. |
| 4. | विभिन्न स्थानों पर नाली गाटर जाल और चौनल नि. | प्रा. के अनु. |
| 5. | विभिन्न स्थानों पर नाली, नाला निर्माण और मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 6. | केयर टेकर मानदेय, गांव में सफाई कार्य, हेडपंप रिवोर प्रथम | प्रा. के अनु. |
| 7. | ऋषिपाल के घर से श्मशान घाट तक नाली, सीसी, इंटरलॉक नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 8. | नीटू के घर से रघुवीर के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 9. | गजराम के घर से रामेश्वर के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 10. | टीकम के घर से नईम के घर तक नाली सीसी मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 11. | द्वारिका प्रसाद के घर से देवेंद्र जाटव के घर तक नाली सीसी मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 12. | फैय्याज के घर से असगर के घर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 13. | नत्थू के तालाब से असगर के घर तक नाली सीसी खड़ंजा निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 14. | रतीराम के घर से छदम्मी के घर तक नाली सीसी निर्माण और मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 15. | सुनील के घर से राम प्रकाश की दुकान तक नाली और नाला सीसी निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 16. | प्राथमिक विद्यालय से गवा देवत मंदिर तक नाली सीसी इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 17. | यशपाल के घर से बाबू के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 18. | प्राथमिक विद्यालय से ओमकार के घर तक नाली सीसी निर्माण और मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 19. | मैन सड़क से धर्मवीर के घर तक नाली सीसी निर्माण और मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 20. | आर आर सी सेंटर का सौंदर्य करण, हेडपंप रिवर द्वितीय नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 21. | अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य, गांव में रोड़ा मिट्टी से गड्ढे भराव कार्य | प्रा. के अनु. |
| 22. | उच्च प्राथमिक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय का सौंदर्य करण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 23. | गौशाला मरम्मत कार्य, गौशाला अतिरिक्त सेट निर्माण | प्रा. के अनु. |
| 24. | उच्च प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय में शौचालय का निर्माण और मरम्मत कार्य | प्रा. के अनु. |
| 25. | गौशाला में खड़ंजा निर्माण कार्य और चारई निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 26. | स्ट्रीट लाइट निर्माण, कब्रिस्तान की बाउंड्रीबाल नि. कार्य | प्रा. के अनु. |
| 27. | गौशाला बाउंड्री वॉल के ऊपर तरकाशी निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 28. | प्रधान मानदेय, वार्ड मेंबर मानदेय पंचायत सहायक मानदेय, गौशाला केयर टेकर कार्य | प्रा. के अनु. |
| 29. | गौशाला गैप पूर्ति पेमेंट, गांव में वॉल पेंटिंग कार्य, प्रशासनिक व्यय प्रथम कार्य | प्रा. के अनु. |
| 30. | सीएससी केंद्र निर्माण कार्य, प्रशासनिक व्यय द्वितीय | प्रा. के अनु. |
| 31. | उचित दर विक्रेता दुकान निर्माण कार्य (मॉडर्न शॉप) | प्रा. के अनु. |
| 32. | आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत और पेंटिंग, पंचायत भवन मरम्मत और पेंटिंग कार्य | प्रा. के अनु. |
| 33. | अंबेडकर पार्क की बाउंड्री वॉल पर पेंटिंग कार्य | प्रा. के अनु. |
| 34. | पंचायत भवन का सौंदर्यकरण निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |
| 35. | ग्राम पंचायत में नाली सीसी कार्य और इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |

उपरोक्त समस्त कार्यो हेतु प्राक्कलन में दी गई सामग्री एवं मात्रा अनुसार सीमेंट, बदरफुट, गंगा रेता, पत्थर 20mm, पत्थर 25-50mm, ईट प्रथम, ईट वलदार, ईट टुकड़ा, मिट्टी ,पॉलिथीन, ईट सीमेंट, हेण्डपंप रिवर एवं मरम्मत सामग्री, (यथा -चौन, सरिया, पाइप, हत्था, सिलेंडर ,चेक वाल्ब आदि) गाटर, चादर, टीन, जाली, पिलर पाइप, पर्लिन पाइप, पेंटिंग सामग्री (यथा-डिस्टेम्बर वार्निश, चूना, सफेद सीमेंट , कलर , पुट्टी ,समोसम आदि) सफाई उपकरण, कूड़ा गाड़ी क्रय, कूड़ा गाड़ी मरम्मत सामग्री, डेस्कटांप , प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, CCTV कैमरे, कूडादान, ऑफिस फर्नीचर, वृक्षारोपण, टाईल्स, ग्रेनाइट पत्थर, वासवेसिन, पानी टंकी फिटिंग आईटम, सोलर लाइट, पी पी ई किट, मास्क, वाटर कूलर, आर वाटर , आंगनबाड़ी केंद्र हेतु फर्नीचर, ओपन जिम सामग्री, फागिंग मशीन, स्प्रे मशीन, प्राइमरी विद्यालय हेतु फर्नीचर उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु फर्नीचर, सचिवालय हेतु फर्नीचर, उक्त सामग्री आपूर्ति हेड सील बंद निविदाऐ दिनांक 28. 06. 2025 तक 3:00 बजे तक सचिवालय पर जमा की जाएगी। उसी दिनांक को 4:00 बजे प्रधान/सचिव एवं फर्म प्रतिनिधियों की समक्ष खोली जाएगी। समस्त अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित है।

**प्रधान** **सचिव**

## एक नजर

### वर्षा जल संचयन प्रणाली से लैस होंगे 2.35 लाख सरकारी भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार वर्षा जल संचयन को लेकर व्यापक अभियान चला रही है। प्रदेश के करीब 34,000 सरकारी व अर्ध सरकारी भवनों में रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग (आरटीआरडब्ल्यूएच) सिस्टम स्थापित कर दिया गया है। लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 2 लाख 35 हजार सरकारी एवं अर्ध सरकारी भवनों को वर्षा जल संचयन प्रणाली से युक्त किया जाए। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के तहत 16 जिलों ने 100 प्रतिशत वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापना का कार्य पूरा कर लिया है। इनमें अयोध्या, अम्बेडकर नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और पीलीभीत आदि शामिल हैं।

### मंत्री से मिला लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति, उप्र. के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को विधान भवन में राजनीतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कई मांगें रखीं। इस दौरान राजनीतिक पेंशन विभाग की प्रमुख सचिव, संयुक्ता समद्दार, विशेष सचिव, मनोज कुमार राय व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। लोकतंत्र सेनानियों की मांगों में राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित वोल्वो एवं प्लेटिनम बसों में एक सहयात्री के साथ नि:शुल्क यात्रा की सुविधा, सभी प्रमुख सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा और राज्य अतिथि गृहों, विश्राम गृहों में कक्ष आवंटित किया जाना शामिल है। इसके अलावा राज्य संपत्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से लोकतंत्र सेनानियों को भी वर्गीकृत किये जाने के लिए अनुरोध किया गया।

# किसानों को पारंपरिक सिंचाई से मुक्ति दिलाएगी एमसीएडी योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योजना को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र सरकार ने मंजूर किए 1600 करोड़
- जल प्रबंधन व ग्रामीण समृद्धि की ओर बड़ा कदम, हर खेत तक पहुंचेगा पानी

**अमृत विचार :** योगी सरकार प्रदेश के किसानों को सिंचाई की आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने जा रही है। मॉडरेशन ऑफ कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट प्रोग्राम (एमसीएडी योजना) का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 1,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इसमें आईआईटी कानपुर का भी अहम रोल रहेगा। इससे एक ओर जहां खेतों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की जगह अब प्रेसराइज्ड पाइप इरिगेशन नेटवर्क (पीपीआईएन) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे 90 प्रतिशत तक जल उपयोग दक्षता प्राप्त की जा सकेगी। इससे पानी की भारी बचत, उच्च उत्पादन और ऊर्जा की खपत में कमी सुनिश्चित होगी। योजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत लागू किया जा रहा है। इसमें जल शक्ति मंत्रालय की दो इकाइयों सीएडब्ल्यूएम (कमांड एरिया डवलपमेंट एंड वॉटर मैनेजमेंट) और एआईबीपी (एक्सीलरेटेड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम) को एक प्लेटफॉर्म पर लाया गया है। योजना के पहले चरण को मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद 1 अप्रैल 2026 से दूसरा चरण लागू किया जाएगा। इसके संचालन और रखरखाव की प्रक्रिया 2031 तक जारी रहेगी।

### 50 से 5000 हेक्टेयर तक के बनाए जाएंगे क्लस्टर

सिंचाई एवं जल संसाधन सचिव जीएस नवीन ने बताया कि एमसीएडी योजना के तहत 50 से 5000 हेक्टेयर तक के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर क्लस्टर में वॉटर यूजर सोसाइटी (डब्ल्यूयूएस) का गठन किया जाएगा। इससे जुड़कर किसान सिंचाई प्रबंधन करेंगे। इससे किसानों को न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी उनकी भागीदारी बढ़ेगी। योजना के पहले चरण में ही 150 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बचाया जा सकेगा।

### मिलेगा रोजगार बढ़ेगा कृषि बाजार

जीएस नवीन ने बताया कि योजना के कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। किसानों को सिंचाई तकनीकों की ट्रेनिंग दी जाएगी। एमसीएडी योजना के तहत 'एक क्लस्टर, एक फसल' मॉडल को अपनाया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

योजना की निगरानी तीन स्तरों क्रमश: राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर होगी। वहीं जल शक्ति मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति बनेगी। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव और जिला स्तर पर जिलाधिकारी योजना के कार्यों की निगरानी करेंगे। साथ ही आईओटी, एससीएडीए (सुपरवाइजरी कंट्रोल एंड डाटा एक्विजिशन), जीआईएस (ग्राफिक इंफ्रॉर्मेशन सिस्टम और सैटेलाइट) डेटा जैसे तकनीकी उपकरणों के जरिए भी निगरानी की जाएगी। इस योगी के इस कदम से न केवल जल की बर्बादी रुकेगी, बल्कि किसानों की उत्पादकता, आमदनी और आत्मनिर्भरता में भी वृद्धि होगी।

### आपातकाल की कांग्रेस नीति पर प्रहार करेगी भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा आपातकाल के 50वें वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपातकाल की भयावहता, क्रूरता एवं दमन की कांग्रेसी नीति को लोक दरबार में लेकर पहुंचेगी। 25 जून को जिला स्तर पर संगोष्ठियों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका और देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलने वाले आपातकाल के काले अध्यायों पर संवाद करेगी। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में संगोष्ठी में जनसंवाद करेंगे।

# माफिया मुक्त गाजीपुर बढ़ रहा आगे : योगी

## मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की, कई प्रस्तावों को दी स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गाजीपुर में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व कानून व्यवस्था को लेकर बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गाजीपुर को माफिया मुक्त बताते हुए कहा कि अब विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विकास की कई सौगात दी। जनप्रतिनिधियों की मांग पर गाजीपुर में अंधऊ चौकिया बाईपास के प्रस्ताव को स्वीकृति दी।

गाजीपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज का निरीक्षण और विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चितनाथ घाट व कलेक्टर घाट से गाजीपुर से जुड़े कॉरिडोर निर्माण से संबंधित प्रस्ताव का डीपीआर मंगाया गया है। इस पर भी आगे कार्रवाई होगी। विकास का सिलसिला अनवरत चलता रहेगा। जनपद अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मेरिट के आधार पर तेजी से राजस्व वादों का निस्तारण भी हुआ है।

योगी ने कहा कि अभी यूपी की पुलिस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। देश के सबसे बड़े पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है। इनमें से 1534 अभ्यर्थी गाजीपुर जनपद के हैं। योगी ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिवारों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर अत्यंत महत्वपूर्ण जनपद है। जनपद का इतिहास रामायण काल और उससे भी प्राचीन है। बीच के कालखंड में इस जनपद को पहचान के संकट से गुजरना पड़ा था, लेकिन आज पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज यहां की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजीपुर माफिया मुक्त जनपद बना है। विकास की प्रक्रिया के साथ गाजीपुर अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ प्राप्त कर रहा है, जिसमें पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को शक्तिनगर तथा गंगा एक्सप्रेसवे को मीरजापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली होते हुए गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक मिलाने की कार्रवाई आगे बढ़ने जा रही है। आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर जनपद गाजीपुर को नई पहचान दिलाएगा।

# खाद प्रकरण में सीतापुर के डीएओ निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद की कोई कमी नहीं कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : शाही



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचार :** खाद की कालाबाजारी मामले में सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) मनजीत कुमार को निलंबित कर दिया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है। कालाबाजारी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि मंत्री मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी 75 जिलों में 25 लाख 74 हजार मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। फिर भी यदि कोई किसान को ऊंचे दामों पर खाद बेच रहा है, तो उसके खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने बताया कि 22 और 23 जून को लखनऊ, सीतापुर समेत कई जिलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ओवररेटिंग, टैगिंग और रजिस्टर में गड़बड़ी के मामलों में संबंधित प्रतिष्ठानों को सील कर उनके लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए गए हैं। कई स्थानों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि सीतापुर के जिला कृषि अधिकारी से जब पूछा गया कि पिछली बार निरीक्षण कब किया गया तो उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से वे निरीक्षण पर नहीं गए। यह बात सुनते ही मंत्री ने उन्हें निलंबित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने बताया कि अब सिर्फ सक्रिय रिटेलर ही खाद का व्यवसाय कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को उर्वरक का संतुलित उपयोग सिखाया जाए। अत्यधिक रासायनिक खादों से भूमि की उर्वरता पर असर पड़ता है।

# सरकारी अस्पतालों को मिले 355 विशेषज्ञ चिकित्सक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएम के तहत तैनात किए गए चिकित्सक
- 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों से सर्जरी को मिलेगी गति

**अमृत विचार :** मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए सरकारी अस्पतालों में 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉक्टरों की तैनाती को स्वीकृति दी है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि सरकार अभियान चलाकर विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर रही है। नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था। रिवर्स बिडिंग के तहत 355 विशेषज्ञ डॉक्टरों का चयन किया गया है।

उप मुख्यमंत्री के अनुसार, 80 एनस्थीसिया विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे अस्पतालों में सर्जरी के लिए एनस्थीसिया विशेषज्ञों का इंतजार नहीं करना होगा। सर्जरी की संख्या में भी वृद्धि होगी। बच्चों को अच्छा व आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए 78 बाल रोग विशेषज्ञों का चयन किया गया है। इससे बच्चों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

### महिला रोग विशेषज्ञों का भी चयन

सुरक्षित प्रसव कराने के लिए 63 महिला रोग विशेषज्ञों की अस्पताल में तैनाती की जा रही है। इससे गर्भवती महिलाएं व विभिन्न बीमारी से पीड़ित महिलाओं को आसानी से उपचार मिल सकेगा। साथ ही 32 आर्थोपैडिक्स, 27 जनरल सर्जन, 20 पैथोलॉजिस्ट, 11 रेडियोलॉजिस्ट, 11 कंसल्टेंट मेडिसिन, आठ जनरल मेडिसिन, आठ ईएनटी विशेषज्ञों का चयन किया गया है। एक चेस्ट फीजिशियन, पांच मानसिक रोग विशेषज्ञ, तीन माइक्रोबायोलॉजिस्ट, सात नेत्र रोग विशेषज्ञ व एक फिजिशियन का चयन किया गया है।

### हिंसक जानवरों के लिए बनेंगे रेस्क्यू सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने 57 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च कर मेरठ, पीलीभीत, महराजगंज और चित्रकूट में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। इसके जरिए बाघ, तेंदुआ, सियार जैसे बड़े मांसाहारी जीवों के वन क्षेत्र के समीप के गांवों और शहरों में आए दिन होने वाले संघर्ष से बचाव होगा। इसका खर्च एसडीआरएफ उठाएगी, जल्द ही जरूरी मैन पावर और उपकरणों की व्यवस्था कर इनका संचालन शुरू हो जाएगा। प्रदेश की मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इन रेस्क्यू सेंटर का उद्देश्य वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के साथ वन क्षेत्र के समीप रहने वाले ग्रामवासियों की इन हिंसक पशुओं से सुरक्षा प्रदान करना है।

# देवीपाटन मंदिर के पास 2 लेन व कानपुर में 4 लेन बनेगी आरओबी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में स्थित देवीपाटन मंदिर के समीप 2 लेन तथा कानपुर में 4 लेन युक्त रेल ओवरहेड ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही, कानपुर से उन्नाव (शुक्लागंज) की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए गंगा नदी पर संपर्क मार्गों से युक्त नए फोरलेन ब्रिज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने जा रही है।

इन तीनों ही परियोजनाओं को पूरा करने का खाका उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम ने तैयार कर लिया है। कार्यों को पूरा करने के लिए 2 वर्ष की समयावधि तय की गई है। इन्हें इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में पूरा किए जाने की तैयारी है। कार्ययोजना के अनुसार देवीपाटन मंदिर के समीप तुलसीपुर-गोंडा रेल सेक्शन पर 57 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर लगभग 629 मीटर लंबे रेल ओवरहेड ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 151 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कानपुर में फोरलेन आरओबी का निर्माण होगा। इसके साथ ही जीटी रोड पर फोरलेन फ्लाइओवर तथा घंटाघर के समीप 2 लेन का फ्लाइओवर बनेगा। जबकि, गंगा नदी पर 163 करोड़ से अधिक की लागत से नया फोरलेन ब्रिज बनेगा। यह दोनों तरफ से ही संपर्क मार्ग से युक्त होगा और पुराने क्षतिग्रस्त पुल से 50 मीटर दूरी पर (अपस्ट्रीम दिशा में) स्थित होगा।

### इस सप्ताह जमकर बारिश होने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस सप्ताह जमकर बारिश होगी। आगरा, लखीमपुर खीरी और कुशीनगर समेत 16 जिलों में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच बारिश की वजह से कई जगहों पर बिजली गिरने का भी अलर्ट है। दरअसल, राज्य के अलग-अलग हिस्सों में मॉनसून अपना असर दिखाना शुरू कर रहा है। इस दौरान कई जगहों पर भारी बारिश और आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। विभिन्न हिस्सों में मौसम विज्ञान विभाग ने अगले हफ्ते भारी बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के मध्य भागों में ऊपरी हवा में चक्रवाती हलचल है। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल स्तर पर निम्न दबाव के क्षेत्र बना हुआ है। इसके कारण मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। खासकर उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण भारत में भी भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है। 30 जून तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है, जिसमें उत्तराखंड में 27 जून तक बहुत भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

# भागवत कथा क्यों नहीं कह सकते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि वर्चस्वादी और प्रभुत्ववादी लोग कथा वाचन में अपना एकाधिकार बनाये रखना चाहते हैं। कथा वाचन को जिन्होंने भावना की जगह व्यवसाय बना लिया, उन्हीं प्रभुत्ववादियों और वर्चस्ववादी लोगों के कारण इटावा में कथा वाचक का अपमान कांड हुआ है।

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में आयोजित एक प्रेसवार्ता में मंगलवार को अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि इस सरकार में बैठे लोग लगातार अन्याय करा रहे हैं। प्रभुत्ववादी और वर्चस्ववादी लोग लगातार पीडीए परिवार के लोगों को डरा-धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोचने का सवाल यह है कि श्रीमद्भागवत कथा सबके लिए है। जब सब सुन सकते है तो सब बोल क्यों नहीं सकते हैं।

# हिंदू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही सरकार : राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पत्रकारों को जानकारी देते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि हिन्दुत्व के नाम पर बनी भाजपा सरकार हिन्दू धार्मिक स्थलों से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों के स्वरूपों को बदला जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी प्राचीन शहर हैं। सबने अपना स्वरूप बचाकर रखा है। किसी ने उसको नहीं बदला है, पर भाजपा सरकार पुराने सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि बनारस के मूल स्वरूप को बर्बाद किया गया। सैकड़ों शिवलिंग और मंदिरों को तोड़ा गया, वट वृक्ष काट दिया गया।

उन्होंने कहा कि अब सरकार की निगाह मां विंध्यवासिनी के मंदिर पर है। इसके बाद वृंदावन की कुंज गलियों को भी खत्म कर देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी ईश्वर से जुड़े आस्था के स्थान हैं, जिनको भाजपा सरकार पर्यटन स्थल या पिकनिक स्पॉट में बदल रही है। उन्होंने बताया कि सोहनलाल मिश्र चारों वेदों के ज्ञाता हैं और वृंदावन के तीर्थ पुरोहित भी हैं। इनका परिवार और इनका समाज 500 वर्षों से मंदिर में सेवा कर रहा है। सरकार इन लोगों पर दबाव डाल रही है।


## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. 1. पाश जिसका अस्त्र है अर्थात वरुण देवता 2. यम 3. बहेलिया।
4. 1. जो मन में बसा हो, प्रिय 2. प्रेमपात्र।
6. 1. बंदर 2. पक्षी, चिड़िया 3. सूर्य।
8. 1. बुराई 2. अहित।
9. परम दयालु, परम कृपालु।
10. 1. अनिश्चयात्मक ज्ञान 2. दुविधा 3. संभावना और असंभावना का मिश्रण 4. संकट की आशंका या संदेह।

**ऊपर से नीचे**

2. तत्काल, अचानक, एकाएक, फटाफट।
3. 1. दानशीलता 2. उदारता 3. दरियादिली।
5. 1. दो या दो से अधिक संस्थाओं
7. 1. किसी बात का परिणाम या फल बताना 2. (ज्योतिष) वे बातें जो व्यक्ति के जीवन पर ग्रहों के प्रभाव के रूप में कही जाती हैं।
8. 1. मानरहित, प्रतिष्ठारहित 2. जिसका मान या अंदाज़ न हो, बहुत, बेहद, अपरिमित 3. सीधा-सादा, गर्वरहित।



### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | थे | रा | | | | 2 अ |
| जू | | | 3 कृ | | 4 ले | न |
| म | | | प | | | जा |
| | 5 हं | 6 त | का | 7 र | | न |
| | | 8 ब | र | प | ना | |
| 9 भु | 10 र | का | | ट | | |
| | न | | | 11 ना | दि | रा |

## सुडोकू -19

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 2 | | | | | |
| 3 | | | | 7 | | | | 8 |
| | 5 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | 4 | 9 | | 1 | 3 | | | 7 |
| | 1 | | 4 | | 5 | | 8 | |
| 5 | | | 6 | 9 | | 2 | 4 | |
| | | 7 | | | 2 | 1 | 5 | |
| 9 | | | | 4 | | | | 3 |
| | | | | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 18 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 5 | 9 | 4 | 1 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अमावस्या-16.00 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मृगशिरा 10.40 तक तत्पश्चात अर्द्रा।



मेष

आज समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आय के नए संसाधन विकसित हो सकते हैं। शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होने की संभावना है। भाग्य आपका साथ देगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।



वृष

आज संतान के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको बड़ी सफलता मिलेगी। मार्केटिंग संबंधी कार्य लाभकारी सिद्ध होंगे। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।



मिथुन

आज आपकी दिनचर्या थोड़ी सुस्त हो सकती है। लेकिन आपको बड़ी जिम्मेदारियों का पालन करना पड़ेगा। दिन की शुरुआत नकारात्मक रहने वाली है। दोपहर के बाद धीरे-धीरे आप काफी अच्छा महसूस करेंगे। विचारशैली में नयापन आयेगा।



कर्क

आज पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा से परेशानी हो सकती है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें। अपने अहंकारी व्यवहार पर नियंत्रण रखें। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं।



सिंह

आज अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें। जॉब में आपकी आय बढ़ सकती है। आज आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। आत्मचिंतन के माध्यम से अपनी कमियों को दूर करेंगे।



कन्या

आज निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। नया कार्य आज शुरू कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।



तुला

आज आपके सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। कारोबारियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। पुरानी उधारी चुकाने में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। संपत्ति की डील से आपको लाभ होगा। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े भावुक हो सकते हैं।




वृश्चिक

आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। आज आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। दूसरों की गलतियां ढूंढने में समय व्यर्थ न करें।



धनु

आज दिन की शुरुआत में जो काम उलझे हुये थे शाम तक उन्हें सुलझाने में सफलता मिलेगी। अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं। पारिवारिक सदस्यों के सुझाव से काम करना हितकर होगा।



मकर

आज जॉब में परिवर्तन का विचार बना रहे हैं तो सफलता मिल सकती है। दिन का प्रारम्भिक भाग तनाव युक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है। कुछ लोग आपके अच्छे कार्यों व योगदान की उपेक्षा कर सकते हैं।



कुंभ

आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी दूसरे के हित प्रभावित हों। प्रेमी जन से मतभिन्नता के कारण झगड़ा हो सकता है। सेहत को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है।



मीन

आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था पर काम करेंगे। नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। प्रतिद्वन्दी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। अपच के कारण आपको परेशानी होगी। सरकारी कार्यों में आपको लाभ होगा।

# अमेरिका, यूरोप से व्यापार समझौते जल्द

## केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए निर्यात को बढ़ाने के प्रयास

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। 2030 तक 2,000 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निर्यात को बढ़ावा देने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और चार देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ब्लॉक के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और ब्रिटेन के साथ बातचीत पूरी हो चुकी है। अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत वास्तव में जारी है और जल्द निष्कर्ष



इंडिया एक्जिम बैंक ट्रेड कॉन्क्लेव को संबोधित करती निर्मला सीतारमण।

- कहा- चार देशों के ईएफटीए ब्लॉक के साथ कर चुके हैं समझौता

पर पहुंच जाएगी। इंडिया एक्जिम बैंक द्वारा आयोजित व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि अब अधिक मुक्त व्यापार समझौते करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने निर्यात संवर्धन मिशन और 'भारत ट्रेड नेट' की बजट में की गई घोषणाओं का भी उल्लेख किया, जो एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना है जो व्यापार दस्तावेजीकरण एवं वित्तपोषण समाधान के लिए एक एकीकृत मंच प्रदान करता है। बजट में उभरते मझोले शहरों और व्यापार सुविधा उपायों में सेवा-आधारित विकास को और अधिक समर्थन देने के लिए वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक राष्ट्रीय ढांचे का भी प्रस्ताव किया गया है।

देश के निर्यात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 2024-25 में वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो 2023-24 की तुलना में 6% की वृद्धि है। जहां वैश्विक निर्यात में केवल 4% की वृद्धि हुई, वहीं भारत के निर्यातक व्यापार मोर्चे पर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद तेजी से आगे बढ़ने और 6.3% की वृद्धि को पार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने निर्यातकों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनसे आग्रह किया कि वे नवोन्मेषण पर ध्यान केंद्रित करें तथा अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशें। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की विश्व निवेश रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति में सुधार हुआ है, वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में 11 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### भारत 'टैरिफ किंग' नहीं, प्रभावी दर बहुत कम

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस आरोप को खारिज कर दिया कि भारत 'टैरिफ किंग' (अत्यधिक शुल्क लगाने वाला देश) है। उन्होंने कहा कि उनके ताजा बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई है और प्रभावी दर बहुत कम है। उन्होंने कहा, जो लोग अब भी अमेरिका में की गई टिप्पणी पर भरोसा करते हैं कि भारत 'टैरिफ किंग' हो सकता है... मैं चाहती हूं कि वे ये बातें याद रखें। हमारी शासन व्यवस्था को देखते हुए हमें शुल्क दर पर निर्णय लेने के लिए संसद की मंजूरी चाहिए... एक निश्चित स्तर तक जाने की अनुमति, लेकिन प्रभावी रूप से हमारी दरें बहुत निचले स्तर पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार भारत को बहुत अधिक शुल्क वाला देश बताया है। ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग और शुल्क व्यवस्था का बड़ा दुरुपयोग करने वाला कहा था। वित्त मंत्री ने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बढ़ाने के लिए 2025-26 के बजट में शुल्क दरों की संख्या घटाकर आठ कर दी गई। सीतारमण ने फरवरी के बजट में सात शुल्क दरें हटा दी थीं। यह 2023-24 के बजट में हटाई गई सात शुल्क दरों के अलावा थी। जो अब भी सोचते हैं कि भारत में शुल्क बहुत अधिक है, तो मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शून्य दर सहित केवल आठ (शुल्क दरें) हैं।

## कमोडिटी में निवेश : रिटर्न-रिस्क का संतुलन



कमोडिटी का अर्थ है- ऐसी भौतिक वस्तुएं जिनका व्यापार अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इनमें प्रमुख रूप से धातुएं (जैसे सोना, चांदी, तांबा), ऊर्जा (जैसे कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस), और कृषि उत्पाद (जैसे गेहूं, चावल, कॉफी) शामिल हैं। कमोडिटी में निवेश एक विविध पोर्टफोलियो बनाने का माध्यम है, खासकर जब शेयर बाजार में अस्थिरता हो। यह निवेश फ्यूचर्स या कमोडिटी एक्सचेंज के जरिए होता है। हालांकि इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है, परंतु इसमें जोखिम भी अधिक होता है।

**कमोडिटी क्या है?**

कमोडिटी वे वस्तुएं हैं जो किसी उद्योग या रोजमर्रा की जरूरत में उपयोग होती हैं और जिनकी मांग-सप्लाई से कीमत तय होती है। इनमें धातुएं- सोना, चांदी, तांबा, जस्ता ऊर्जा। उत्पाद- कच्चा तेल, डीजल, प्राकृतिक गैस। कृषि उत्पाद- गेहूं, चावल, सोयाबीन, कॉफी। भारत में एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) व एनसीडीईएक्स (नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव एक्सचेंज) जैसे एक्सचेंज इनका व्यापार करते हैं।

**कैसे करें निवेश**

- एमसीएक्स या एनसीडीईएक्स में ट्रेडिंग अकाउंट खोलें, ब्रोकर के माध्यम से फ्यूचर्स और ऑप्शंस में ट्रेड करें, कमोडिटी म्यूचुअल फंड/ईटीएफ: जैसे गोल्ड ईटीएफ या एग्री-कमोडिटी फंड्स, सरल तरीका, जिसमें ट्रेडिंग की जरूरत नहीं। फिजिकल इन्वेस्टमेंट: सोने-चांदी को खरीदकर भी निवेश संभव है, हालांकि भंडारण की समस्या होती है।

**निवेश के लाभ**

- **डायवर्सिफिकेशन का विकल्प:** शेयर बाजार में गिरावट के समय कमोडिटी में स्थिरता मिल सकती है। **मुद्रास्फीति से बचाव:** कमोडिटी की कीमतें महंगाई के साथ बढ़ती हैं। **उच्च लाभ की संभावना:** फ्यूचर्स ट्रेडिंग में कम समय में अधिक रिटर्न मिल सकता है।

**निवेश के जोखिम**

- **उच्च अस्थिरता:** अंतर्राष्ट्रीय घटनाएं, मौसम, जियो-पॉलिटिक्स का असर सीधा पड़ता है। **लीवरेज रिस्क:** छोटे मार्जिन में अधिक निवेश किया जाता है, जिससे घाटा बड़ा हो सकता है। **जानकारी:** कीमतें वैश्विक और स्थानीय कारकों पर निर्भर करती हैं।

# भारत की जीडीपी 6.5% रहने का अनुमान

- मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ने जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य मानसून, कच्चे तेल की कम कीमतों और मौद्रिक नरमी को देखते हुए एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया।

एसएंडपी ने प. एशिया में अशांति के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बढ़ते जोखिम की भी चिंता जाहिर की और कहा कि तेल की कीमतों में दीर्घकालिक वृद्धि से धीमी वैश्विक वृद्धि और शुद्ध ऊर्जा आयातकों के चालू खातों, कीमतों व लागतों पर दबाव के जरिये एशिया-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, वैश्विक ऊर्जा बाजारों की वर्तमान स्थिति देखते हुए जहां पर्याप्त आपूर्ति है उससे तेल की कीमतों पर ऐसा दीर्घकालिक प्रभाव पड़ने के आसार नहीं है। एसएंडपी ने पिछले महीने वैश्विक अनिश्चितताओं और अमेरिकी शुल्क झटकों का हवाला देते हुए भारत के वित्त वर्ष 2025-26 के वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

### भू-राजनीतिक तनाव से मुद्रास्फीति पर खास दबाव नहीं

मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये या मुद्रास्फीति पर काफी दबाव पड़ने के आसार नहीं है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा कीमतें पिछले साल की तुलना में कम हैं, जिससे चालू खाता निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव सीमित हो जाएगा। एसएंडपी की अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा कि भारत के लिए एक बड़ी राहत वाला कारक यह है कि ऊर्जा की कीमतें अब भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हैं। एक वर्ष पहले ब्रेंट कच्चे तेल का भाव करीब 85 डॉलर प्रति बैरल था और वर्तमान कीमतें अब भी कम हैं। राणा ने कहा, इससे चालू खाते से धन निकासी और घरेलू ऊर्जा मूल्य दबाव दोनों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

## चीन से आयातित चार रसायन पर लगा डंपिंग-रोधी शुल्क

**नई दिल्ली।** सरकार ने चीन से आयातित चार रसायन पर इस महीने डंपिंग-रोधी शुल्क लगाया है। घरेलू कंपनियों को चीन से सस्ते दाम पर आयातित उत्पादों से संरक्षण देने के लिए यह कदम उठाया गया है। ये शुल्क पेडा (खरपतवार नाशक), एसीटोनिट्राइल (दवा क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाला रसायन), विटामिन-ए पामिटेट और अघुलनशील सल्फर पर लगाया गया है।

राजस्व विभाग के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने इस बारे में अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग ने कहा कि इन रसायनों के आयात पर डंपिंग-रोधी शुल्क पांच वर्ष के लिए लगाया गया है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की सिफारिशों के बाद यह शुल्क लगाया गया है। चीन, रूस और ताइवान से आयातित पेडा पर शुल्क 1,305.6 से 2017.9 डॉलर प्रति टन होगा जबकि एसीटोनिट्राइल पर 481 डॉलर प्रति टन तक का शुल्क लगाया गया है।

# हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने कहा- किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी क्षेत्र में दो कंपनियों का वर्चस्व अच्छी बात नहीं है और हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि देश में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है और सरकार 15 अगस्त से पहले 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को लाइसेंस मुक्त करने के नियम जारी करेगी। इसका इस्तेमाल वाई-फाई और डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए किया जाएगा।

सिंधिया ने कहा कि हमारा काम यथासंभव अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है और प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा संभव कराना है। एक या दो कंपनियों का वर्चस्व ठीक नहीं है। इससे पहले, कार्यक्रम में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व चेयरमैन आरएस शर्मा ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में भी द्वैधाधिकार है और केवल दो सक्रिय सेवा प्रदाता हैं तथा उपभोक्ताओं को किफायती दरों पर ब्रॉडबैंड पहुंच उपलब्ध कराने के लिए और अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की जरूरत है।

भारतीय दूरसंचार क्षेत्र पर वर्तमान में भारती एयरटेल और रिलायंस जियो का प्रभुत्व है जो सक्रिय रूप से 4जी और 5जी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। कर्ज में डूबी वोडाफोन आइडिया ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल याचिका में अपने अस्तित्व को लेकर आशंका जाहिर की है। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल ने अभी तक अखिल भारतीय स्तर पर 4जी और 5जी सेवाएं शुरू नहीं की हैं। सिंधिया ने कहा कि देश में ब्रॉडबैंड, वाईफाई के लिए फाइबर प्रौद्योगिकी है और जल्द ही उपग्रह सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। मंत्री ने कहा कि हमें हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करनी होगी। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार सेवाओं के लिए जल्द ही प्रशासनिक आधार पर उपग्रह कंपनियों को स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

**कर्नाटक में 8 अफसरों के पास 34.9 करोड़ की संपत्ति**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त ने मंगलवार को 8 सरकारी अफसरों के खिलाफ छापेमारी की, जिसमें 34.9 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति का पता चला। समन्वित छापों में, लोकायुक्त के अधिकारियों ने आरोपी अधिकारियों से जुड़े घरों, कार्यालयों और अन्य स्थानों की तलाशी ली। अलीपुर से जुड़े चार स्थानों पर तलाशी में 6.33 करोड़ की संपत्ति का पता चला, जिसमें एक आवासीय भूखंड, तीन मकान, 3.9 करोड़ की चार एकड़ कृषि भूमि, 64.75 लाख का बैंक बैलेंस, एक करोड़ के आभूषण, 35 लाख के वाहन व 40 लाख के घरेलू सामान हैं।

**जम्मू कश्मीर के पुंछ में तलाश अभियान जारी**

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को 12 स्थानों की तलाश ली। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर पुलिस के विशेष अभियान समूह, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह 6 बजे से सुरनकोट और मेंढर में तलाश अभियान चलाया। यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है।

**असम में 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार से तीन करोड़ के मादक पदार्थ जब्त किए गए और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर बताया कि कछार जिला पुलिस ने आईएसबीटी सिलचर के पास दो वाहनों को रोका और उनमें से 576.58 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

# ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना छूट का आधार नहीं

## पत्नी की हत्या के दोषी ब्लैक कैट कमांडो को आत्मसमर्पण की छूट देने से सुप्रीम इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इन्कार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

हाईकोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो हूं। पीठ ने कहा कि इससे आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। आप शारीरिक रूप से फिट हैं और आप अकेले अपनी पत्नी को मार सकते थे, गला घोंट सकते थे। याचिकाकर्ता को गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराया गया था, इसलिए उसे छूट देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी किया और प्रतिवादियों से छह सप्ताह में जवाब मांगा। जुलाई 2004 में अमृतसर की निचली अदालत ने याचिकाकर्ता बलजिंदर सिंह को उसकी शादी के दो साल के भीतर पत्नी की मौत के लिए दहेज हत्या के तहत दोषी ठहराया था।



- शीर्ष अदालत ने मामले में नोटिस जारी कर प्रतिवादियों से छह सप्ताह में मांगा जवाब

### न्याय का उपहास: जमानत के बावजूद व्यक्ति को रिहा नहीं करने पर जेलर तलब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण प्रतिषेध कानून के तहत एक मामले में उसने अप्रैल में जिस व्यक्ति को जमानत दी थी उसे अब तक जेल से रिहा नहीं किया जाना 'न्याय का उपहास' है। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने व्यक्ति द्वारा किए इस दावे का संज्ञान लिया जिसमें कहा गया कि उसे इस आधार पर जमानत पर रिहा नहीं किया गया कि जमानत आदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्मांतरण प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के प्रावधान की एक उपधारा का उल्लेख नहीं था। इसलिए पीठ ने गाजियाबाद जिला कारागार के अधीक्षक जेलर को 25 जून को अदालत के समक्ष प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यह मामला बहुत दुर्भाग्यपूर्ण परिदृश्य प्रस्तुत करता है। पीठ ने उत्तर प्रदेश के जेल महानिदेशक को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने का निर्देश दिया।

# न्यायमूर्ति यादव को हटाने के नोटिस पर 44 सदस्यों के हस्ताक्षर का सत्यापन

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की की पद से हटाने के नोटिस पर कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया

राज्यसभा सचिवालय ने पुष्टि की है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव को उनके घृणास्पद भाषण के लिए पद से हटाने के संबंध में प्रस्ताव लाने का नोटिस देने वाले 55 सांसदों में से 44 के हस्ताक्षर का सत्यापन हो गया है जबकि कपिल सिब्बल और नौ अन्य ने अब तक अपने हस्ताक्षरों का सत्यापन नहीं किया है। सिब्बल नोटिस पर शीघ्र कार्रवाई के लिए मुखर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा सचिवालय से ऐसा कोई ईमेल नहीं मिला है, जिसमें पुष्टि की गई हो कि छह महीनों के दौरान उनके आधिकारिक ईमेल पर तीन बार नोटिस भेजा गया है। सिब्बल ने हस्ताक्षरों के सत्यापन की आवश्यकता और मार्च में देरी से प्रक्रिया शुरू करने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में नोटिस 13 दिसंबर 2024 को प्रस्तुत किया गया था। न्यायमूर्ति यादव को हटाने के लिए 55 सांसदों ने प्रस्ताव के नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन उनमें से एक सदस्य सरफराज अहमद के हस्ताक्षर नोटिस पर दो बार दिखाई दे रहे हैं।

राज्यसभा सचिवालय जांच कर रहा है कि नोटिस पर उनके हस्ताक्षर दो बार कैसे दिखाई दे रहे हैं और क्या वे जाली हैं। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से झामुमो सांसद अहमद इस मुद्दे पर पहले ही राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से मिल चुके हैं और इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने दो बार नहीं बल्कि केवल एक बार हस्ताक्षर किए हैं।

# महाराष्ट्र में वोट की चोरी, मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज हो जारी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विस चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए।

राहुल गांधी ने एक्स पर कहा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 5 महीनों में 5% बढ़ गई। कुछ बूथों पर 20-50% की बढ़ोतरी हुई। बीएलओ ने अज्ञात लोगों के वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना सत्यापित पते वाले मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप - या मिलीभगत!

### भाजपा ने राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भाजपा ने महाराष्ट्र विस चुनावों को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों पर मंगलवार को कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए बिना किसी सबूत के सवाल उठा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राहुल गांधी दोनों ही लोकतंत्र विरोधी और आपातकाल समर्थक हैं।

## लालू प्रसाद यादव फिर राजद अध्यक्ष हुए निर्वाचित

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके संस्थापक लालू प्रसाद को फिर से पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। पार्टी के संगठन चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र पूर्वे ने बताया कि प्रसाद ने एक दिन पहले नामांकन पत्र दाखिल किया था और जांच के दौरान वह सही पाया गया। बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मुख्य विपक्षी दल पर कटाक्ष किया कि प्रसाद के निर्वाचित होने से साबित हो गया है कि राजद पर एक परिवार का नियंत्रण है। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि राजद प्रमुख के बेटे तेजस्वी मुख्यमंत्री नीतीश को उपदेश देना पसंद करते हैं, लेकिन उनमें और उनके परिवार में नैतिकता का अभाव है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, लालू के 13वीं बार अध्यक्ष बनने के साथ राजद ने राजतंत्र स्थापित कर दिया है।

### बारिश बनी मुसीबत



गुजरात के सूरत में 36 घंटे में 400 मिमी से अधिक बारिश हुई, जिससे मंगलवार को शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, कई आवासीय परिसर जलमग्न हो गए। इस दौरान बाढ़ग्रस्त इलाके से गुजरते लोग। एजेंसी

# रक्षा मंत्रालय ने किए 13 खरीद अनुबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना के आतंकवाद रोधी तंत्र को मजबूत करने के लिए शुरू की गई पहल

रक्षा मंत्रालय ने सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को बढ़ावा देने के वास्ते आपात खरीद तंत्र के तहत 1,980 करोड़ रुपये के 13 अनुबंध किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खरीद कार्यक्रम के माध्यम से सेना की एकीकृत ड्रोन पहचान और अवरोधन प्रणालियों को उन्नत किया जा रहा है।

भारत जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की आतंकवाद रोधी रणनीति को मजबूत कर रहा है। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद उसने सात मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह हल्के रडार, बहुत कम दूरी वाली हवाई रक्षा मिसाइलें और लांचर, रिमोट संचालित हवाई वाहन तथा अन्य सैन्य साजो सामान खरीद रहा है। आपात खरीद तंत्र के तहत विभिन्न श्रेणियों के ड्रोन, बुलेट प्रूफ जैकेट और बैलिस्टिक हेलमेट भी खरीदे जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आतंकवाद-रोधी अभियानों के लिए भारतीय सेना की अभियानगत तैयारियों को मजबूत करने के वास्ते एक अहम कदम के रूप में रक्षा मंत्रालय ने आपात खरीद तंत्र के तहत 13 अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय सेना के लिए 2,000 करोड़ रुपये के कुल स्वीकृत परिव्यय के सापेक्ष 1,981.90 करोड़ रुपये की राशि के इन अनुबंधों को अंतिम रूप दिया गया है।

## पीएमएमएल की बैठक में नेहरू के निजी कागजातों का मुद्दा भी उठा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े निजी कागजात से संबंधित मुद्दे पर भी चर्चा हुई। सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही। सोमवार को पीएमएमएल सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की और इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों ने भाग लिया। सोसाइटी की यह अहम बैठक तीन मूर्ति भवन में हुई। अन्य मामलों के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू से जुड़े निजी कागजात का मुद्दा भी चर्चा में आया। एक अन्य सूत्र ने बताया कि सोसाइटी के सदस्य ने सोमवार को बैठक के दौरान इस मुद्दे को केवल उठाया ही था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली स्थित तीन मूर्ति भवन में रहते थे जो उनके निधन के बाद नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय (एनएमएमएल) बन गया।

# कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर की लोकतंत्र की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

आपातकाल को बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश बताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस से हाथ मिलाने वाले द्रमुक, सपा नेताओं और अन्य पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक ऐसी पार्टी के साथ बैठे हैं जिसने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की।

आपातकाल के 50 वर्ष कार्यक्रम में शाह ने कहा कि 25 जून, जिस दिन आपातकाल लगा था, हर किसी को याद दिलाता है कि कांग्रेस सत्ता के लिए किस हद तक जा सकती है। किसी घटना पर चर्चा की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठाने वालों से शाह ने कहा कि आपातकाल जैसी घटना, जिसने संविधान की हत्या की, उसे कभी नहीं भूलना चाहिए, क्योंकि ऐसी परिस्थितियां फिर आ सकती हैं। उन्होंने कहा कि देश कभी भी तानाशाही को स्वीकार नहीं करेगा। आपातकाल को परिभाषित करना कठिन है, लेकिन उन्होंने एक परिभाषा देने की कोशिश की है आपातकाल लोकतांत्रिक देश के बहुदलीय लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने की साजिश थी।



आपातकाल का विरोध करने वाले भाजपा नेता ओपी बब्बर को सम्मानित करते अमित शाह।

- द्रमुक, सपा नेताओं और अन्य पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साध निशाना

उन्होंने कहा कि 1975 के आपातकाल को 50 साल हो गए हों, लेकिन कांग्रेस के अन्याय, अत्याचार और तानाशाही की यादें अभी भी ताजा हैं। आपातकाल लागू होने के बाद देश भर में 1.1 लाख लोगों - विपक्षी नेताओं, छात्र कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और संपादकों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गुजरात और तमिलनाडु में गैर-कांग्रेसी सरकारों को बर्खास्त कर दिया था। शाह ने कहा, जो लोग अब कांग्रेस के साथ खड़े हैं, वे ऐसे लोग हैं जिनकी सरकारें उस समय गिर गयी थीं और जिन्हें 19 महीने तक जेल में रहना पड़ा था। । वहीं इस दौरान शाह ने कई आपातकाल का विरोध करने वाले कई लोगों को सम्मानित भी किया।

# हार-जीत के रोमांचक मोड़ पर पहला टेस्ट मुकाबला

## बेन डकेट ने शतक लगाकर इंग्लैंड को जीत के करीब पहुंचाया, शार्दुल ने दो विकेट लेकर उम्मीद को जीवित रखा



बेन डकेट।

**लीड्स, एजेंसी**

इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में चार विकेट भले ही गंवाये लेकिन सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत की औसत गेंदबाजी का पूरा फायदा उठाकर शानदार शतक के साथ पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और आखिरी दिन अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। जीत के लिये 371 रन के लक्ष्य के जवाब में डकेट ने 170 गेंद में 149 रन बनाए। इंग्लैंड ने खबर लिखे जाने तक पांच विकेट पर 320 रन बना लिए थे। उसे आखिरी सत्र में सिर्फ 47 रन की जरूरत है।

जो रूट 37 और जेमी स्मिथ 08 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों को टीम को जीत तक ले जाने में कोई परेशानी नहीं होती दिख रही है। बायें हाथ के बल्लेबाज डकेट ने सुबह के सत्र में जसप्रीत बुमराह को संभलकर खेला। बुमराह ने 16 ओवर में 55 रन दिये लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। डकेट और जैक क्रॉली (65) ने पहले विकेट के लिये 188 रन की साझेदारी की। लंच के बाद कुछ देर बारिश होने से भारत को फायदा मिला और सुबह नाकाम रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 11 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने क्रॉली को स्लिप में केएल राहुल के हाथों लपकवाया।

इसके बाद पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पोप (आठ) को पवेलियन भेजा। दोहरे झटकों के बावजूद डकेट ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। सुबह के सत्र में बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन दूसरे छोर से सहयोग नहीं मिला । मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर पर इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने दबाव बनाये रखा। डकेट को सिराज की गेंद पर यशस्वी जायसवाल से जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा को पिच से कोई मदद नहीं मिली और डकेट ने उन्हें कई अच्छे रिवर्स स्वीप लगाये। कुलदीप यादव जैसे फॉर्म में चल रहे स्पिनर को नहीं उतारने का भारत को खामियाजा भुगतना पड़ा। शार्दुल ठाकुर ने एक ओवर में डकेट और हैरी ब्रूक (0) को आउट करके भारत को मैच में लौटाने की कोशिश की।


कप्तान शुभमन गिल के साथ भारतीय टीम के अन्य सदस्य तीसरे अंपायर के फैसले का इंतजार करते हुए। ● एजेंसी

## अंपायर के फैसले पर पंत ने जताई असहमति, मिली फटकार

**लीड्स :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंग्लैंड के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अंपायर के फैसले पर असहमति जताने के लिए फटकार लगाई है। हेडिंग्ले टेस्ट में दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पंत को इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान मैदान पर उनके व्यवहार के लिए फटकार लगाई गई। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने बयान में कहा पंत को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.8 का



उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति व्यक्त करने से संबंधित है। इसके अलावा, पंत के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। यह घटना इंग्लैंड की पारी के 61वें ओवर में हुई, जब हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स बल्लेबाजी कर रहे थे। पंत को तब गेंद की स्थिति को लेकर अंपायरों से बहस करते हुए देखा गया। जब अंपायरों ने बॉल गेज से गेंद की जांच करने के बाद उसे बदलने से इनकार कर दिया, तो पंत ने अंपायरों के सामने गेंद को जमीन पर फेंक कर अपनी असहमति व्यक्त की थी। इस मामले में किसी तरह की अनुशासनात्मक सुनवाई नहीं हुई क्योंकि पंत ने अपना अपराध और आईसीसी मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। पंत पर यह आरोप मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और पॉल रीफेल के साथ-साथ तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने लगाया था। आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार तथा अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना है।

## एक नजर

### पीएसजी क्लब विश्व कप के अंतिम 16 में, एटलेटिको मैड्रिड बाहर

**सिएटल :** यूरोप के शीर्ष क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सिएटल साउंडर्स को 2-0 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। सोमवार की रात को खेले गए मैच में पीएसजी ने 35वें मिनट में पहला गोल किया, जब विटिना का शॉट नेट से काफी दूर जाकर टीम के साथी ख्विचा क्वारात्शेलिया से टकराया और डिफ्लेक्ट होकर गोल के अंदर चला गया। चैंपियंस लीग के चैंपियन की तरफ से अशरफ हकीमी ने 66वें मिनट में दूसरा गोल किया। इस जीत से पीएसजी ग्रुप बी में गोल अंतर के आधार पर शीर्ष पर रहकर अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा। इस ग्रुप में शामिल यूरोप की एक अन्य टीम एटलेटिको मैड्रिड को बोटाफोगो पर 1-0 से जीत के बावजूद बाहर का रास्ता देखना पड़ा। बोटाफोगो इस मैच में पराजय के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रहा।

### इंटर मियामी और पाल्मेरास क्लब विश्व कप के अगले दौर में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका) :** पाल्मेरास ने हार्ड रॉक स्टेडियम में इंटर मियामी के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला जिससे दोनों टीम क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रही। दोनों टीमों के लिए मैच का ड्रॉ होना ही नाकआउट दौर में पहुंचने के लिए पर्याप्त था। दोनों टीमों ने ग्रुप ए में चार-चार अंक लेकर अगले दौर में कदम रखा। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी इस मैच में कोई कमाल नहीं दिखा पाए। उन्होंने गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। इसके बावजूद एक समय लग रहा था कि इंटर मियामी 16वें मिनट में तादेओ अलेंदे और 65वें मिनट में अनुभवी लुइस सुआरेज़ के गोल की मदद से 2-0 की बढ़त लेने के बाद जीत हासिल करने में सफल रहेगा।

### गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने करार का नवीनीकरण किया

**नई दिल्ली :** कौशल आधारित ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्सक्राफ्ट की शाखा गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने चार भारतीय खेल संगठनों के साथ अपनी साझेदारी का नवीनीकरण किया है। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गेम्सक्राफ्ट फाउंडेशन ने इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस), अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (एबीएसएफ), गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन और डोला एंड राहुल बनर्जी स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीआरबीएसएफ) के साथ अपना करार जारी रखने का फैसला किया है। फाउंडेशन ने अब तक 140 से अधिक खिलाड़ियों को मदद पहुंचाई है जिन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न खेलों में 190 से अधिक पदक जीते।


प्रयागराज : राजस्थान की कनिष्का टोंगर 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जूनियर महिला भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में भाग लेती हुई। ● एजेंसी

### मुराद सिमरन और अनुष्का यादव ने मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता

**प्रयागराज :** गुजरात के मुराद सिमरन ने मंगलवार को यहां 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियशिप के अंतिम दिन पुरुष 400 मीटर बाधा दौड़ में प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मुराद ने 50.75 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता और 2012 में बनाए दुर्गेश कुमार पाल के 51.26 सेकेंड के प्रतियोगिता रिकॉर्ड में सुधार किया। मदन मोहन मालवीय खेल परिसर में तीन दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने 60.46 मीटर के प्रयास से नए प्रतियोगिता रिकॉर्ड के साथ महिला तार गोला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड 57.09 मीटर का था जो तान्या चौधरी ने 2022 में बनाया था। अनुष्का के नाम 62.89 मीटर का जूनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है जो उन्होंने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

### अनाहत और चिनप्पा की जोड़ी एशियाई स्क्वैश के सेमीफाइनल में

**जोहोर (मलेशिया) :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई स्क्वैश युगल चैंपियनशिप 2025 के महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां एरिना एमास में खेले गये मुकाबले में अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलीपींस की जेमिका एरिबाडो और यवोन एलिसा डालिडा की जोड़ी को मात्र 12 मिनट में 2-0 (11-6, 11-3) से हराया। भारत की अन्य महिला युगल जोड़ी, पूजा अर्थी रघु और रथिका सीलन ने अपने पूल बी मैच में सिंगापुर की विक्की यू यिंग लाई और ग्रेसिया चुआ रुई एन को 2-0 (11-8, 11-9) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि, वे अपना क्वार्टर फाइनल मैच मलेशिया की आइना अमानी और यी शिन यिंग से 2-0 (11-7,11-8) से हार गई।

## टेनिस संघ के अध्यक्ष पर फिजूलखर्ची का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआईटीए की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने कहा एक करोड़ खर्च किए गए
- यात्राओं के नाम पर किया पैसे का दुरुपयोग, पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट जाना भी शामिल

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की वित्त समिति के सदस्य हिरण्मय चटर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि टेनिस संघ ने अध्यक्ष अनिल जैन की विदेश यात्राओं पर 'गलत तरीके से' एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए जिसमें उनकी पत्नी के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए कुछ यात्राएं भी शामिल हैं। इन आरोपों को जैन ने यह कहकर नकार दिया कि वह पत्नी के साथ यात्रा करने के पात्र हैं।

चटर्जी ने यह भी कहा कि एआईटीए के अध्यक्ष ने सितंबर 2024 के चुनावों से पहले सदस्यों के खिलाफ काम किया जिससे संबद्ध इकाइयों को पिछले साल उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा। एआईटीए के खेल उपाध्यक्ष की भी भूमिका निभाने वाले चटर्जी ने कहा कि मई 2022 में वित्त समिति ने पदाधिकारियों के विदेश दौरों के लिए भत्ते में वृद्धि की लेकिन इसे कभी भी कार्यकारी समिति की मंजूरी नहीं मिली। चटर्जी ने पीटीआई से कहा हालांकि मैं सदस्य हूं लेकिन मुझे उस बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्होंने पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों तथा महासचिवों के लिए एकमुश्त राशि बढ़ाकर 700 डॉलर प्रतिदिन कर दी। होटल की सुविधा दिए जाने वाले स्थानों पर यह राशि 300 डॉलर तय की गई जबकि कार्यकारी समिति के सदस्यों के लिए यह राशि 175 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन तथा अधिकतम सात दिन के लिए होटल का वास्तविक खर्च तय की गई। उन्होंने कहा अध्यक्ष भत्ते के हकदार हैं लेकिन अध्यक्ष की पत्नी नहीं। जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पत्नी के साथ कई बार बिजनेस क्लास में ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के लिए यात्रा की और एआईटीए ने गलत तरीके से भुगतान किया।

### जीत की कवायद


जर्मनी में डब्ल्यूटीए बैड होम्बर्ग टेनिस टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच के दौरान टैलीस जैस्मीन पाओलिनी कनाडा की लेयला फर्नांडीज को गेंद लौटाती हुई। ● एजेंसी

## हीली की नजरें लगातार दो विश्व कप जीतने पर

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने आगामी एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने से इनकार कर दिया है।



उन्होंने कहा है कि लगातार चोटिल होने के कारण उनकी कम से कम 2026 में भारत के खिलाफ श्रृंखला तक खेलने की भूख और बढ़ गई है। पैंतीस साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज हीली पिछले साल से ही लगातार चोटों से जूझ रही हैं जिसमें टी20 विश्व कप के दौरान उनके पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर भी शामिल है। इसके बाद घुटने की समस्या के कारण उन्हें कई मैचों से बाहर होना पड़ा। हीली ने स्वीकार किया कि उन्होंने शुरू में इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के बाद संन्यास लेने के बारे में सोचा था लेकिन अब उनका नजरिया बदल गया है। हीली ने ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएटेड प्रेस (एएपी) से कहा शायद यह (संन्यास लेने की तारीख) थोड़ी बदल गई है। इसने (चोटों ने) मुझे एहसास दिलाया है कि मैं अब भी शायद जितना सोचा था, उससे थोड़ा अधिक करना चाहती हूं।

## शाह को जिद्दी समझा था पर निकले अच्छे इंसान : गांगुली

**नई दिल्ली, एजेंसी**


जय शाह। ● एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष के रूप में अपने घटनाप्रधान कार्यकाल को याद करते हुए सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि उन्हें बोर्ड के तत्कालीन सचिव और वर्तमान में आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह से ''एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन'' की उम्मीद थी लेकिन वह उनकी ''ईमानदारी'' और चीजों को व्यवस्थित करने के तरीके से प्रभावित थे।

गांगुली और शाह अक्टूबर 2019 से सितंबर 2022 तक दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में सहकर्मी रहे थे। यह कोविड-19 महामारी का दौर था जिसके कारण कुछ महीनों के लिए खेल गतिविधियां ठप्प पड़ गई थीं। गांगुली ने कोलकाता में कहा उनका (जय शाह) काम करने का अपना तरीका था, पर उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह थी कि वह भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए चीजों को सही तरह से व्यवस्थित करना चाहते थे। इस पूर्व कप्तान ने शाह के गृह मंत्री अमित शाह के बेटे होने के संदर्भ में कहा देखिए, उनके पास ताकत थी, समर्थन था, इसलिए आप उनसे एक खास तरह की सख्ती और जिद्दीपन की उम्मीद करते थे लेकिन उन्होंने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए काफी कुछ किया। यह पहला अवसर था जबकि गांगुली और शाह दोनों बीसीसीआई में एक साथ किसी पद पर थे।



## दिलीप दोशी बल्लेबाजों पर आतंक का पर्याय रहे

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





- पूर्व स्पिनर दिलीप का लंदन में सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया निधन
- सचिन समेत अनेक भारतीय क्रिकेटरों ने शोक जताया

भारतीय क्रिकेटर व बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 साल के थे। भारतीय क्रिकेट समुदाय ने उन्हें यादकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिलीप दोशी 1960 के दशक के आखिर में भारतीय विश्वविद्यालय सर्किट में बल्लेबाजों के लिए आतंक का पर्याय हुआ करते थे जब उनके कलकत्ता विश्वविद्यालय और बाद में बंगाल रणजी टीम के उनके साथी स्वर्गीय गोपाल बोस ने उनसे पूछा था कि क्या वह गैरी सोबर्स को आउट कर सकते हैं। दोशी हमेशा की तरह बेपरवाह थे और उन्होंने जवाब दिया, ''हां, मैं कर सकता हूं।''

दोशी ने इसके कुछ साल बाद विश्व एकादश मैच में सोबर्स को आउट किया लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशर की ओर से कई सत्र वेस्टइंडीज के इस दिग्गज के साथ खेले। वर्ष 1991 में जब दोशी की आत्मकथा 'स्पिन पंच' प्रकाशित हुई तो सर गैरी सोबर्स ने ही इसकी प्रस्तावना लिखी थी, ''दिलीप दोशी के पास उन लोगों को देने के लिए अपार ज्ञान है जो पेशेवर क्रिकेट में उनके रास्ते पर चलना चाहते हैं। उन्होंने दुनिया भर में सभी स्तर पर खेला है और स्पिन गेंदबाजी की कला के बारे में बात करने के लिए उनसे अधिक योग्य कोई नहीं हो सकता।'' महानतम खिलाड़ियों में शामिल सोबर्स ने दोशी की जमकर सराहना की पर भारतीय क्रिकेट के कई रहस्यों की तरह कोई भी यह नहीं समझ सका कि बीसीसीआई ने उनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल क्यों नहीं किया।

### सचिन तेंदुलकर बोले- मुझे उनकी बहुत याद आएगी

**नई दिल्ली :** सचिन तेंदुलकर सहित भारतीय क्रिकेट समुदाय ने बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी को श्रद्धांजलि अर्पित की। तेंदुलकर ने 1990 के इंग्लैंड दौरे में दोशी के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा मैं दिलीप भाई से पहली बार 1990 में ब्रिटेन में मिला था और उस दौरे पर उन्होंने मुझे नेट्स पर गेंदबाजी की थी। वह मुझसे बहुत प्यार करते थे और मैंने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। मुझे उनकी बहुत याद आएगी। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। दोशी के साथ खेल चुके पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने उन्हें ''बेदाग, एक सज्जन व्यक्ति और बेहतरीन गेंदबाज'' के रूप में याद किया। शास्त्री ने कहा उनके परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शांति मिले। दिलीप दोशी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर ने भी अपने प्यारे दोस्त के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने दोशी के सम्मान में काली पट्टी बांधी



**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने मंगलवार को यहां पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन का खेल शुरू होने से पहले पूर्व स्पिनर दिलीप दोशी की याद में एक मिनट का मौन रखा और काली पट्टी बांधी। भारत के पूर्व स्पिनर दोशी का सोमवार को लंदन में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 77 वर्ष के थे। उन्होंने भारत की तरफ से 33 टेस्ट मैच में 114 विकेट लिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया दोनों टीमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोशी की याद में आज काली पट्टी बांध कर खेल रही हैं।

दोनों टीमों ने पांचवें दिन की शुरुआत से पहले एक मिनट का मौन भी रखा। दोशी एक दशक से भी अधिक समय तक इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलते रहे। इस दौरान उन्होंने नॉटिंघमशर और वारविकशर का प्रतिनिधित्व किया।

## रथयात्रा की तैयारी



इस्कॉन के साधु मंगलवार को कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ को रंगते हुए। कोलकाता में इस्कॉन 1972 से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकालता है जहां यह एक प्राचीन वैष्णव उत्सव है। हजारों लोग रथ खींचने में भाग लेते हैं। इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ शहर की सड़कों से गुजरते हैं। एजेंसी

# युद्धों का एक मकसद ये भी...

# दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन



द्वितीय विश्व युद्ध के बाद करीब 50 से अधिक देशों में युद्ध, गृह युद्ध, विदेशी हस्तक्षेप या विद्रोहों के चलते सत्ता परिवर्तन हुए हैं। इनमें सर्वाधिक सत्ता परिवर्तन शक्तिशाली देशों की वजह से ही हुए हैं। भू राजनीतिक स्थिति अपने पक्ष में रखने के लिए शक्तिशाली देश दूसरे देशों में कई तरह से अस्थिरता पैदा करते रहे हैं। खासतौर से अमेरिका ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कई देशों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से युद्ध किए हैं जिनका मुख्य कारण शीतयुद्ध के दौरान साम्यवाद रोकना या राजनीतिक प्रभाव बढ़ाना रहा है। सन् 2001 के बाद आतंकवाद से लड़ना भी एक कारण रहा है। ताजा उदाहरण ईरान है जहां जारी संघर्ष के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलकर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई को हटाकर सत्ता परिवर्तन की मंशा जताई है। ईरान के निर्वासित शहजादे ने सत्ता पर दावेदारी भी कर दी है।

## किन देशों में युद्ध के बाद बदली सत्ता

### जर्मनी में नाजी शासन

सन् 1945 में द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद जर्मनी में नाजी शासन का खात्मा हो गया, साथ ही ये देश दो हिस्सों में बंट गया। पूर्वी जर्मनी सोवियत और पश्चिमी जर्मनी पर अमेरिका, यूके, फ्रांस के प्रभाव वाली नई लोकतांत्रिक सरकारें बनीं।

### जापान में सैन्य शासन

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ही जापान पर अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम गिराए। इसके बाद अमेरिका ने जापान पर कब्जा कर लिया। सैन्य शासन रहने के बाद वहां लोकतंत्र स्थापित किया गया।

### कोरिया का विभाजन

सन् 1950 से 1953 तक कोरियाई युद्ध के बाद इस देश का उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में स्थाई विभाजन हो गया। कुछ समय बाद दक्षिण कोरिया में लोकतंत्र स्थापित हो गया लेकिन उत्तर कोरिया में तानाशाह शासन बरकरार है।

### वियतनाम का एकीकरण

सन् 1955से 1975 के बीच संघर्ष के बाद अमेरिका समर्थित दक्षिण वियतनाम की पराजय हुई, कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम ने देश को एकीकृत किया। ईरान में भी 1979 में अमेरिका समर्थित शाह को उखाड़ फेंका गया।

### अफगानिस्तान-इराक

सन 1979 से 2021 के बीच दूसरे देशों के हस्तक्षेप से आंतरिक संघर्ष के कारण कई उतारचढ़ाव हुए। 2001 में तालिबान शासन हटा और 2021 में फिर बहाल हो गया। इराक में अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को हटाया, इसके बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी।

### जब खुद सीधे युद्ध में उतरा अमेरिका

- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका और सहयोगियों ने जर्मनी में हिटलर को हराकर नाजी शासन का खात्मा किया।
- परमाणु बम गिराने के बाद अमेरिका के आगे जापान ने आत्मसमर्पण किया। अमेरिका ने 1952 तक कब्जा रखा।
- अमेरिका 1950 में दक्षिण कोरिया के समर्थन में युद्ध में उतरा। युद्ध के बाद देश का स्थाई रूप से विभाजन हुआ।
- वियतनाम युद्ध के दौरान अमेरिका ने कम्युनिस्ट उत्तर वियतनाम के खिलाफ दक्षिण का साथ दिया। अमेरिका को हार झेलनी पड़ी।
- अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका ने 9/11 के हमले के बाद तालिबान शासन को हटाया। यहां नई लोकतांत्रिक सरकार बनी। मगर चल नहीं पाई।
- इराक में 2003 में अमेरिका ने हमला कर सद्दाम हुसैन की सत्ता गिराई। लोकतांत्रिक चुनाव हुए मगर अब तक अस्थिरता बनी हुई है।

## एक नजर

### उग्रवादी हमले में खैबर पख्तूनख्वा में पांच की मौत

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक बम निरोधक इकाई को निशाना बनाकर उग्रवादियों ने हमला किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और दो महिलाओं की मौत हो गई। ये महिलाएं एक पिकअप ट्रक में यात्रा कर रही थीं। हमलावरों की गोलीबारी की चपेट में आने से इन महिलाओं की मौत हुई। बम निरोधक इकाई दक्षिणी वजीरिस्तान के मंडिकोल इलाके में सड़क से विस्फोटक हटा रही थी। पुलिस ने बताया कि हमले में आठ लोग घायल भी हुए हैं।

### इंडोनेशियाः आधा टन मादक पदार्थ जब्त, 285 गिरफ्तार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में दो महीने की कार्रवाई के दौरान 29 महिलाओं और सात विदेशियों समेत 285 लोगों को मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में गिरफ्तार किया गया तथा उनके पास से आधे टन से अधिक मादक पदार्थ जब्त किया गया। इंडोनेशिया में मादक पदार्थों से संबंधित सख्त कानून हैं तथा दोषी तस्करों को कभी-कभी गोली मारकर मौत की सजा दी जाती है। इसके बावजूद यह दक्षिण पूर्व एशिया में मादक पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है।

### भारत-नेपाल ने सुरक्षा रक्षा सहयोग पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल ने 23-24 जून को पुणे में सुरक्षा मुद्दों पर द्विपक्षीय सलाहकार समूह की 16वीं बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों प्रतिनिधिमंडलों में विदेश और रक्षा मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय सेना और नेपाली सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। दोनों पक्षों ने सुरक्षा और रक्षा सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे उपकरणों की आपूर्ति, प्रशिक्षण, संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत अभियानों और सैन्य आदान-प्रदान पर सार्थक चर्चा की।

### कोर्ट ने खारिज की इमरान खान की जमानत याचिका

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को नौ मई के दंगों से संबंधित आठ आतंकवाद मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान पर नौ मई, 2023 की हिंसा के संबंध में लाहौर में कई मामले दर्ज हैं, जिसमें अपने समर्थकों को सरकारी और सैन्य भवनों पर हमला करने के लिए उकसाने का आरोप भी शामिल है।

# अमेरिकी खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट पर

## ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद गृह सुरक्षा विभाग ने दी खतरे बढ़ने की चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने ईरानी परमाणु स्थलों पर हमले के बाद खतरे बढ़ने की चेतावनी दी है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) उप निदेशक ने कहा है कि जवाबी हिंसा रोकने के लिए ब्यूरो पूरी तरह तैयार है। न्यूयॉर्क जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने कहा है कि वे हाई अलर्ट पर हैं।

अमेरिकी हमले के बाद से देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए कोई विश्वसनीय खतरा सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा इजराइल और ईरान के बीच घोषित संभावित संघर्षविराम का संभावित खतरों पर क्या असर होगा या ऐसी व्यवस्था कितनी स्थायी होगी। हालांकि हाल के वर्षों में अमेरिकी धरती पर राजनीतिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए ईरान की ओर से उठाए गए कदमों को देखते हुए प्रतिशोध की आशंका बेबुनियाद नहीं है।

हाल के वर्षों में ईरान समर्थित हैकर्स ने अमेरिकी ठिकानों पर भी साइबर हमले किये हैं। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक में ईरान की सबसे आम रणनीति, सामूहिक हिंसा की योजना बनाने के बजाय, सुपारी देकर हत्या की साजिश रचने की रही है। उसका आरोप है कि इसके तहत सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक अधिकारियों और असंतुष्टों की हत्या कराने के लिए रूसी और अन्य गैर-ईरानी लोगों का इस्तेमाल भी शामिल है। तेहरान ने इन साजिशों से बार-बार इनकार किया है, लेकिन एफबीआई और न्याय विभाग द्वारा लगातार इन्हें विफल किया गया है और उजागर किया गया है। सप्ताहांत में जारी डीएचएस बुलेटिन में चेतावनी दी गई कि कई विदेशी आतंकी संगठनों ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी संपत्तियों और कर्मियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया है।



इजराइल के बीरशेबा में मंगलवार कोईरानी मिसाइल हमले में कई लोग मारे गए।

### ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की आशंका

**दुबई।** इजराइल से युद्ध ने इस बात की चिंता बढ़ा दी है कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर कर सकता है, जो सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति क्षेत्र है और हर दिन बड़ी मात्रा में कच्चा तेल इस रास्ते गुजरता है। ईरान में परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले ने इस बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच है, जिसके पास तेज हमला करने वाली नौकाओं का बेड़ा और मिसाइलें हैं, जिनका इस्तेमाल कर वह जलडमरूमध्य को कुछ समय के लिए बंद कर सकता है।

### भारत संघर्ष का समाधान करने में मदद के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान तथा इजराइल के बीच युद्धविराम के दावे करने के कुछ घंटों बाद भारत ने मंगलवार को कहा कि वह स्थिति हल करने के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। भारत ने आगे बढ़ने के लिहाज से बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने पर जोर दिया। भारत ने कहा कि वह समग्र स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित है, लेकिन ईरान और इजराइल के बीच युद्धविराम की रिपोर्ट का स्वागत करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष से संबंधित घटनाक्रम पर रातभर नजर रख रहे हैं, जिसमें ईरान के परमाणु केंद्रों के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई और कतर में अमेरिकी सैन्य ठिकानों के खिलाफ ईरान की जवाबी कार्रवाई शामिल है।

### संरा ने मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव पर जताई गंभीर चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की ओर से कतर के अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर दागे गये मिसाइल हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने गहरी चिंता जतायी है। महासचिव के प्रवक्ता स्तेफ़ान दुजारिक ने बयान में कहा कि श्री गुटेरेस मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और इस हमले से काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि संकट की शुरुआत से ही महासचिव सैन्य तनाव को खतरनाक बताते आये हैं और सोमवार को ईरान द्वारा कतर की जमीन पर किया गया हमला निंदा योग्य है। श्री गुटेरेस ने सभी पक्षों से लड़ाई तुरंत रोकने की अपील की है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने का आग्रह भी किया है।

### क्रेमलिन ने युद्ध विराम टिकाऊ होने की जताई उम्मीद

**मास्को।** रूस ने मंगलवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत किया और आशा व्यक्त की है कि यह (युद्ध विराम) टिकाऊ होगा। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय सह आवास 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने मीडिया को बताया, अगर वाकई युद्ध विराम संभव है, तो इसका स्वागत ही किया जा सकता है। रूसी संघ इस संघर्ष की शुरुआत से ही यही मांग कर रहा है। इसलिए, इसका स्वागत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह एक स्थायी युद्धविराम होगा। पेस्कोव ने कहा कि उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय के बयान देखे, (ईरानी विदेश मंत्री) अब्बास अरागची के बयान सुने, तथा राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप के कई बयान देखे। उन्होंने कहा, अभी तक हमने तेहरान की ओर से कोई अन्य बयान नहीं देखा या सुना है।


# गाजा में मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर इजराइली सेना की गोलीबारी, 25 मरे

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

इजराइली सेना और ड्रोनों ने मंगलवार तड़के मध्य गाजा में सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे सैकड़ों लोगों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए। फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पतालों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों का एक समूह पूर्व-पश्चिम नेत्जारिम से सटे एक इलाके में सैनिकों की ओर बढ़ा, जिसके बाद गोलीबारी की गई। नुसेरात शरणार्थी शिविर में स्थित अवदा अस्पताल ने कहा कि फलस्तीनी लोग वादी गाजा के दक्षिण में सलाह अल-दीन रोड पर ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। हमले में घायल हुए लोगों को इसी अस्पताल में लाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब लोग पूर्व दिशा की ओर ट्रकों के करीब बढ़ रहे थे तो इजराइली सेना ने गोलियां चलायीं। अहमद हलावा ने कहा, यह नरसंहार था। टैंक और ड्रोनों से लोगों पर गोलियां चलायी गईं। कई लोग मारे गए या घायल हो गए। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी हुसैम अबु शहादा ने बताया कि इलाके में ड्रोन उड़ रहे थे। पहले उन्होंने भीड़ पर नजर रखी फिर लोगों के आगे बढ़ने पर टैंक और ड्रोनों से गोलीबारी की। अवदा अस्पताल ने बताया कि 146 फलस्तीनी घायल हुए हैं। उनमें से 62 की हालत गंभीर है, जिन्हें मध्य गाजा में एक अन्य अस्पताल ले जाया गया है।



टेंटों में रह रहे हैं गाजा में लोग।

### युद्ध में अब तक 56 हजार लोग मारे गए

गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस युद्ध में करीब 56,000 फलस्तीनियों की मौत हो गयी है। हमास के सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजराइल में हमला करने के बाद इजराइल ने गाजा में अपना अभियान शुरू किया। हमास के हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे तथा 251 लोगों को बंधक बना लिया गया था। ज्यादातर बंधकों को संघर्षविराम समझौतों के जरिए रिहा कर दिया गया है।

# यूक्रेन में रूसी हमलों में 24 लोगों की मौत, 200 घायल

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन में ड्रोन, मिसाइलों और तोप के जरिये हमले किए, जिसमें कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के अपने प्रयासों के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य सहायता की गारंटी मांगी है।

रूसी सेना ने पूरे युद्ध के दौरान यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर लगातार बमबारी की है। यह इस युद्ध का चौथा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, इस युद्ध में अब तक 12,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यूक्रेन ने भी रूस के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाकर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन दागे हैं। जेलेंस्की मंगलवार को नीदरलैंड के हेग में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले पश्चिमी नेताओं से मिलने वाले थे। जेलेंस्की रूस की विशाल सेना के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के लिए अतिरिक्त सैन्य सहायता प्राप्त करने के इच्छुक हैं। गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच संभावित समझौते को लेकर हाल में हुई शांति वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला है।



हमले की तैयारी करता रूसी सैनिक।

- **यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के आक्रमण को रोकने के लिए पश्चिमी देशों से सैन्य मदद मांगी**

# जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार किया मिसाइल परीक्षण

**तोक्यो।** जापान ने अपने क्षेत्र में पहली बार मिसाइल परीक्षण किया है। देश की सेना ने मंगलवार को यह घोषणा की। जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के 'शिजुनाई एंटी-एयर फायरिंग रेंज' में 'टाइप-88' मिसाइल का परीक्षण किया गया, जो सतह से जहाज पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइल है।

- **चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए सैन्य तैयारी**

अधिकारियों ने बताया कि 'ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' की पहली 'आर्टिलरी ब्रिगेड' के अभ्यास में लगभग 300 सैनिक शामिल हुए, जिन्होंने होक्काइडो के दक्षिणी तट से लगभग 40 किलोमीटर दूर जहाज पर गोलीबारी की थी, जिसमें कोई भी चालक नहीं था। उन्होंने बताया कि अधिकारी अभी परीक्षण के परिणामों की जांच कर रहे हैं। जापान, चीन के प्रतिरोध के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता हासिल करने के लिए अपनी सैन्य तैयारियों को बढ़ा रहा है। जापान इस वर्ष के अंत में 'टॉमहॉक' सहित लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों को तैनात करने की योजना बना रहा है। जापान ने इससे पहले विदेशों में मिसाइल परीक्षण किए हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे उसके रक्षा साझेदारों के क्षेत्र शामिल हैं।

# बीजिंग में चीनी उपराष्ट्रपति हान से मिले डोभाल

- **एससीओ की बैठक में उठाया सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा**

**बीजिंग, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडल के अन्य प्रमुखों के साथ यहां चीनी उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की। एससीओ अधिकारियों के साथ बैठक में झेंग ने सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डोभाल ने अपने संबोधन में सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों को जिम्मेदार ठहराने की बात कही।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हान के हवाले से कहा कि चीन स्थायी सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को बनाए रखने, पारस्परिक लाभ और सबके लिए लाभदायक परिणामों की खातिर कानून के शासन की भावना के अनुरूप एससीओ के अन्य सदस्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। हान ने कहा कि चीन समानता और एकजुटता को बनाए रखेगा, ताकि साझा शासन, सहयोग और क्षमता निर्माण को बढ़ाया जा सके और अनिश्चितताओं और अस्थिरताओं से जूझ रही दुनिया में सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने में एससीओ की भूमिका को और प्रभावी बनाया जा सके।



डोभाल ने एससीओ से सीमा पार आतंकवाद के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया जिसे व्यापक रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग के रूप में देखा जा रहा है। डोभाल ने कहा कि भारत, लश्कर ए तैयबा, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआईएस और इसके सहयोगी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी समूहों से लगातार खतरे को लेकर बेहद चिंतित है।

### नाटो के ऐतिहासिक सम्मेलन के लिए जुट रहे वैश्विक नेता

**द हेग (नीदरलैंड)।** दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन 'उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के ऐतिहासिक सम्मेलन में हिस्सा लेने वैश्विक नेता नीदरलैंड की राजधानी द हेग में जुट रहे हैं। इस सम्मेलन में तय होगा कि रक्षा व्यय में वृद्धि को लेकर संगठन के 32 सदस्य सहमति की ओर बढ़ते हैं या विभिन्न मुद्दों पर दरार और गहरी होती है। सहयोगियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने जीडीपी का पांच प्रतिशत सुरक्षा पर खर्च करने के लक्ष्य का समर्थन करें, ताकि बाहरी हमलों से बचाव के लिए योजनाएं पूरी की जा सकें। अमेरिका के शासनाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप पहली बार सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और उम्मीद की जा रही थी कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह होगा कि अमेरिका कैसे सुरक्षा गठबंधन में अन्य देशों से ऐतिहासिक सैन्य खर्च बढ़ाने पर सहमति प्राप्त करता है। लेकिन अब चर्चा का विषय ईरान में तीन परमाणु संवर्धन सुविधाओं पर हमला करने का ट्रंप का निर्णय है, जिसके बारे में उनके प्रशासन का कहना है कि इससे तेहरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं।

# एसडीजी रैंकिंग में पहली बार भारत शीर्ष 100 में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में प्रगति को लेकर भारत ने पहली बार एसडीजी की सूची में 193 देशों में शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया है। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क की 10वीं सतत विकास रिपोर्ट (एसडीआर) के अनुसार भारत ने 67 अंक हासिल कर 2025 एसडीजी सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया है।

चीन 74.4 अंक से साथ 49वें और अमेरिका 75.2 अंकों के साथ 44वें स्थान पर है। भारत ने इससे पहले 2024 में 109वां स्थान, 2023 में 112वां स्थान, 2022 में 121वां स्थान, 2021 में 120वां स्थान, 2020 में 117वां स्थान, 2019 में 115वां स्थान, 2018 में 112वां स्थान और 2017 में 116वां स्थान हासिल किया था। पड़ोसी देशों में 70.5 अंक के साथ भूटान ने 74वां स्थान, 68.6 अंकों के साथ नेपाल ने 85वां स्थान हासिल किया है जबकि 63.9 अंक के साथ बांग्लादेश 114वें स्थान और 57 अंक के साथ पाकिस्तान 140वें स्थान पर है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश मालदीव और श्रीलंका क्रमशः 53वें और 93वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट तैयार करने वाले लेखकों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य की प्रगति थम गई है।




- **भारत ने 67 अंक हासिल कर वैश्विक सूचकांक में 99वां स्थान हासिल किया**

# बांग्लादेश के लिए 1.3 अरब डॉलर का आईएमएफ ऋण मंजूर

**ढाका।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बांग्लादेश के लिए अपने 4.7 अरब डॉलर के ऋण पैकेज के तहत तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी होने के तुरंत बाद 1.3 अरब डॉलर के वितरण को मंजूरी दे दी है।

आईएमएफ के बयान के मुताबिक ऋणदाता ने 2023 में शुरू किए गए ऋण कार्यक्रम के तहत बांग्लादेश को जून 2024 तक तीन किश्तों में 2.3 अरब डॉलर तक का वितरण किया था। कोष के कार्यकारी बोर्ड ने सोमवार को विस्तारित ऋण एवं निधि सुविधा के तहत बांग्लादेश में वृद्धि और पुनर्रचना के लिए तीसरी और चौथी समीक्षा पूरी करने के बाद मंजूरी दी। इस फैसले से बांग्लादेश को 88.4 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि की तत्काल पहुंच मिल गई है।

**राहत भरी खबर** — हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रमुख डीके सुनील ने दिलाया भरोसा

# भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 में मिलेंगे छह तेजस विमान

## हाल ही में वायुसेना प्रमुख ने उठाया था तेजस की आपूर्ति में देरी का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना को मार्च 2026 तक कम से कम आधा दर्जन हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) 'तेजस' मिल जाएंगे। इन अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का निर्माण कर रही कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के प्रमुख ने कहा है कि तेजस की आपूर्ति में हुई देरी के लिए जीई एयरोस्पेस द्वारा इंजन की आपूर्ति में विलंब जिम्मेदार है।

एलसीए तेजस के एमके-1ए संस्करण की आपूर्ति में देरी का मामला वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने हाल ही में उठाया था, जिसके बाद यह बड़ा मुद्दा बन गया था। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डीके सुनील ने कहा कि यह देरी केवल अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस द्वारा समय पर एफ404 इंजन की आपूर्ति करने में असमर्थता के कारण हुई। एचएएल प्रमुख ने कहा कि जीई एयरोस्पेस द्वारा चालू वित्त वर्ष में 12 इंजन की आपूर्ति किये जाने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना को लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में आसानी होगी।

उन्होंने कहा, हर कंपनी को आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, एलसीए मार्क-1ए के मामले में भी ऐसा ही हुआ है, हमने विमान बना लिए हैं। हमारे पास छह विमान तैयार हैं लेकिन जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति नहीं हुई है। उसे 2023 में इंजन की आपूर्ति करनी थी। अब तक, हमें केवल एक इंजन मिला है। जीई की ओर से देरी शुरू में कोविड महामारी के दौरान उत्पादन में विलंब और उसके बाद कंपनी से कई वरिष्ठ इंजीनियरों के चले जाने से हुई, जिससे आपूर्ति में बाधा पैदा हुई। सुनील के अनुसार, जीई एयरोस्पेस के साथ तकनीकी मुद्दों को सुलझा लिया गया है और एचएएल को मार्च 2026 तक 12 जेट इंजन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आज की तारीख में छह विमान तैयार हैं। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है। हम लगातार इन विमानों का निर्माण कर रहे हैं और इस वित्त वर्ष के अंत तक उन्हें आपूर्ति करने की स्थिति में होंगे।



### मिग 21 की जगह लेगा सिंगल इंजन वाला तेजस

एकल इंजन वाला एमके-1ए भारतीय वायुसेना के मिग-21 लड़ाकू विमानों की जगह लेगा। भारतीय वायुसेना इन लड़ाकू विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है, क्योंकि इसके लड़ाकू स्क्वाड्रन की संख्या स्वीकृत 42 से घटकर 31 रह गई है। तेजस एकल इंजन वाला बहु-उपयोगी लड़ाकू विमान है, जो उच्च खतरे वाले हवाई क्षेत्रों में सक्षम है। इसे वायु रक्षा, समुद्री टोही और हमलावर भूमिकाओं के लिए डिजाइन किया गया है। सुनील ने कहा कि तेजस एमके-1ए विश्वस्तरीय विमान है जो उच्च गुणवत्ता वाले रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली और कई तरह की मिसाइल से युक्त है। इसमें पूरी तरह से अत्याधुनिक एवियोनिक्स और हथियार प्रणाली शामिल है।